वाराणसी, शनिवार, 1 अप्रैल, 2023

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 11, वर्ष 12, अंक 52, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



अन्दर : आईपीएल 2023 का पहला विकेट लेकर शमी ने अपना शतक किया पूरा

अन्दर : समाज के ताने बाने से खिलवाड़ करती 'हेट स्पीच'

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# बिहार के सासाराम में चलीं बम-गोलियां

## रामनवमी के एक दिन बाद बंगाल और महाराष्ट्र में फिर हिंसा

**कोलकाता/सासाराम।** बिहार के सासाराम में रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर शुरू हुआ विवाद शुक्रवार को हिंसक हो गया। दोनों तरफ से जमकर पत्थरबाजी हुई। घरों पर बम चलाए गए। कुछ घरों को आग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस से हालात काबू करने के लिए हवाई फायरिंग करनी पड़ी। पत्थरबाजी में दो पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पूरे सासाराम में धारा-144 लगा दी गई है। मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। उधर, नालंदा जिले के बिहारशरीफ में भी शोभायात्रा को लेकर हिंसा हुई है। शोभायात्रा बिहारशरीफ के हॉस्पिटल मोड़ से बाबी मणीराम के अखाड़ा तक जा रही थी।

**बवाल जारी**

**सासाराम में घरों में आगजनी पुलिस को करनी पड़ी फायरिंग बिहारशरीफ में भी हिंसा**

इसी दौरान गगन दीवान के पास दो पक्ष आपस में भिड़ गए। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी होने लगी। फिर आक्रोशित लोगों ने वाहनों में आग लगानी शुरू कर दी। करीब 1 दर्जन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची है ,लेकिन उपद्रवी बड़ी संख्या में हैं।

**उधर,** बंगाल और महाराष्ट्र में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा और संभाजीनगर में मंदिरों पर पत्थरबाजी की। इससे पहले गुरुवार को



देशभर में रामनवमी के मौके पर राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें भी सामने आई थीं। गुजरात के वडोदरा, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर-जलगांव, पश्चिम बंगाल के हावड़ा-इस्लामपुर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में दो समुदायों के बीच झड़प के बाद पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं। बिहार के सासाराम और नालंदा में भी हिंसा हुई है। यहां शोभयात्रा को लेकर दो गुटों में पत्थरबाजी हुई। घरों पर बम चलाए गए। दोनों जगह पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी। इसमें दो लोग घायल हुए हैं। तीन राज्यों में अब तक 80 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें गुजरात में 24, महाराष्ट्र में 20 और बंगाल में 36 लोग शामिल हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने बंगाल के राज्यपाल से घटना की जानकारी ली है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा और उत्तरी दिनाजपुर जिले में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प हुई थी। 24 घंटे के भीतर शुक्रवार को एक बार फिर शिबपुर में पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। यहां एक वर्ग ने मंदिरों में तोड़फोड़ की है। इसके बाद पूरे इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में हावड़ा और डालखोला में हिंसा की घटनाओं के संबंध में एक जनहित याचिका दायर की है। अधिकारी ने कोर्ट से मामले की एनआईए से जांच और हिंसा प्रभावित क्षेत्र में सीआरपीएफ की तैनाती की मांग की है। मामले पर 3 अप्रैल को सुनवाई होगी। इधर, ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हिंसा की जांच एनआईए से करने की मांग की है। एक दिन पहले भी हावड़ा के शिबपुर और उत्तरी दिनाजपुर जिले में इस्लामपुर शहर के डालखोला में भी हिंसा हुई थी। शिबपुर में दो गुटों में जमकर पत्थरबाजी हुई। वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें घर की छतों से कुछ लोग शोभायात्रा पर पत्थर फेंकते दिख रहे हैं। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल भीड़ ने भी पत्थर फेंके। भीड़ ने आसपास के वाहनों और दुकानों में आगजनी की। शिबपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शोभायात्रा निकाली थी। हिंसा का दूसरा मामला इस्लामपुर शहर के डालखोला का है। यहां भी शोभायात्रा के दौरान दो गुटों में जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच-छह पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

### अंबेडकर विवि में जुलूस के विरोध पर दो गुट भिड़े

रामनवमी पर हिंसा की खबर लखनऊ से भी आई। वहां भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी में छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हुई। यहां एबीवीपी के छात्रों ने राम नवमी पर जुलूस निकाला था। दूसरे गुट ने इसका विरोध किया, जिस पर झड़प हो गई। बाद में दोनों गुटों ने वीसी से कार्रवाई की मांग की। हालांकि यह मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा है।

### मनीष सिसोदिया को फिर से झटका

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला से जुड़े सीबीआई के मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका राउज एवेन्यू की विशेष सीबीआई अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने याचिका खारिज करने का निर्णय सुनाया। अदालत ने सीबीआई और सिसोदिया पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद 24 मार्च को अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। सिसोदिया वर्तमान में सीबीआई के भ्रष्टाचार और ईडी के मनी लॉड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। सीबीआई और ईडी मामले में न्यायिक हिरासत में बंद सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करते हुए अदालत ने पाया कि लगभग 90-100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत का भुगतान उनके और दिल्ली सरकार में उनके अन्य सहयोगियों के लिए था, जबकि इसमें से 20-30 करोड़ रुपये सह-अभियुक्त विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली और अनुमोदक दिनेश अरोड़ा के माध्यम से रूट किए गए हैं।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

C.U.E.T BHU / DU / AU
CHS ENTRANCE EXAM - 2023 9th & 11th
B.Sc. B.Com. B.A. LL.B
Selection 1218 in CUET 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
9335418689, 9335720660

# पीएम की डिग्री दिखाने से जुड़ा आदेश रद्द

## केजरीवाल पर 25 हजार का लगा जुर्माना

नई दिल्ली। गुजरात हाईकोर्ट के सिंगल जज जस्टिस बीरेन वैष्णव ने चीफ इनफॉर्मेशन कमिश्नर (सीआइसी) के 2016 में दिए गए आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश में पीएमओ के जन सूचना अधिकारी (पीआइओ) और गुजरात यूनिवर्सिटी और दिल्ली यूनिवर्सिटी के पीआईओ को मोदी की ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री की डिटेल पेश करने के निर्देश दिए गए थे। कोर्ट ने इस मामले में आप नेता और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर पच्चीस हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया, जिन्होंने पीएम के डिग्री सर्टिफिकेट्स की डिटेल मांगी थी। यह पैसा गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पास जमा किया जाएगा। हाईकोर्ट ने 2 महीने पहले केस की सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीएम नरेंद्र मोदी के मुताबिक उन्होंने 1978 में गुजरात यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन और 1983 में दिल्ली यूनिवर्सिटी से पीजी की पढ़ाई पूरी की। सीएम केजरीवाल ने अप्रैल 2016 में केंद्रीय सूचना आयोग को एक लेटर लिखकर पीएम मोदी की शैक्षिक योग्यता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की थी। उन्होंने लेटर में लिखा कि इस मुद्दे पर किसी भी तरह के भ्रम को दूर करने के लिए डिग्री को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके बाद सीआईसी ने गुजरात यूनिवर्सिटी से पीएम मोदी की एमए डिग्री के बारे में केजरीवाल को जानकारी मुहैया कराने को कहा गया था। सीआईसी के इस आदेश को यूनिवर्सिटी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट में यूनिवर्सिटी की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए थे। उन्होंने कोर्ट में कहा था कि केवल इसलिए कि कोई सार्वजनिक पद पर है, उसकी निजी जानकारी नहीं मांगी जानी चाहिए। लोकतंत्र में इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पद पर आसीन व्यक्ति डॉक्टर है या अनपढ़। कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि क्या देश को जानने का हक नहीं है कि उनके प्रधानमंत्री कितने पढ़े हैं। कोर्ट में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का जबरदस्त विरोध किया। क्यों?

**फैसला**

**दिल्ली सीएम बोले-क्या देश को जानने का हक नहीं है**



### अतीक के भाई अशरफ को फिर प्रयागराज ले जाने की तैयारी, पुलिस टीम पहुंची

**बरेली।** उमेश पाल हत्याकांड में अशरफ को भी साजिश रचने का आरोपी बनाया गया है। इस मामले में प्रयागराज पुलिस को अशरफ को सीजेएम कोर्ट में पेश करेगी। कोर्ट में पेशी कराकर अशरफ का ज्यूडिशियल रिमांड मांगेगी। बरेली जेल में बंद पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ को फिर प्रयागराज ले जाने की तैयारी है। उमेश पाल हत्याकांड में अशरफ को भी साजिश रचने का आरोपी बनाया गया है। इस मामले में प्रयागराज पुलिस को बरेली जेल से अशरफ को ले जाने की अनुमति वहां के सीजेएम कोर्ट से 28 मार्च को ही मिल गई थी। प्रयागराज पुलिस सीजेएम कोर्ट में पेशी कराकर अशरफ का ज्यूडिशियल रिमांड मांगेगी। ज्यूडिशियल रिमांड मंजूर होते ही पुलिस पूछताछ के लिए अशरफ को अपनी कस्टडी में मांगेगी। बताया जा रहा है कि प्रयागराज पुलिस पूछताछ के लिए अशरफ का 14 दिनों का कस्टडी रिमांड मांग सकती है।

# इंदौर हादसा: अब तक 36 की मौत

## मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष पर गैर इरादतन हत्या का केस

**दुखद**

**मंदिर की दीवार और बावड़ी की स्लैब तोड़ी गई**

**इंदौर।** इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में 36 लोगों की जान चली गई। मामले में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सेवाराम गलानी पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। 20 से ज्यादा लोगों का अभी इलाज चल रहा है।

देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। रात 12 से 1.30 बजे के बीच 16 शव और निकाले गए। शुक्रवार सुबह रेस्क्यू दोबारा शुरू किया गया। मंदिर की दीवार और बावड़ी की स्लैब तोड़ी गई। आर्मी और प्रशासन की कई टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रहीं। 53 वर्षीय सुनील नाम के शख्स का शव शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाहर निकाला। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है। घटनास्थल के पास एक धर्मशाला में पटेल समाज के लोग इकट्?ठा हुए थे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार सुबह उनसे मिलने पहुंचे। यहां भीड़ ने हाय-हाय और मुदार्बाद के नारे लगाए। हादसे में पटेल समाज के 11 लोगों की मौतें हुई है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा- जिन लोगों के यहां मौत हुई है, उनके परिवार से सीएम को मिलना चाहिए था। अफसरों ने पहले बताया गया था कि मुख्यमंत्री परिवार से मिलेंगे और उनकी पीड़ा जानेंगे। बाद में कार्यक्रम कैंसिल कर दिया गया। इधर, रीजनल श्मशान पार्क में शुक्रवार को एक साथ कई चिताएं जलीं।

# मौत की चिंगारी बनी मच्छर मारने की क्वाइल, छह मरे

## दिल्ली के शास्त्री पार्क में दर्दनाक हादसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक बड़ी घटना सामने आई है जो हर उस शख्स के लिए खतरे की घंटी है जो अपने घर में मच्छर भगाने के लिए मॉस्किटो क्वाइल जलाता है। दरअसल शास्त्री पार्क में एक ही परिवार के पांच लोगों समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शास्त्री पार्क के जिस घर में हादसा हुआ वहां ग्राउंड फ्लोर पर मकान मालिक का परिवार रहता है और पहली मंजिल पर किराएदार रहते हैं। गुरुवार रात को मकान मालिक ने अपने घर में मच्छर भगाने वाला क्वाइल लगाया जो रात में



एक गद्दे पर गिर गया। गद्दे पर क्वाइल गिरने से आग लग गई और उसका धुआं ऊपरी मंजिल तक पहुंच गया। आग के धुएं से दम घुटने के कारण किराएदार के परिवार के पांच लोगों की सोते हुए मौत हो गई। वहीं आग में झुलसने से मकान मालिक के परिवार के ढाई साल के एक बच्चे की मौत हो गई। इस तरह मकान मालिक के एक बच्चे समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई। मरने वाले छह लोगों में चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा है। वहीं हादसे में दो लोग जलने के चलते घायल हुए हैं। इसमें एक बच्ची 15 साल की और एक पुरुष 45 साल के हैं। 22 साल के एक शख्स को मामूली चोटें आई थीं, जो अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। एजेंसी

### दबोचा गया अमृतपाल का करीबी जोगा सिंह

**चंडीगढ़।** 14 दिन से पंजाब पुलिस खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की तलाश में जुटी है। मगर अभी तक वह गिरफ्त से बाहर है। इस बीच पंजाब पुलिस ने उसके साथी जोगा सिंह को काबू कर लिया है। जोगा सिंह को साहनेवाल के गुरुद्वारा श्री रेडू साहिब के पास से गिरफ्तार किया गया है। सूत्र बताते है कि जोगा सिंह को जालंधर पुलिस ने पकड़ा है। हालांकि अभी गिरफ्तारी के बारे में कोई भी अधिकारी कुछ नहीं बोल रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस के उच्चाधिकारी जल्द ही इस मामले बड़ा खुलासा कर सकते हैं। जोगा सिंह को अमृतपाल सिंह तक पहुंचने में एक अहम कड़ी माना जा रहा है। एक वायरल सीसीटीवी फुटेज में जोगा सिंह को एक मोबाइल के दुकान में बैठा देखा गया था।

# उप्र के आईएएस अफसरों को पदोन्नति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने 1990 बैच के 10 आईएएस अधिकारियों को प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दे दी है। नौ अधिकारी वर्तमान में शासन स्तर पर विभिन्न विभागों के मुखिया हैं। अर्चना अग्रवाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं। 1990 बैच के आईएएस अधिकारियों की पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक गत मंगलवार को मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंजूरी के बाद शुक्रवार को इनकी पदोन्नति के आदेश जारी कर दिए गए। करीब ढाई वर्ष के लंबे इंतजार के बाद इन अफसरों को पदोन्नति मिल सकी है। इन्हें मुख्य सचिव के बराबर नियत वेतनमान 2.25 लाख रुपये (सातवें वेतन आयोग के पे-मैट्रिक्स में लेवल-17) में पदोन्नति दी गई है। शासन में तैनात सभी नौ अधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात होने की वजह से अर्चना अग्रवाल को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। राज्य सरकार ने कार्यवाहक डीजीपी डीएस चौहान को सेवानिवृत्त होने से एक दिन पहले डीजीपी का वेतनमान देने का आदेश जारी कर दिया। उनको कार्यवाहक डीजीपी बनने की तिथि 12 मई 2022 से इसका लाभ मिलेगा। वहीं सेवानिवृत्त होने के बाद डीजीपी के वेतनमान के मुताबिक पेंशन व अन्य भत्ते देय होंगे। गृह विभाग के सचिव बीडी पाल्सन ने उनको पे-मैट्रिक्स लेवल-17 (रुपये 2,25,000) प्रदान करने का आदेश जारी कर दिया है।

नितिन रमेश गोकर्ण, अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन, हिमांशु कुमार, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास, कल्पना अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, रजनीश गुप्ता, अपर मुख्य सचिव राजनैतिक पेंशन एवं नागरिक सुरक्षा, दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा, जितेंद्र कुमार, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, डा. सुधीर महादेव बोबडे, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा, अनीत सिंह, अपर मुख्य सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, सुधीर गर्ग को अपर मुख्य सचिव राजस्व बनाया गया।

**इंतजार खत्म**

**नितिन रमेश गोकर्ण, हिमांशु, कल्पना व दीपक सहित 10 अपर मुख्य सचिव बने**

**डीएस चौहान को सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले मिला डीजीपी का वेतनमान**

### डीजी रैंक के पांच अफसरों का तबादला

लखनऊ। आरके विश्वकर्मा को कार्यवाहक डीजीपी बनाने के साथ राज्य सरकार ने शुक्रवार को डीजी रैंक के पांच अफसरों को इधर से उधर कर दिया। एडीजी प्रशांत कुमार को स्पेशल डीजी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद कानून व्यवस्था और अपराध का स्पेशल डीजी बनाया गया है। साथ ही, ईओडब्ल्यू का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। डीजी सीबीसीआईडी विजय कुमार को निदेशक सतर्कता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डीजी जेल आनंद कुमार को हटाकर कोआपरेटिव सेल भेजा गया है। डीजी पावर कार्पोरेशन एसएन साबत को डीजी जेल बनाया गया है। एडीजी क्राइम रहे एमके बशाल को स्पेशल डीजी पावर कार्पोरेशन बनाया गया है।

# सरकार ने इलेक्टोरल बांड की 26वीं किश्त को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने शुक्रवार को इलेक्टोरल बांड की 26वीं खेप जारी करने को मंजूरी दी। बता दें कि 3 अप्रैल से इलेक्टोरल बांड बिक्री के लिए खुले होंगे। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होगा, जबकि 13 मई चुनाव परिणाम घोषित होंगे। राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने की कोशिशों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में इलेक्टोरल बांड को पेश किया गया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय स्टेट बैंक को बिक्री के 26वें चरण में 3 से 12 अप्रैल तक 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से इलेक्टोरल बांड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है। इलेक्टोरल बांड का आखिरी चरण 19 से 28 जनवरी, 2023 के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आम तौर पर चुनावी बांड ट्रेंच एक निर्धारित महीने की 1 से 10 तारीख के बीच में बिक्री के लिए उपलब्ध होते हैं। बता दें कि चुनावी बांड जारी होने की तारीख से 15 दिनों के लिए वैध होगा।

**सोमवार से होगी बिक्री**



# कानपुर के एआर टॉवर में भीषण आग, 10 अरब का नुकसान

## पांचों टॉवर का निरीक्षण करने पहुंचे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बोले-अग्निकांड में राजनीति न करें, यह दुखद घटना

**कानपुर।** कानपुर में बांसमंडी, हमराज मार्केट के बगल में एआर टॉवर में भीषण आग लग गई। गुरुवार की देर रात हुए हादसे में आग ने विकराल रूप ले लिया। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं। लगभग छह घंटे से टॉवर जल रहा है। इस हादसे में पांच कॉम्प्लेक्स आग से तबाह हो गए हैं।

वहीं इस हादसे पर पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर तंज मार रहे हैं। एक तरफ जहां सपा प्रमुख ने योगी सरकार को घेरा तो वहीं बीजेपी ने भी पलटवार किया है। बताया जा रहा है कि एक अनुमान के मुताबिक 10 अरब से ज्यादा की क्षति हुई है। बता दें कि ये यूपी का सबसे बड़ा रेडीमेड होलसेल बाजार है। दमकल कर्मियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास अभी भी जारी हैं। मौके पर कानपुर कमिश्नर मौजूद हैं। अगल-बगल के जनपदों से भी मदद ली जा रही है। पुलिस के अनुसार, हवा की वजह से आग बुझाने में दिक्कत आ रही है। एयरफोर्स, आर्मी, सीओडी, ऑर्डिनेंस की गाड़ियां भी मौके पर आ चुकी हैं। जल्द ही आग पर काबू पाने की संभावना है। एआर टॉवर में दो दर्जन से अधिक रेडीमेड कपड़ों की होलसेल दुकानें हैं। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी जो धीरे-धीरे भड़कते हुए पूरी बिल्डिंग में फैल गई। पुलिस का कहना है कि आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी। कानपुर, उन्नाव और लखनऊ समेत कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। डीएम और पुलिस कमिश्नर ने सेना के अफसरों से संपर्क किया है। मौके पर आग बुझाने के लिए सेना की गाड़ियां भी पहुंच गई हैं। कानपुर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड, जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी और डीएम मौके पर मौजूद हैं। एयरफोर्स, आर्मी, सीओडी आदि के अधिकारी और गाड़ियां भी मौके पर पहुंच चुकी हैं। बांसमंडी इलाके में लगी आग की सूचना पर डिप्टी डायरेक्टर फायर अजय कुमार गुप्ता, लखनऊ भी मौके पर पहुंच गए हैं। उनके साथ हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड आई है। बता दें कि हाइड्रोलिक प्लेटफार्म गाड़ी कानपुर में तीन साल से खराब पड़ी है। इससे पहले भी एक गाड़ी आई थी, वो भी खड़े-खड़े बेकार हो गई।

अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कानपुर आग पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि कपड़ा मंडी में लगी आग पहले से ही नोटबंदी, जीएसटी के छापों और मंदी की मार झेल रहे व्यापारियों के लिए आर्थिक व मानसिक रूप से एक और गहरी मार है। उप्र भाजपा सरकारव्यापारियों को हुई हानि का तत्काल आकलन कर सच्चे मुआवजे की तुरंत घोषणा करे। साथ ही दमकल की क्षमता का भी आकलन होना चाहिए।

जिलाधिकारी कानपुर विशाख जी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं अनवरगंज में एआर टावर समेत पांच इमारतों में आग लगने की घटना का निरीक्षण करने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कानपुर पहुंचे। उनका ये औचक दौरा रहा। मुख्यमंत्री ने पांचों टावर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा ये दुखद घटना है और इसका राजनीतिकरण करना ठीक नहीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा की सरकार व्यापारियों के साथ है।

**अग्निकांड**

**घंटों जलती रहीं कपड़े की सैकड़ों दुकानें, कई जनपदों से बुलाई गई फायर ब्रिगेड**



जनसंदेश टाइम्स
# वर्गीकृत
## आवश्यकता

**आवश्यकता है**–स्व0 रामदेव चौधरी आदर्श महिला महाविद्यालय इलाईचीपुर जमानियाँ गाजीपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, संस्कृत, गृह विज्ञान तथा राजनीतिशास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवमं प्राचार्य हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों के अंदर भेजे।साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक–7398099974

**आवश्यकता है**– साधना आदर्श रमन एजूकेशन प्वाइंट बघोल जंगीपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, उर्दू, गृह विज्ञान तथा प्राचीन इतिहास विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवमं प्राचार्य हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों के अंदर भेजे।साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक–7398099974

**आवश्यकता है**–आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय अरसदपुर जंगीपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय (एमएससी) हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान,गणित विषयों में तीन -तीन पद प्रवक्ताओं हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21दिनों के अंदर भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक
9984520956

**आवश्यकता है**– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध–ओमजी महाविद्यालय गौरा, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में शारीरिक शिक्षा में–02 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान में 03-03, अंग्रेजी, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास में 02-02 तथा विज्ञान संकाय में गृह विज्ञान (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) में 03 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान / महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
**मनोज कुमार सिंह प्रबंधक**

**आवश्यकता है**– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध–माता तेतरा देवी सच्चिदानन्द गर्ल्स डिग्री कालेज अलीपुर मदरा, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत संस्कृत एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान (चाइल्ड डेवलपमेंट) में 03-03 तथा हिन्दी, समाजशास्त्र में 02-02 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान / महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
**ओमकार सिंह प्रबंधक**

**आवश्यकता है**– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध–शाश्वत सूर्यवंशी महाविद्यालय अतिगावां, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गणित में 02-02 एवं रसायन विज्ञान में 03 प्रवक्ताओं की तथा बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में 06-06 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान /महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
**मनोज कुमार सिंह प्रबंधक**

**आवश्यकता है**– वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध–ओमजी महाविद्यालय गौरा, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान में 03-03, गणित विषयों में 02 प्रवक्ता एवं वाणिज्य संकाय के एम.काम. पाठ्यक्रम में 06 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान/महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
**मनोज कुमार सिंह प्रबंधक**

**आवश्यकता है**– स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत रामसुभग किसान महाविद्यालय, जगदीशपुर, सरायमीर, आजमगढ़ में बी.एड पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष–1, शिक्षा के परिपेक्ष्य–4, शिक्षण विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा भाषा)–8, स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा–1, ललित कला–1, निष्पादन कला (संगीत /नृत्य)–1 पद प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान– यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीन फोटोग्राफ दो प्रति के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर भेजे। प्रबंधक रामसुभग किसान महाविद्यालय, जगदीशपुर, सरायमीर, आजमगढ़।
**प्रबंधक, मो. 9450115384**


## संक्षेप

### पेशकार, बाबू और स्टेनो को दी गई विदाई



**वाराणसी।** एमपी-एमएलए कोर्ट के पेशकार रहे राजेश कुमार शर्मा और एक अन्य बाबू नशीमुल हक व स्टेने सुनील कुमार गुप्ता के सेवानिवृत होने पर शुक्रवार को उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर एमपी-एमएलए एसीजेएम प्रथम उज्ज्वल उपाध्याय सहित कर्मचारी दीपक सिंह, निर्मल यादव, सौरभ दीक्षित, दिलीप चौहान, संदीप यादव, राम प्रकाश मिश्र, शंकर चटर्जी के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद थे। सेवानिवृत्ति पर सभी को शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विदाई दी गई।

### सहकारी संघों में निर्विरोध चुने गये अध्यक्ष

**पिंडरा/ चिरईगांव।** सहकारी संघों के अध्यक्षों का चुनाव शुक्रवार को गहमा-गहमी के बीच हुआ। कई जगह मान-मनौवल कर नामांकन कराना पड़ा। पिंडरा ब्लॉक के मंगारी में दिनेश सिंह, पिंडरा में छेदी सिंह और सिंधोरा सहकारी संघ में अशोक सिंह 'गुड्डू' निर्विरोध चुने गए। उमेश सिंह, राजेश सिंह तथा गौरव सिंह आदि भी रहे। चिरईगांव विकास खंड के जाल्हूपुर में विनोद सिंह, बरियासनपुर में आनंद मौर्य बर्थराकला में रामजनम मिश्र और सथवां में शमशेर सिंह का चुनाव निर्विरोध किया गया।

### मुख्य सचिव करेंगे तैयारियों की समीक्षा

**वाराणसी।** इसी माह आरंभ होने वाली जी-20 सम्मेलन की पहली बैठक आगामी 17 से 19 अप्रैल तक चलेगी। इसके लिए पूरे शहर में युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए एकओर जहां शहर को सजाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर हर स्तर पर अन्य कवायद भी किया जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र इसी सप्ताह वाराणसी का दौरा करेंगे। वह अबतक हुई तैयारियों की समीक्षा के साथ ही कई स्थलों का मौका-मुआयना भी करें। उम्मीद जतायी जा रही है कि श्री मिश्र का आगमन पांच अप्रैल को होगा।

### वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन आज

**वाराणसी।** नगरीय निकायों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाश शनिवार को होगा। जनपद में इसके लिए तहसील स्तर पर रात तक राज्य निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर संबंधित सूचनाएं अपलोड करने के लिए विकास भवन में कर्मचारी जुटे रहे। मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम मार्च में आरंभ हुआ था। जिसके तहत 11 से 17 मार्च तक दावा-आपत्तियां ली गयीं। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निबटारा 18 से 22 मार्च कर किया गया। उसके बाद वोटर लिस्ट में संबंधित संशोधन आदि सुनिश्चित कराया गया। अब एक अप्रैल को नगरीय निकाय की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।

### महिला का गहना लेकर उचक्का फरार, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर इलाके में रहने वाली कमलेश देवी नामक महिला के घर बीती 27 तारीख को दो युवक पहुंचे। दोनों युवकों ने खुद को साबुन कंपनी में काम करने वाला कर्मचारी बताया और साबुन से गहनों की सफाई करने की बात की। दोनों युवकों की बातों में आकर महिला ने अपने कान का झुमका निकालकर सफाई करने के लिए उन्हें दे दिया। इस बीच दोनों युवकों ने महिला से घर में रखे और गहनों को लाने के लिए भेजा। महिला घर में गई और वापस बाहर लौटी तो दोनों घर के बाहर से गायब हो गए थे। दोनों युवकों को गायब देख महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद लोग आ गए लेकिन दोनों का पता नहीं चला' महिला की शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार को दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### साड़ी कारोबारी की हत्या करने वालों पर गैंगस्टर लगा

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ी तालाब इलाके में रहने वाले साड़ी कारोबारी महमूद आलम की अपहरण कर हत्या कर शव फेंकने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। भेलूपुर प्रभारी निरीक्षक रमाकांत दुबे की शिकायत पर जिला कारागार में निरुद्ध बड़ी पियरी चौक के रहने वाले अनिरुद्ध पांडे, बड़ा लालपुर पांडेपुर की रहने वाली दिव्या सिंह उर्फ अंजली पांडे और प्रेम चौहान पहाड़िया के रहने वाले के खिलाफ गिरोह बंद अधिनियम के तहत करवाई की गई।

### मुंबई पुलिस ने मंडुवाडीह में की छापेमारी

**वाराणसी।** मंडुवाडीह क्षेत्र के भगवान नगर कॉलोनी (भिटारी) में शुक्रवार की शाम दिलीप सिंह नामक आरोपी के यहां मुंबई पुलिस ने मंडुवाडीह पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। आरोपी दिलीप ने मुंबई के मीरा रोड निवासी एक व्यक्ति से लाखों रुपये बिजनेस के नाम पर लिया था, रुपये वापस न करने पर उसने मुंबई पुलिस को सूचना दी। जिसपर मुंबई पुलिस के उपनिरीक्षक सचिंद्र जाधव अपनी टीम के साथ वाराणसी पहुंचे और मंडुवाडीह पुलिस के सहयोग से छापेमारी की, लेकिन आरोपी के न मिलने पर मुंबई पुलिस वापस लौट गयी।

### आकाशीय बिजली से एक की मौत

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र सुगनहां गांव निवासी प्रमेश पटेल (33) शुक्रवार की शाम 7:30 बजे सिसवां पोखरा के रास्ते सुगनहां अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में अचानक आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाने से बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल प्रधान प्रतिनिधि चंदू पटेल के सहयोग से उसे नजदीकी चिकित्सालय ले गए। जहां डॉक्टरों ने दीनदयाल ले जाने की सलाह दी। दीनदयाल के डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, मृतक दो बच्चों का पिता था।

### नगर आयुक्त ने योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की

**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरि द्वारा वीडीए सभागार में जी-20 के आयोजन के अंतर्गत कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान वेंडर दिनेश मौर्या अपनी टीम के साथ मौजूद थे। इनके द्वारा बताया गया कि शहर में हॉर्टिकल्चर के कार्य स्ट्रीट वाइज प्रगति पर हैं नगर आयुक्त द्वारा इस कार्य को युद्ध स्तर पर तेजी से करने जाने का निर्देश दिया गया। बताया गया है की फसाड़ लाइट के कार्य रूट वाइज प्रगति पर है इस कार्य को भी नगर आयुक्त द्वारा तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर नगर आयुक्त राजीव राय, अधिशासी अभियंता अजय कुमार राम, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार, दिनेश मौर्या, हॉर्टिकल्चर वेंडर की टीम व आयुष मल्होत्रा मैंसर्स अमर इलेक्ट्रिक कंपनी आदि लोग मौजूद थे।

### संस्था की उन्नति में पुरातन छात्र की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. रेखा

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग में शुक्रवार को तृतीय पुरातन छात्र समागम का आयोजन हुआ। अध्यक्षता प्रोफेसर ब्रजेश कुमार सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा ने कहा कि शिक्षा के साथ बदलाव की जरूरत है शिक्षा को रोजगारपरक और आत्मनिर्भर बनाने वाला होना चाहिए। वर्तमान में समाजशास्त्रियों के सामने यह चुनौती है कि वह अपने विषय को कैसे रोजगारपरक बनाए। संस्था की उन्नति में पुरातन छात्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि प्रो. आनंद मूर्ती मिश्रा ने विभाग की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए विभाग के शिक्षकों के योगदान एवं विकास के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्रो. सरिता सिंह ने कहा कि शिक्षक हमेशा विद्यार्थी होता है, समाजशास्त्र के अध्ययन के बिना किसी विषय की पढ़ाई पूरी नहीं होती है। प्रो. अरविंद सिंह ने कहा कि कठोर मेहनत और विद्या अध्ययन के द्वारा भाग्य बदला जा सकता है, एलुमनी सेल के निदेशक प्रो. नलिनी श्याम कामिल ने कहा कि किसी भी संस्थान में पुरातन छात्र एसोसिएशन अहम भूमिका निभाता है। संचालन डॉ. विनोद कुमार व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. आभा सक्सेना ने किया।

# अभिनेत्री आकांक्षा की मां ने समर्थकों संग थाना घेरा

**न्याय की गुहार**

**जांच प्रकरण में हीला हवाली का लगाया आरोप**



थाने के बाहर खड़ीं अभिनेत्री की माता व समर्थक

**सारनाथ।** सारनाथ थाने पर भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां के साथ शुक्रवार को पहुंचे परिजन और दर्जनों लोगों ने थाने का घेराव किया। अभिनेत्री की मां ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के इतने दिन बीत गए लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो पा रही है? मां मधु दुबे ने सारनाथ पुलिस पर हीला हवाली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस आरोपियों को बचाने में जुटी है। पुलिस ने घटना वाली रात आकांक्षा के कमरे में पहुंचने वाले संदीप सिंह नामक युवक को क्यों छोड़ा है? आकांक्षा दुबे ने आत्महत्या नहीं की बल्कि होटल प्रबंधन ने आरोपी को पहले से ही होटल के कमरे में बैठा रखा था। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की हत्या व आत्महत्या की गुत्थी अभी पुलिस सुलझाने में नाकाम दिख रही है। घटना को बीते पांच दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी भी पुलिस के हाथ खाली है। आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस के हाथ अभी तक आरोपी भोजपुरी सिंगर समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह तक नहीं पहुंच सके हैं। जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं इस पूरे मामले में स्थानीय नेता भी आकांक्षा की मां के साथ शुक्रवार को सारनाथ थाने पहुंचे। जनसत्ता दल के जिला अध्यक्ष राजन त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस प्रशासन के लचर कार्रवाई से अभी तक एक भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई। आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। मामले में एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे, जिसके बाद मृतिका की मां समर्थकों संग थाने से निकली।

### मारपीट में एक को तीन साल की सजा, दूसरा दोषमुक्त

वाराणसी। अपर सत्र न्यायाधीश पंचम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने शुक्रवार को जैतपुरा थाना क्षेत्र के बाकरियाकुंड के एक मामले में जहां अभियुक्त इमरान को दोषी पाते हुए तीन वर्ष और चार हजार रुपए की सजा सुनाई वहीं दूसरी ओर भाई जुल्फेकार को दोषमुक्त कर दिया। अदालत में अभियोजन की तरफ से एडीजीसी ओमकार नाथ तिवारी और बचाओ पक्ष की तरफ से अधिवक्ता विकास यादव व रोहिणी सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार वादी फुरकान अहमद ने 11 मार्च 2012 को जैतपुरा थाने में इस आशय की प्राथमिकी दर्ज कराई थी की दस बजे दिन में संपत्ति विवाद को लेकर उसे लाठी डंडे लात घूंसे से मारा पिटा गया, जिससे उसे काफी चोट आई। मामले में अदालत के आदेश पर जुल्फेकार और मुख्तार के खिलाफ भी गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था, विचरण के दौरान मुख्तार की मौत हो गई, इमरान को मारपीट का दोषी पाया गया और जुल्फिकार को अदालत ने बरी कर दिया।

# शराब की दुकान खुलने का महिलाओं ने किया विरोध



**वाराणसी।** मंडुवाडीह क्षेत्र के भुल्लनपुर में शुक्रवार को देसी शराब की दुकान खुलने से पूर्व ही इलाके की दर्जनों महिलाओं ने दुकान के सामने विरोध प्रदर्शन किया। भुल्लनपुर जीटी रोड के समीप नई देसी शराब की दुकान खोलने के लिए अनुज्ञापी के कर्मचारी दुकान में रैक व जाली लगवा रहे थें। इसकी भनक जब आसपास की महिलाओं को लगी तो वह दोपहर में उक्त दुकान के सामने हंगामा करने लगी। महिलाओं का आरोप था कि समीप ही एक निजी कॉन्वेंट स्कूल है और इस शराब की दुकान के खुलने से इलाके के लोगों और बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा। सूचना पाकर पहुंचे मड़ौली चौकी इंचार्ज ने महिलाओं को समझा बुझा कर वहां से हटाया और कहा कि आप लोग इस मामले में जिलाधिकारी को पत्रक लिखकर दीजिये।

# पुलिस अभिरक्षा से गायब युवती के परिजनों का थाने पर हंगामा

**पिंडरा।** फूलपुर थाने से पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार युवती का पता न चलने से परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस के मत्थे आरोप लगाया और हंगामा किया। बताते चले कि जौनपुर जिले के केराकत क्षेत्र की एक युवती नाराज होकर अपने घर से बुधवार को गायब हो गयी थी, जो बीती रात फूलपुर पुलिस के कस्टडी में थी। सूचना पर परिजन थाने आये थे किंतु उन्हें पुलिस ने सुपुर्द नहीं किया और गुरुवार को वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गयी। पुलिस युवती के परिजनों को पूरे दिन उलझाए रही किंतु उन्हें देर रात तक संतुष्ट नहीं कर पाई तो वे घर लौट गए। शुक्रवार को युवती के परिजन दोबारा थाने पहुंचकर सुपुर्दगी की मांग करने लगे इसके लिए हंगामा भी किया किन्तु पुलिस मूक बनी रही। इस बाबत फूलपुर थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष विवेकानंद द्विवेदी ने बताया युवती के लोकेशन पर बराबर नजर रखी जा रही है शीघ्र सफलता मिलने की उम्मीद है।

### तीन शातिर वाहन चोरों पर गैंगस्टर

**वाराणसी।** चितईपुर पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चोरों पर शिकंजा कसने के लिए तीन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। जिसमें विशाल सिंह सादुल्लापुर चकिया, आदित्य पालपुर साहबगंज चकिया, सलमान खुर्शीद अमरा चकिया चंदौली पर कार्रवाई की गई है। चितईपुर थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा की शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ गिरोह बंद अधिनियम के तहत करवाई की है।

# जाली नोट मामले में दस वर्ष की कठोर सजा

**वाराणसी।** अपर सत्र न्यायाधीश (पंचम) मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने दस लाख रुपये के जाली नोट बरामदगी के कैंट थाने के मामले में शुक्रवार को अभियुक्त बिहार के गया निवासी प्रभात कुमार अग्रवाल को दोषी पाते हुए दस वर्ष की कठोर कैद व सत्तर हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। एडीजीसी ओंकार नाथ तिवारी के मुताबिक पुलिस उपाधीक्षक एटीएस पूर्वी जोन अनुराग दर्शन ने 29 नवंबर 2012 को कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, भारतीय अर्थव्यवस्था को छिन्न भिन्न करने के लिए भारतीय जाली मुद्रा के लेनदेन की सूचना पर होटल इंडिया के पास अपने पीठ पर एक पिट्ठू बैग लिए जाता युवक दिखाई दिया। उसे पकड़ कर पूछताछ की गई। तब उसने अपना नाम प्रभात कुमार अग्रवाल बेलागंज गया बिहार नुवासी बताया। पीठू बैग कि जांच के दौरान एक हजार के आठ सौ पचास नोट और पांच सौ के तीन सौ नोट कुल दस लाख रुपये जाली नोट बरामद किए गए। विचारण के दौरान अभियुक्त कोई वाजिब स्पष्टीकरण नहीं दे सका। अदालत ने कहा दस लाख रुपए के जाली नोट लेकर कोई भी व्यक्ति सौकिया तौर पर रोड पर अपने जिले से बहुत दूर किसी दूसरे राज्यों में केवल घूमने सैर करने तो नहीं आया होगा, बल्कि स्पष्ट रूप से इन जाली नोटों को वाराणसी शहर में खपाने का उसका उद्देश्य था। अभियोजन ने सजा के बिंदु पर कहा कि अभियुक्त जाली नोटो के कारोबार में कई वर्षों से संलिप्त था, उसे कठोरतम दंड दिया जाये ताकि अपराधियों को सीख मिल सके। अदालत ने कहा कि भारी मात्रा में जाली नोट का बरामद होना देश की आर्थिक स्थिति व सुरक्षा तथा देश की समाजिक स्थिरता के लिए बेहद घातक है। ऐसे में अभियुक्त को दस वर्ष की कड़ी कैद की सज सुनाई जाती है।

**विशेष शिविर** (राष्ट्रीय सेवा योजना) महाविद्यालय कोड 470 **मां विंध्यवासिनी इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी मुस्किरा ककरद दीपनगर मड़िहान मिजार्पुर।** विशेष शिविर के पांचवें दिन शिविरर्थिवो की दिनचर्या का प्रारंभ नित्य क्रिया योग साधना एवं प्रार्थना से हुआ कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय ऐतिहासिक शिव मंदिर कचारनाथ( मलिन बस्ती कुहुकी) व आसपास के क्षेत्र में सफाई का कार्य किया गया! बौद्धिक परिचर्चा में पर्यावरण एवं जागरूकता विषय पर अनेक क्षेत्रों से विशेषज्ञ ने स्वयंसेवकों को अपने उद्बोधन द्वारा लाभान्वित किया इस अवसर पर विंध्यवासिनी कन्या इंटर कॉलेज मुस्करा के प्राचार्य श्री उमाकांत मिश्र जी ने स्वयंसेवकों को भगवान भोलेनाथ की महिमा के बारे में बताया श्री मिश्र जी ने बताया कि सच्चे मन से जो भी कचारनाथ महादेव का दर्शन पूजन करने करने से मनोकामना की पूर्ति होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक कल्याणजी मिश्र ने की कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक वर्मा ने किया कार्यक्रम के अंत में डॉ सुमन आर्यन (कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### साइकिल टकराने पर चाकू से किया हमला

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के संकुल धारा इलाके में शुक्रवार की सुबह दो साइकिल की आपस में टक्कर हो गई। इस दौरान दोनों साइकिल सवार युवकों में बात बात में ही नोकझोंक भी शुरू हो गई। साइकिल सवार युवक ने चाकू से दूसरे युवक पर हमला कर दिया। संजोग अच्छा रहा कि चाकू चलाते ही उसका हाथ पकड़ लिया गया। जिससे दूसरे युवक को गले पर हल्का सा खरोच आया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस हमला करने वाले युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ में लग गई। चौकी प्रभारी खोजवां ने बताया कि चाकू चलाने वाला युवक मानसिक रूप से परेशान है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: क्र.सं.1- ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण- टेण्डर नं.- "40-[illegible]-2022-23-1", [illegible] गोरखपुर" अनुमानित लागत (₹ में): ₹ 4,59,35,040.00, धरोहर राशि (₹ में): ₹ 3,79,700.00, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि- 19.04.2023, 11:00 बजे, निविदा प्रपत्र का मूल्य- ₹ शून्य, संविदा की अवधि- 12 माह। नोट: उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या https://www.ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य/यांत्रिक कारखाना [illegible] गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद–भदोही

संख्या 01/न0पा0प0गो0/2023 दिनांक 29 .03 .2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गोपीगंज में पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत सामाजिक आर्थिक रूपरेखा की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु दक्ष संस्था से मैन्यूवल विधि के माध्यम से प्रतिशित दर के आधार पर निचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदा 10 .04 .2023 को अपराह्न 3 :00 बजे तक प्राप्त किया जायेगा जिसे तत्काल बाद अर्थात अपराह्न 3 :30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 08 .04 .2023 तक निर्धारित मूल्य जमा कर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा के सम्बंध में विस्तृत शर्तें एवं जानकारी कार्यालय दिवस में सम्बंधित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र सं. | कार्य का नाम | आगणन राशि (लाख रु. में) | धरोहर राशि (10%) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पी0एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों के आर्थिक रूप–रेखा, आवास अन्य सम्पत्ति स्वास्थ्य योजनाओं से आच्छादन, विकलांगता की स्थिति, शिक्षा, कौशल रोजगार तथा अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों से सम्बंधित सूचनाओं के सर्वे कार्य/डाटा कलेक्शन एवं जन–जागरूकता सम्बंधित कार्य। | 5 .00 | 50000 .00 | 1000 .00 | 03 माह |

**नोट–दिनांक 06 .03 .2023 को प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।**

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, गोपीगंज

**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी (स्था0नि0)**
नगर पालिका परिषद, गोपीगंज


# सपा के पूर्व विधायक को कोर्ट से नहीं मिली राहत

**वाराणसी।** विशेष न्यायालय एमपी-एमएलए अवनीश गौतम की कोर्ट से पूर्व सपा विधायक गोरख नाथ पासवान को राहत नहीं मिली। कोर्ट ने शुक्रवार को आरोपी की अपील खारिज करते हुए सात अप्रैल को सबंधित अवर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से एडीजीसी विनय सिंह ने पैरवी की। पिछले साल आठ अगस्त को एसीजेएम एमपी एमएलए कोर्ट ने दस साल पहले ट्रेन रोकने के मामले में आरोपी तत्कालीन सपा विधायक गोरख नाथ पासवान को दोषी पाते हुए तीन माह की सजा सुनाई थी। साथ ही अदालत ने आरोपी पर साढ़े चार हजार रुपया जुमार्ना भी लगाया था। इस फैसले के खिलाफ आरोपी पूर्व विधायक ने सत्र न्यायालय में अपील की थी, जिसपर सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी की अपील निरस्त कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरपीएफ मऊ के एसआई डीके शर्मा ने अप्रेल 2012 में रिपोर्ट दर्ज कराया। आरोप लगाया की चार अप्रैल 2012 को वाराणसी-गोरखपुर रेल प्रखंड पर बनकरा गांव के पास रेल फाटक बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सपा विधायक गोरख पासवान के नेतृत्व में इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को बिल्थरा रोड तथा किड़िहरापुर रेलवे स्टेशनों के बीच करीब 18 मिनट तक रोके रखा था। बाद में रेल यातायात सुचारु हो सका। इसके बाद परिचालक के शिकायत पर एसआई ने सपा विधायक गोरख पासवान तथा कई अन्य लोगों के खिलाफ रेल अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। लोअर कोर्ट में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजन अधिकारी केके मिश्रा व मऊ आरपीएफ पैरोकार संजय कुमार मिश्रा ने छह गवाह पेश किए थे। उसके बाद अदालत ने आरोपी पूर्व विधायक को दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी।

# मूसलाधार बारिश से अन्नदाताओं की रही-सही उम्मीद भी खत्म

**अफसोस**

**एकबार फिर शुक्रवार की शाम आंधी-तूफान के साथ हुई वर्षा ने उड़ाई किसानों की नींद**

**वाराणसी।** गत दिनों हुई बेमौसम की बारिश और आंधी-तूफान के कारण फसलों को हुए नुकासन का आंकलन का सिलसिला जारी ही था कि शुक्रवार की शाम एकबार फिर आए तूफान संग मूसलाधार बारिश से मानो किसानों की कमर ही टूट गई। जो दस-बीस फीसदी फसल के दाने खेत से घर में दाने लाने की उम्मीद की जा रही थी वह भी जैसे समाप्त हो गयी। गेहूं और सरसों को तो नुकसान पहुंचा ही, सब्जियां भी इस दैवी आपदा से अछूती नहीं रहीं। चांदमारी प्रतिनिधि के अनुसार हालात देखते हुए किसान एक-दूसरे से फसल क्षति के बारे में पूछने लगे। बीते दिनों की वर्षा में खेतों में लोट चुका गेहूं उकथ कर सूख गया था। उसे काटकर खेत खाली करने की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच शुक्रवार को दोबारा भारी बसरात से अन्नदाताओं के अरमानों को कुचलकर रख दिया। वहीं, सब्जियां भी प्रभावित हो गईं। आयर के राजकुमार यादव, लखेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार मिश्र आदि ने कहा कि अब तो पूरी तरह शासन के मुआवजे पर ही आश्रित रहने के सिवाय कोई और राह नहीं बची है। इधर, रमना क्षेत्र में रामजी, दिलीप पटेल, राजेश पटेल आदि कृषक परिवेर चिंता में पड़ गया है। मिर्जामुराद प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय क्षेत्र समेत गौर, चक्रपानपुर, खजुरी समेत दर्जनों गांव में तेज हवा संग हुई भारी बारिश ने किसानों को बहुत नुकसान कर दिया। दानगंज प्रतिनिधि के अनुसार किसान दीपक सिंह, कौशल सिंह और अशोक चौहान वगैरह ने बताया कि गेंहू की चल रही कटायी पर बारिश से अन्नदाताओं पर मानो बिजली ही गिरा दी है। अब इंसान की कौन कहे पशुओं के लिए चारे का प्रबंध करना मुश्किल होगा। चिरईगांव प्रतिनिधि के मुताबिक बार-बार खराब हो रहे मौसम से क्षेत्र के तमाम गांवों में फसलों को भारी क्षति पहुंची है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जमानियां, गाजीपुर

पत्रांक 618/लेखाकार/टेण्डर प्रकाशन/2022–23 दिनांक 31.03 .2023

### आपूर्ति हेतु अल्पकालीन/दीर्घकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा वाणिज्यकर/आयकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि विधायक निधि/सांसद निधि योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों पर इण्टरलाकिंग ईंट, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट की टुकड़ी, ईंट की गिट्टी, पोर्टलैण्ड सीमेन्ट, सफेद बालू, महीन लाल बालू, मोटा लाल बालू, महीन बालू, डाला गिट्टी 20 एमएम, डाला गिट्टी 10 एमएम, सरिया, साईनबोर्ड एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करते हुए निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 31.03 .2023 से दिनांक 12.04 .2023 अपराह्न 3 :00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है जो अंतिम तिथि को ही अपराह्न 3 :00 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय समिति एवं टेण्डरदाताओं (जो उपस्थित रहना चाहता है) के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर फार्म दिनांक 31.03 .2023 से दिनांक 12.04 .2023 तक दोपहर 3 :00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। नियम एवं शर्तें कार्यालय दिवस के समय प्रातः 10 :00 बजे से सायं 5 :00 बजे तक कार्यालय में देखा व पढ़ा जा सकता है–

| क्र सं. | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि 2% | जमानत की राशि 8% | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निधि का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विकास खण्ड जमानियां ग्राम सभा बहादुरपुर में सार्वजनिक स्थल पर चौपाल का निर्माण कार्य | 600000 | 12000 | 48000 | 500 | तीन माह | विधायक निधि |
| 2 | विकास खण्ड जमानियां ग्राम पंचायत रायपुर में सोनू यादव के घर के पास नाली व इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य | 490000 | 9800 | 39200 | 500 | तीन माह | विधायक निधि |
| 3 | विकास खण्ड जमानियां ग्राम सभा पचोखर में गीता तिवारी के घर पास शिव मंदिर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 500000 | 10000 | 40000 | 500 | तीन माह | विधायक निधि |
| 4 | विकास खण्ड जमानियां ग्राम सभा मंझरिया में चौपाल का निर्माण कार्य | 550000 | 11000 | 44000 | 500 | तीन माह | विधायक निधि |
| 5 | विकास खण्ड जमानियां रघुनाथपुर में लंगड़ाबाबा स्थल पर गांधी चबूतरा व गेट का निर्माण कार्य | 500000 | 10000 | 40000 | 500 | तीन माह | विधायक निधि |

1–फर्म जी0एस0टी0/आयकर में पंजीकृत होना चाहिए।
2–फर्म का आयकर रिटर्न पिछले तीन वर्षों का कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
3–जिस फर्म का आपूर्ति दर व कार्य सम्पादित दर सबसे कम होगा, उसी को आपूर्ति करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी।
4–बिना कारण बताये किसी भी समय आपकी निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
5–कार्य स्थल एवं किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
6–निविदा प्रपत्र का मूल्य 500 व 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 प्रति निविदा देना अनिवार्य होगा।
7–टेण्डर उसी फर्म का स्वीकार होगा जो स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत की राशि एफडीआर के रूप में खण्ड विकास अधिकारी के नाम अनुबंधित कर कार्यालय में जमा करेगा।
8–टेण्डर से सम्बंधित निविदा प्रपत्र जैसे एफडीआर, बैंक ड्राफ्ट, जी0एस0टी0, पैनकार्ड इत्यादि प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
जमानियां, गाजीपुर



# वाराणसी



# युवा शक्ति के निर्माता हैं शिक्षक : रामनाथ कोविंद

## कहा-शिक्षक को शिक्षा व्यवस्था के मूलभूत सुधारों पर करना चाहिए फोकस

**राष्ट्रीय संगोष्ठी**

**बीएचयू के अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र का दो दिनी आयोजन**

**वाराणसी।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक ही युवाशक्ति के निर्माता होते हैं। उन्होंने कहा कि काबिल युवाओं को तैयार करने वाले शिक्षक ही हैं। वह बीएचयू के अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र की तरफ से आयोजित दो दिवसीय 'शैक्षिक जगत के समक्ष उच्च शिक्षा में उभरती चुनौतियां' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि पद से शुक्रवार को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि शिक्षक को शिक्षा व्यवस्था के मूलभूत सुधारों पर फोकस करना चाहिए। सीखने-सिखाने के साथ वर्तमान में जीना होगा। चिंतन-मनन करना ही शिक्षक का काम है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि सीखने के लिए हर इंसान को अहंकार से दूर होना होगा। काम करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति ने मातृभाषा में शिक्षा और उसके प्रयोग को तेजी से आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सभी स्तरों पर शिक्षकों को हमारे समाज के सबसे सम्मानित और जरूरी सदस्यों के रूप में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे लोग ही वास्तव में नागरिकों की हमारी अगली पीढ़ी को आकार देते हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए आईयूसीटीई गवर्निंग बोर्ड के चेयरमैन प्रो. जगमोहन सिंह राजपूत ने



बीएचयू में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

कहा कि प्रत्येक राष्ट्र में शिक्षाविदों की नियति है कि वे आंतरिक या बाह्य प्रत्येक चुनौती का समाधान प्रस्तुत करें, जिनका लोग या राष्ट्र सामना कर सकते हैं। एकेडेमिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने भीतर उम्मीदों के आलोक में देखना है। इसके लिए इतिहास, विरासत, संस्कृति, ज्ञान निर्माण और पीढ़ीगत परंपरा के गहन अध्ययन की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षाविदों का आह्वान किया कि वे अपनी साख को पुनर्स्थापित करने और उच्च शिक्षा संस्थानों की विश्वसनीयता को एक बार फिर से उन्नत स्तर पर पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करें।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 100 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए हैं। इस दौरान कुल 15 विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान भी होंगे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य वर्तमान और भविष्य में शैक्षिक जगत के समक्ष उच्च शिक्षा में उभरती चुनौतियों को चिह्नित करना है। साथ ही उनके समाधान के लिए सार्थक विमर्श और भावी कार्ययोजना पर विचार-मंथन करना है। सभी का स्वागत करते हुए केंद्र के निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह ने संगोष्ठी की आवश्यकता व रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में आईयूसीटीई के दायित्वों से अतिथियों एवं प्रतिभागियों को परिचित करवाया। संचालन डॉ. रचना विश्वकर्मा ने किया। धन्यवाद वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हरिश्चंद्र ने दिया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. दीप्ति गुप्ता व सह संयोजक डॉ. कुशाग्री सिंह हैं।

### रूस-यूक्रेन जंग में सुनी गई सिर्फ इंडिया की बात

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि भारत विश्व की महाशक्ति बन चुका है। आने वाले तीन वर्षों में अपना देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। दुनिया में भारत की साख काफी बढ़ी है। रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग में सिर्फ भारत की बात सुनी गई। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम विश्वगुरु की बात करते हैं। लेकिन मैं कहता हूं कि भारत तो विश्व की महाशक्ति बन चुका है। चाहे आप विश्व गुरु कहें या विश्व महाशक्ति कहें। पूरा विश्व भारत की इस आभा को पहचान रहा है। हमारे देश के 23 हजार बच्चे यूक्रेन में फंसे थे। सभी सकुशल 24 घंटे के अंदर वापस आ गए। भारत सरकार ने स्पेशल फ्लाइट भेजी और सभी को अपने देश ले आया गया। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने बच्चों से कहा कि वह अपने आसपास के देशों की सीमा के पास जहां पहुंच सकते हैं तो पहुंचे। वहां पर हमारे एंबेसी के लोग मिलेंगे। तिरंगा केवल हमारा चिह्न था। तिरंगा को देखकर आप आगे बढ़ते जाइए।

### राजनीति तो चलती रहेगी...

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता मिली है। इसमें कौन-कौन से देश हैं, सभी जानते हैं। यही लक्षण हैं विश्व महाशक्ति बनने के। विश्वगुरु और विश्वशक्ति की कल्पना हम इस आधार पर नहीं करना चाहिए कि कोई ऐसी सरकार बनेगी, जो विश्व स्तर पर मान्य होगी। कोई ऐसा राष्ट्रपति होगा, जो सबसे सर्वशक्तिमान होगा। आज आप विश्व की आर्थिक शक्ति हैं।

## कोविड : तैयारियों को परखने के लिए मॉकड्रिल आज

वाराणसी। जनपद के कोविड-19 चिकित्सालयों में किये गए आवश्यक प्रबंध को परखने के लिए शनिवार को मॉकड्रिल की जायेगी। कोविड रोगियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए यहां भी हर जरूरी तैयारी करने को कहा गया है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा व जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने समस्त राजकीय चिकित्सालयों सहित सर सुंदर लाल चिकित्सालय बीएचयू, ट्रॉमा सेंटर बीएचयू, ईएसआईसी पाण्डेयपुर, मदन मोहन मालवीय कैंसर संस्थान सहित अन्य चिकित्सालयों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को निर्देश दिया है कि कोविड उपचार व प्रबंधन संबंधी सभी व्यवस्थाएं ठीक तरह से जांच ली जाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि कोविड-19 के प्रबंधन को लेकर हर जरूरी तैयारियों के बारे में शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त हुये हैं। यह मॉकड्रिल शनिवार (01 अप्रैल) को जनपद के समस्त चिकित्सा इकाइयों पर होगी।

# आज से सात दिनों तक ली जाएंगी आपत्तियां और दावे

जनसंदेश न्यूज

**निकाय चुनाव**

**वार्डों के आरक्षण जारी होने के बाद नगर में चुनावी सरगर्मियां तेज**

**वाराणसी।** सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिलते ही शासन की ओर से गुरुवार को निकाय चुनाव के लिए महापौर और नगर पांचायत सहित वार्डों के आरक्षण की सूची जारी कर दी गई है। जिसके लिए शनिवार से सात दिनों तक आपत्तियां और दावे दर्ज किए जाएंगे। प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम आरक्षण सूची जारी कर चुनाव के तारीखों की घोषणा की जाएगी।

प्रदेश के 17 नगर निगमों सहित वाराणसी के 100 वार्डों में आरक्षण जारी होने के बाद चुनावी सरगर्मियां एक बार फिर तेज हो गई हैं। इसी के साथ ही सभी राजनीतिक दलों की ओर से ज्यादा से ज्यादा सीटें निकालने की तैयारियां और मंथन का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। वाराणसी महानगर की सीट जहां अनारक्षित की गई है। वहीं नगर निगम की सभी 100 वार्डों के आरक्षण में सुंदरपुर वार्ड को छोड़कर बाकी के 99 वार्डों को पूर्व की जारी सूची के अनुसार ही जारी किया गया है। इसके पहले सुंदरपुर वार्ड को अनारक्षित घोषित किया गया था। जबकि नई सूची में इसे अनुसूचित जन जाति महिला कर दिया गया है। 100 वार्डों के आरक्षण सूची में 43 अनारक्षित, 18 पिछड़ी वर्ग, 21 महिला, नौ पिछड़ा वर्ग महिला, पांच अनुसूचित जाति, तीन अनुसूचित जाति महिला और एक अनुसूचित जन जाति महिला के लिए आरक्षित रखा गया है। इन सभी वार्डों के आरक्षण पर जिलाधिकारी कार्यालय में शनिवार से आपत्तियां और दावे दर्ज कराए जाएंगे। जबकि महापौर के आरक्षण पर दावे शासन के पास दर्ज कराने होंगे।

### अनारक्षित वार्डों की सूची

अनारक्षित कुल 43 वार्डों में हुकुलगंज, रामपुर रामनगर, सरसौली, संदहां, तरना, दुगार्कुंड, सरायनंदन, नारायणपुर, करौंदी, नदेसर, राजा बाजार, चौकाघाट, सुसुवाही, पिशाचमोचन, सारनाथ, जोल्हा उत्तरी, पहड़िया, सिगरा, प्रह्लादघाट, खजुरी, डिठोरी महाल, लल्लापुरा खुर्द, मध्यमेश्वर, हनुमानफाटक, कोनिया, आदिविशेश्वर, रानीपुर, बजरडीहा, भगवानपुर, काजीपुरा, कृतिवाशेश्वर, सूर्यकुंड, पियरी कलां, गोला दीनानाथ, धूपचंडी, जंगमबाड़ी, बंगालीटोला, लल्लापुरा कला, बागेश्वरी देवी, दशाश्वमेध, कालभैरव, जमालुद्दीनपुरा, कमालपुरा हैं।

### महिला और पिछड़ा वर्ग की सूची

पिछड़ा वर्ग के लिए कुल 18 वार्डों में छित्तूपुर (लोको छित्तूपुर), गणेशपुर, नईबस्ती, लोढ़ान, जोलहा दक्षिणी, पांडेयपुर, दनियालपुर, चेतगंज, अकथा, मढ़ौली, पिसौर, रमरेपुर, जगतगंज, पुराना रामनगर, घसियारीटोला, शिवाला, पितरकुंडा, रामापुरा को आरक्षित घोषित किया गया है। जबकि महिला आरक्षित सीटों में कुल 21 वार्ड शामिल हैं, इनमें राजघाट, नगवां, सीरगोवर्धनपुर, रमदत्तपुर, नेवादा, लेदूपुर, लोहता, नरिया, लालपुर मीरापुर बसहीं, अलईपुरा, जलालीपुरा, ईश्वरगंगी, बागाहाड़ा, मदनपुरा, बिंदुमाधव, ओमकालेश्वर, सरैयां, बलुआबीर, कमलगढ़हा, काजी सादुल्लापुरा, बंधु कच्ची बाग हैं।

### पिछड़ा वर्ग महिला और अनुसूचित जाति

पिछड़ा वर्ग महिला के लिए कुल नौ वार्डों में शिवपुरवां, गोला घाट रामनगर, कंदवां, तुलसीपुर, ककरमत्ता, बिरदोपुर, सूजाबाद डोमरी, भेलूपुर, छित्तूपुर खास शामिल हैं। जबकि अनुसूचित जाति के लिए पांच वार्डों में शिवदासपुर, सलारपुर, मंडुआडीह, दीनापुर, शिवपुर को शमिल किया गया है।

### अनुसूचित जाति महिला और अनुसूचित जनजाति महिला

अनुसूचित जाति महिला के लिए तीन वार्ड जिनमें लहरतारा, सिकरौल, फुलवरिया हैं। जबकि एक मात्र सुंदरपुर को अनुसूचित जनजाति महिला वार्ड घोषित किया गया है।

## पार्षद पद की दावेदारी को भरेंगे आवेदन-पत्र

**वाराणसी।** आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने जनपद में नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षद पद के दावेदारों से आवेदन मांगे हैं। पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने इसके लिए पांच वरिष्ठ सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके तहत पिछले सत्र में पार्षद रह चुके लोगों में से यदि कोई पुनः उम्मीदवारी पेश करने का इच्छुक हो तो उनके लिए सीताराम केशरी को दायित्व दिया गया है। इसी प्रकार शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के वार्डों के लिए फसाहत हुसैन बाबू, शहर दक्षिणी इलाके के वार्डों के लिए डॉ. राजेश गुप्ता, कैंट विस क्षेत्र के वार्डों के लिए अरुण सोनी और अबकी नये शामिल वार्डों के लिए गोपाल पटेल आवेदन-पत्रों का वितरण करेंगे। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्षद पद की दावेदारी संबंधी अर्जी मैदागिन स्थित संगठन कार्यालय में दिन में 11 बजे से शाम चार बजे तक जारी व जमा किये जाएंगे।

# उपभोक्ताओं को सही बिल न मिलने पर चेयरमैन नाराज

जनसंदेश न्यूज

**विद्युत विभाग**

**धन उगाही की शिकायत पर खफा, ऑफलाइन बिल संशोधन न करने की दी हिदायत**

**मीटर रीडिंग आधारित बिल उपलब्ध कराने को सभी डिस्कॉम के एमडी को लिखा पत्र**

**उपभोक्ता को समय पर सही बिल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी क्षेत्रीय अभियंताओं की भी**

**वाराणसी।** उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग वाले बिल न मिलने की शिकायत को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) के चेयरमैन एम. देवराज ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने पूर्वांचल समेत सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को इस बाबत पत्र लिखकर गहरी नाराजगी जतायी है। उन्होंने सभी एमडी को निर्देशित किया है कि वे समस्त उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग आधारित सही बिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम. देवराज ने वाराणसी समेत सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को भेजे गये पत्र में लिखा है कि उपभोक्ताओं को सही बिल समय पर देने की खातिर कई बार स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। परंतु अभी भी यह शिकायत मिल रही है कि उपभोक्ताओं को रीडिंग आधारित बिल नहीं मिल रहे। इतना ही नहीं, उपभोक्ताओं को नियमित रूप से हर माह बिल प्राप्त नहीं होते हैं। जो बिल दिये जा रहे हैं, उसमें धनराशि अत्यधिक होती है। यह भी शिकायत मिल रही है कि बिल रिवीजन के प्रकरणों में भी समय से कार्यवाही नहीं की जाती है और उपभोक्ताओं को अनावश्यक भागदौड़ करनी पड़ रही है। कहीं-कहीं यह भी शिकायत मिल रही है कि बिल रिवीजन के लिए उपभोक्ताओं से धन उगाही भी की जा रही है। यह स्थिति चिंताजनक और विभाग की छवि धूमिल करने वाली है। उन्होंने ऑफलाइन बिल संशोधन न करने की भी हिदायद दी है।



यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम. देवराज ने यह भी कहा है कि मीटर रीडिंग का कार्य निजी एजेंसी से कराये जा रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि क्षेत्रीय अवर अभियंता, सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता की कोई जिम्मेदारी नहीं है। उपभोक्ताओं को समय से सही बिल उपलब्ध कराने की पूर्ण जिम्मेदारी अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता की भी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या कमी पाये जाने पर मीटर रीडर/बिलिंग एजेंसी के साथ-साथ अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्यवाही करने की आवश्यकता है। उन्होंने समस्त प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया है कि मीटर रीडिंग और बिलिंग के मामले को गंभीरता से लिया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी।

### ऑनलाइन ही किये जाएं बिल रिवीजन

यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम. देवराज ने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिया है कि ऑनलाइन ही बिल रिजीवन किये जाए। उन्होंने कहा है कि बिल रिवीजन की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनााते हुए व्यवस्था की गयी है कि जो भी बिल रिजीवन के मामले हो, वह ऑनलाइन ही हो और यदि कोई उपभोक्ता ऑनलाइन के माध्यम से बिल रिवीजन की की शिकायत दर्ज नहीं करा पाते हैं, तो उनकी लिखित शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित खंड के अधिकारी उसे ऑनलाइन दर्ज कराते हुए आगे की कार्यवाही करें। चेयरमैन ने यह भी कहा है कि अभी भी कई खंडों में पूर्व की भांति बिल रिवीजन की कार्यवाही ऑफलाइन (डब्लूएसएस में बिना पंजीकृत कराते हुए) की जा रही है। इसे भी समाप्त करते हुए पूर्व के निर्देशानुसार बिल रिवीजन की कार्यवाही ऑनलाइन और समय से करायी जाए। जिन प्रकरण में बिल रिवीजन की कार्यवाही की जा रही है। वहां यह भी देखना होगा कि बिल रिजीवन की आवश्यकता क्यों पड़ी। ऐसे प्रकरणों में उत्तरदायित्व निर्धारण करते हुए कार्यवाही की जाए।

## रेलवे के वाराणसी मंडल के इन्दारा दोहरीघाट रेल खण्ड का आमान परिवर्तन

**वाराणसी।** रेल प्रशासन की ओर से यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढाँचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के इन्दारा- दोहरीघाट (34.8 किमी ) रेल खण्ड का आमान परिवर्तन का कार्य विद्युतीकृत बड़ी लाईन के निर्माण के साथ पूर्ण होने के पश्चात शुक्रवार को मोहम्मद लतीफ खान रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल द्वारा संरक्षा निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण) श्री एस सी श्रीवास्तव ,मंडल रेल प्रबंधक(वाराणसी) रामाश्रय पाण्डेय, मुख्य इंजीनियर/निर्माण अखिलेश त्रिपाठी,अपर मंडल रेल प्रबंधक(इंफ्रास्ट्रक्चर) राहुल श्रीवास्तव समेत पूर्वोत्तर रेलवे निर्माण संगठन एवं वाराणसी मंडल वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे । सी आर एस निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से इंदारा पहुँचने के बाद रेल संरक्षा आयुक्त मोटर ट्राली से इंदारा-दोहरीघाट रेल खण्ड पर नई बड़ी लाईन का निरीक्षण करते हुए किमी सं-1/6-7 पर कोपागंज इंड के ट्रेलिंग पॉइंट संख्या-201अ पर पहुँचे पॉइंट क्रासिंग एवं गेज टेस्टींग के बाद स्विच एक्स्टेन्शन जॉइंट का गहन निरीक्षण किया । उन्होंने 5 इ गेट पर बने अंडरपास का भी निरीक्षण किया और सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा के निमित्त संरक्षा परखी।



# सचिव को नहीं कार्य की जानकारी, वेतन रोका

**समीक्षा बैठक**

**सीडीओ ने तीन ब्लॉकों में एसएलडब्ल्यूएम के कार्यों की प्रगति का लिया हाल**

**वाराणसी।** जनपद में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से जुड़े कार्यों के तहत बर्थराकला ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम विकास अधिकारी को रिसोर्स रिकवरी सेंटर यानि आरआरसी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वर्कप्लान तैयार होने के बावजूद कार्यों में गड़बड़ी पाए जाने पर उसका वेतन रोक दिया गया है। इसके अलावा एसएलडब्ल्यूएम में ही दस फीसदी से कम धनराशि व्यय वाले ग्राम पंचायतों के सचिवों के भी वेतन जारी करने पर पाबंदी लगी दी गयी है।

विकास भवन सभागार में शुक्रवार की शाम सीडीओ हिमांशु नागपाल ने एसएलडब्लूएम के तहत गंगातट की 38 ग्राम पंचायतों में किये गयेकार्यं की समीक्षा बैठक में इस कार्रवाई के निर्देश दिये। मीटिंग में ग्राम प्रधान, सचिव, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) और कंसलटिंग इंजीनियर मौजूद थे। उन्होंने चिरईगांव, काशी विद्यापीठ एवं चोलापुर ब्लॉक के संबंधित कार्यों की प्रगति का हाल जाना। श्री नागपाल ने संबंधित ग्राम पंचायत में 15 दिन के भीतर आरआरसी बनवाने को कहा। साथ ही कार्यों के सत्यापन के लिए नोडल अफसर नामित करने, नालियों को खुला न छोड़ने, उनके निकट सोकपिट का निर्माण कराने के निर्देश दिये।



विकास भवन सभागार में शुक्रवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गंगातट पर बसे गांवों में एसएलडब्लूएम के कार्यों की समीक्षा की

## मृतक आश्रितों को दिए 4-4 लाख

**वाराणसी।** जनपद के तहसील सदर की ओर से दो परिवारों को आपदा राहत के अंतर्गत मुआवजा जारी किया हया गै। तहसीलदार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते 21 मार्च को सरायनंदन निवासी शंभूनाथ पांडेय और सुंरदपुर क्षेत्र के लालमनी यादव की अत्यधिक बारिश के दौरान बिजली का करेंट लगने से मौत हो गयी थी। वह हादसा दैवीय आपदा के तहत होने के कारण उप जिलाधिकारी की स्वीकृति पर चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दोनों मृतकों के वारिसों के खाते में भेजा गया है। उनमें क्रमशः सीताराम पांडेय और रीता देवी को राज्य आपदा मोचक निधि से गत 29 मार्च को भेजा गया।

# विद्युत उपभोक्ताओं पर जीएसटी थोपने की तैयारी

## पहले चरण में वाणिज्यिक और उद्योग के उपभोक्ता से जीएसटी वसूलने का प्लान

**प्रस्ताव तैयार**

**उपभोक्ताओं से अभी वसूला जाता है इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी मद में 7.5 प्रतिशत तक**

**राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्रक भेज कर जताया विरोध**

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** विद्युत उपभोक्ताओं को गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) के दायरे में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है। पहले चरण में वाणिज्यिक और उद्योग के उपभोक्ताओं से जीएसटी वसूलने का प्लान बनाया गया है। यह प्रस्ताव केंद्र सरकार की तरफ से तैयार किया गया है। हालांकि इसका विरोध भी शुरू हो गया है। कई राज्य की सरकारों ने उपभोक्ताओं के हित में इसे लागू न करने की बात कही है। जबकि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्रक भेज कर इस बाबत विरोध जताया है।



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) सूत्रों की मानें तो अभी विद्युत उपभोक्ता जीएसटी के दायरे में नहीं है। लेकिन केंद्र सरकार अब विद्युत उपभोक्ताओं को भी जीएसटी के दायरे में लाने जा रही है। इस बाबत प्रस्ताव तैयार किया गया है। पहले चरण में वाणिज्यिक और उद्योग के उपभोक्ताओं से जीएसटी वसूलने की तैयारी है। जीएसटी के दायरे में आने से बिजली महंगी होने की आशंका जताते हुए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की है। सूत्रों की मानें तो केंद्र के प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पहले राज्यों की राय जानने के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने पिछले दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों की राय जानी। अधिकांश राज्यों का कहना है कि चूंकि उपभोक्ताओं से पहले से ही पांच से 7.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी वसूला जा रहा है। इसलिए जीएसटी से और बिजली महंगी होगी। यह बात बताते हुए ज्यादातर राज्यों ने जीएसटी का विरोध किया है।

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो उत्तर प्रदेश सरकार ने भी उपभोक्ताओं के हित में प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए खासतौर से घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को जीएसटी के दायरे से बाहर रखने का सुझाव दिया है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि उपभोक्ताओं से पहले ही पांच से 7.5 प्रतिशत इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी की वसूली की जा रही है, जो कि सालाना लगभग 3032 करोड़ रुपये होती है। ऐसे में उपभोक्ताओं पर जीएसटी लगाए जाना न्याय संगत नहीं होगा। इससे बिजली महंगी होगी तो उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने जीएसटी का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रस्ताव को खारिज करने और उपभोक्ता विरोधी कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जीएसटी का विरोध करने के लिए जल्द ही ऊर्जा क्षेत्र के उपभोक्ता प्रतिनिधियों की बैठक बुलायी जाएगी।

### वाणिज्यिक व उद्योग के उपभोक्ताओं को होगा फायदा

यूपीपीसीएल सूत्रों की मानें तो विद्युत उपभोक्ताओं पर जीएसटी लगाए जाने के संबंध में केंद्रीय ऊर्जा सचिव आलोक कुमार का कहना है कि इस संबंध में अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं किया गया है। वैसे भी घरेलू और किसानों पर तो जीएसटी लगाए जाने का कोई प्रस्ताव ही नहीं है। केंद्रीय ऊर्जा सचिव का कहना है कि वाणिज्यिक और उद्योग के उपभोक्ताओं को जीएसटी के दायरे में लाए जाने से उनका फायदा ही होगा। कारण, जीएसटी के दायरे में होने पर वाणिजियक और उद्योग के उपभोक्ता इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ ले सकेंगे। ऐसे में कुल मिलाकर उनका बिजली का खर्चा कम भी हो सकता है।























# ढाई करोड़ की लागत से जगमगाएगा शहर



तैयारी

## प्रमुख मार्गों पर हेरिटेज लाइट व स्ट्रीट लाइट स्थापित करने की परियोजनाओं पर कार्य तेज

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा शहर में प्रस्तावित विश्वस्तरीय जी-20 सम्मेलन के लिए सम्मानित अतिथियों, पर्यटकों और आम जनमानस के आवागमन में सुविधा एवं सुगमता के 259.38 लाख रुपये की लागत से नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं स्थलों पर मार्ग प्रकाश व्यवस्था के परियोजना का कार्य किया जा रहा है।

इन परियोजना कार्यों में हेरिटेज पोल, जीआई पोल पर 110 वाट से 130 वाट की कम ऊर्जा खपत वाली एलईडी स्ट्रीट लाईटों को स्थापित कराया जा रहा है। जिसमें चौकाघाट से खिड़किया घाट, राजघाट ब्रिज होते हुए पड़ाव तक मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य, राजघाट ब्रिज से पड़ाव चौराहे तक (लगभग 4 किमी) मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि से 115.30 लाख रुपये प्रस्तावित है। परियोजना के अंतर्गत चौकाघाट तिराहे से सिटी रेलवे स्टेशन एवं सिटी रेलवे स्टेशन से खिड़कियाँ घाट तक 80 हेरिटेज पोल, हेरिटेज ब्रैकेट पर 110 से 130 वाट की 120 एलईडी स्ट्रीट लाईट, खिड़किया घाट से राजघाट ब्रिज होते हुए पड़ाव चौराहे तक 2.4 किमी में 72 जीआई पोल, जीआई ब्रैकेट पर 110 से 130 वाट की 72 एलईडी स्ट्रीट लाईट स्थापित कराकर मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराया जा रहा है। राजघाट ब्रिज के मूल स्वरूप पर 750 मीटर में नगर निगम, द्वारा पूर्व से मार्ग प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराया गया है। परियोजना स्थल पर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है और अप्रैल के मध्य तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

### इन मार्गों पर भी प्रकाश की व्यवस्था

शिवपुर बाईपास से शिवपुर बाजार होते हुए एनएच (राजातालाब से बाबतपुर बाईपास) तक प्रकाश की व्यवस्था का कार्य किया जाना है। जिसमें 110 से 130 वाट एलईडी स्ट्रीट लाईट स्थापित कराकर प्रकाश की व्यवस्था कराई जाएगी। प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि से 81.33 लाख रुपये व्यय कर कार्य प्रस्तावित है। कार्य दो माह में पूर्ण करा लिया जायेगा।

### रविदास पार्क और राजघाट में प्रकाश की व्यवस्था

रविदास स्मारक पार्क में जनमानस, संत गुरु रविदास के अनुयायिओं के भ्रमण तथा रविदास घाट से टेंट सिटी में और क्रूज से जाने वाले पर्यटकों के आवागमन को देखते हुए उक्त पार्क में प्रकाश व्यवस्था मरम्मत के लिए प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि से 62.75 लाख रुपये का व्यय प्रस्तावित है।

## वरिष्ठजनों के लिए आवासीय संकुल का शिलान्यास

**वाराणसी।** ऐतिहासिक महत्व के शूलटंकेश्वर महादेव मंदिर के निकट मूंड़ाडीह में रामनवमी पर्व के अवसर पर आनन्द कुंज परिसर में वरिष्ठजनों के लिए बहुउद्देशीय आवासीय संकुल का शिलान्यास प्रख्यात समाज वैज्ञानिक प्रोफेसर जगदम्बा प्रसाद बरनवाल के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। काशी विद्यापीठ में गांधी अध्ययन पीठ के पूर्व निदेशक प्रोफेसर रामप्रकाश द्विवेदी ने इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। शिलान्यास समारोह में डॉ. महेंद्र प्रसाद, कृष्णानंद तिवारी, विजय शर्मा, प्रोफेसर कल्पना गुप्ता सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन माधुरी रानी बरनवाल ने और संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन अभिनव गौरव ने किया।

## संपूर्णानंद में दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी कल से

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थापनोत्सव के उपलक्ष्य में सोशल मीडिया के सामाजिक प्रभाव दशा एवं दिशा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। जो दो और तीन को योग साधना केंद्र में आयोजित किया गया है। जिसमें अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि और विशिष्ट आकाशवाणी के निदेशक राजेश गौतम होंगे।

## संक्षेप

### प्रो. रमेश सिंह ने संभाला अध्यक्ष का कार्यभार



प्रो. रमेश सिंह

**वाराणसी।** बीएचयू स्थित कृषि विज्ञान संस्थान के शस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष का कार्यभारत प्रो. रमेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को संभाल लिया। संस्थान के निदेशक प्रो. यशवंत सिंह ने नवनियुक्त विभागाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विभाग के शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### प्रो. मनोज सिंह उपाध्यक्ष चुने गये



प्रो. मनोज सिंह

**वाराणसी।** इंडियन सोसाइटी ऑफ वीड साइंस का हाल ही में सत्र 2023-25 के लिए ऑनलाइन माध्यम से हुए चुनाव में बीएचयू के शस्य विज्ञान विभाग (कृषि विज्ञान संस्थान) के प्रो. मनोज कुमार सिंह उपाध्यक्ष चुने गये। बीते 18 मार्च से 30 मार्च तक 682 वोटरों ने ऑनलाइन अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उपाध्यक्ष पद के लिए चार लोगों ने नामांकन किया था। प्रो. मनोज सिंह 445 वोट पाकर निर्वाचित घोषित किये गये।

### विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 26 से

**वाराणसी।** बीएचयू के विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 26 से 30 अप्रैल के बीच प्रस्तावित है। इसके चलते 26, 27, 28 व 29 अप्रैल को होने वाली अन्य परीक्षाएं सांध्य पाली में (अपराह्न 1.30 से 4.30 बजे) आयोजित की जाएगी। परीक्षाओं के आयोजन स्थल और तारीख में कोई परिवर्तन नहीं है।

### वरिष्ठ पत्रकार को मातृशोक



**वाराणसी।** वरिष्ठ पत्रकार एवं वाराणसी विकास समिति के संरक्षक डॉ. राज कुमार सिंह की माता गायत्री देवी का गुरुवार की रात गांधीनगर-सिगरा स्थित आवास पर निधन हो गया। वे 68 वर्ष की थीं। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न हुआ। मुखाग्नि छोटे पुत्र डॉ. राजकुमार सिंह ने दिया। उनके बड़े पुत्र अशोक सिंह भी वरिष्ठ पत्रकार है।

### रोहनिया विधायक ने किया नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण



**वाराणसी।** रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने जगतपुर महाविद्यालय में नवनिर्मित सड़क का शुक्रवार को लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल प्रताप सिंह व निदेशक निलय कुमार ने अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. विनय प्रकाश शर्मा ने किया। धन्यवाद प्रो. ज्योति मिश्रा ने दिया। इस दौरान अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पटेल, प्रो. रमेश चंद्र पाठक, आलोक सिंह, जेपी राय, विनय पांडेय, सर्वजीत राजभर, दिनेश शर्मा, छेदी यादव, नन्द किशोर आदि थे।

### संपूर्णानंद के कुलसचिव प्रो. रामकिशोर को सिवान-अमेरिका मैत्री सम्मान



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं वरिष्ठतम आचार्य प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी को शुक्रवार को (बिहार) में सिवान अमेरिका मैत्री द्वारा शंकर सम्मान प्रदान किया गया। यह सर्वोच्च सम्मान उन्हें सिवान अमेरिका मैत्री के अध्यक्ष शांतानंद मिश्र के अध्यक्षता में एक समारोह के दौरान दिया गया, जिसमें बिहार प्रदेश के कई राजनेता, विद्वतजन एवं विशिष्ट जन उपस्थित थे। प्रो. त्रिपाठी को दो दिन पूर्व उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत शास्त्र में अभूतपूर्व योगदान देने के लिये विशेष पुरस्कार दिया गया था, इस तरह देश भर से उन्हें अब तक दर्जनों पुरस्कार एवं सम्मान दिया जा चुका है। प्रो. त्रिपाठी प्राच्य विद्या और परंपरा से जुड़े होने के कारण देश भर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन वेदांत की शिक्षा देते हैं, वेदांत से संबंधित विद्यार्थी या साधू संत ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़कर ज्ञान प्राप्त करते हैं।

### लगन-समर्पण हो तो लक्ष्य पाना आसान : डॉ. शांति स्वरूप



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में एकेडमिक सेल और कैंपस प्लेसमेंट सेल की ओर से शुक्रवार को कैरियर ओरिएंटेशन नामक विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. शांति स्वरूप भटनागर विश्व विद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग एंड नैनो टेक्नोलॉजी के प्रो. गौरव वर्मा ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को लक्ष्य प्राप्त करने के प्रमुख बिंदु के रूप में जुनून और लगन को रेखांकित किया। कहा,बिना इसके लक्ष्य की प्राप्ति करने में कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती हैं। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट डेरा बस्सी पंजाब की डॉ. अनुराधा ठाकुर ने विद्यार्थियों को उनके रुचि के अनुसार ही अपना कैरियर चुनने की सलाह देने के साथ साथ ही नवाचार करने की तरफ भी ध्यान देते रहने की बात कही। कुलसचिव हरीश चंद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला में कुलानुशासक महोदया भी मंचासीन रही। कार्यशाला में सभी अतिथियों का स्वागत निदेशक रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. राहुल गुप्ता ने किया। कार्यशाला का विषय प्रवर्तन कार्यशाला के संयोजक व निदेशक अकादमिक प्रो. बीडी पांडेय ने किया। कार्यशाला की समीक्षा निदेशक केंपस प्लेसमेंट सेल प्रो.रमन पंत द्वारा की गई।

## अनाज की गुणवत्ता बेहतर करने की क्षमता का विकास जरूरी

आयोजन

### चांदपुर स्थित इर्री में जुटे देश के चार कृषि संस्थानों के वैज्ञानिकों के लिए हुए तीन दिनी कार्यक्रम का समापन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** चांदपुर स्थित दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र के अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान केंद्र यानि इर्री के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने कहा है कि यह संस्थान क्षमता विकास कार्यक्रमों के जरिये भविष्य में भी ऐसे आयोजन करेंगे जिससे हमें अपने विचारों समेत अपने क्षेत्र में चावल की खेती को लेकर हो रहे कार्यों के आदान-प्रदान का और भी बेहतर अवसर मिले। ऐसी पहल रिसर्च और विज्ञान के विकास के लिए बहुत आवश्यक है।

उन्होंने उम्मीद जतायी कि किसानों की आजीविका को बेहतर बनाने समेत चावल आधारित खाद्य-प्रणाली को और मजबूत करने के लिए संबंधित सभी संस्थानों से सहयोग प्राप्त होगा। इर्री में आयोजित तीन दिनी अनाज गुणवत्ता विश्लेषण विषयक क्षमता विकास कार्यक्रम के समापन पर शुक्रवार को डॉ. सिंह संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के चार कृषि संस्थानों के वैज्ञानिकों की उपस्थिति रही।

प्रतिभागियों में भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और ओडिशा कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक थे। उन्होंने इर्री के वैज्ञानिकों संग धान की खेती, उपज एवं अनाज गुणवत्ता से संबंधी विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया।

कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिकों ने चावल अनुसंधान के लिए इर्री में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही अनाजों की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित कर किसानों की आजीविका पर सकारात्मक प्रभाव लाने तथा उसकी गुणवत्ता को तय करने के उद्देश्य से आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों के योगदान पर विचार-विमर्श किया।

## आसिम जफर दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

चुनाव

### इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की साधारण सभा में हुआ निर्वाचन

### आशुतोष भारद्वाज महासचिव और विनोद कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बने

**वाराणसी।** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार आसिम जफर अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। छावनी क्षेत्र स्थित एक होटल में शुक्रवार को संगठन की वार्षिक साधारण सभा में वर्ष 2023-24 के लिए पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी रतन चंद्र वर्मा व श्रीहर्ष सिंह ने विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। चुनाव में अजय कुमार सिंह (द्वितीय) उपाध्यक्ष, आशुतोष भारद्वाज महासचिव, वरुण कुमार सिंह सह सचिव, विजय कुमार जैन लाइब्रेरी सचिव और विनोद कुमार सिंह कोषाध्यक्ष चुने गये। कार्यकारिणी सदस्य के लिए अरविंद शुक्ला, योगेश कुमार श्रीवास्तव, ब्रिज गोपाल दास, संजय कुमार वर्मा, नागेश्वर सिंह 'महादेव', अजय कुमार सिंह 'बंटी' व आशुतोष सिंह का चुनाव हुआ। बता दें कि दूसरी बार अध्यक्ष चुने गये आसिम जफर जीएसटी काउंसिल के ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी के सदस्य, एआईएफटीपी के लॉ एंड रिप्रेजेंटेशन कमेटी के चेयरमैन तथा एआईएफटीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी है।

## सनबीम एकेडमी में रिजल्ट-रिवार्ड बांटे गए



**वाराणसी।** सनबीम एकेडमी के सामनेघाट शाखा में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए कन्वोकेशन का आयोजन हुआ। जिसमें गाउन, मेरिट सर्टिफिकेट एवं पोर्टफोलियो प्रदान किया गया।

कक्षा एक से कक्षा 11 तक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ल्युमिनरी अवार्ड रहा। यह पुरस्कार उन विद्यार्थियों को दिया गया जिन्होंने लगातार तीन वर्षों तक अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया व उनकी उपस्थिति 95 प्रतिशत से ऊपर रही।

यह पुरस्कार कक्षा 5 की समृद्धि भारद्वाज व कक्षा 8 के आयुष सिंह को मिला। विद्यालय का परीक्षाफल हर साल की तरह शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर सचिव जगदीप मधोक, निदेशिका पूनम मधोक व उप निदेशक डा. जीपी मिश्र ने बधाई दी।


### कार्यालय ग्राम पंचायत भोगइचा, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 2:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(फूलचन्द)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.भोगइचा, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

(दिनेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.भोगइचा, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत मतलूबपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(गजाधर प्रसाद)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.मतलूबपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

(दिनेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.मतलूबपुर, वि.खं.अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत गोपालपुर, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(नारंगी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. गोपालपुर वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(अरविन्द कुमार गौतम)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गोपालपुर, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत जमकी, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(लालता चैहान)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. जमकी, वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(अरविन्द कुमार गौतम)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. जमकी, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत गहुनी, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(सुनीता)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. गहुनी, वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(रामअवध यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गहुनी, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत करनेहुवा, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(रमेश चैरसिया)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. करनेहुवा, वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(रामअवध यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. करनेहुवा, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत करौती, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(गीता देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. करौती, वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(रामअवध यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. करौती, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत कुसमुलिया, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1-ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2-सीमेंट प्रति बैग, 3-महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

(रेनु)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. कुसमुलिया, वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(रामअवध यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. कुसमुलिया, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत देवरिया, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023।

(अदालत सरोज)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. देवरिया, वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(रामअवध यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. देवरिया, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत खेपसीपुर, वि0ख0 मेंहनगर, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग/ पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023


(गीता देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.खेपसीपुर, वि.खं. मेंहनगर
आजमगढ

(रामअवध यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.खेपसीपुर, वि.खं.मेहनगर
आजमगढ़

# बेमौसम बारिश ने बढ़ायी किसानों की चिंता

**परेशानी**

### बारिश से बचाने के लिये तिरपाल से ढक रहे फसलों को



**बैरिया (बलिया)।** अचानक क्षेत्र मे शुक्रवार को मौसम में बदलाव होने से अलसुबह बारिश हुई। कहीं पांच कहीं 10 मिनट हुई बारिश ने सबसे ज्यादा किसानों की परेशानी बढ़ाई है। इन दिनों रबी सीजन की फसलों की कटाई और मड़ाई चल रही है। अधिकांश खेतों मे कटी हुई फसलें पड़ी हैं।

बारिश होने से खेतों में फसलें गीली हो गई। सुबह अचानक बारिश शुरू होने से किसान अपनी फसलों पर तिरपाल ढंककर व झपरों में रखकर बचाते रहे। लेकिन दियारा क्षेत्र मे किसान बेबस थे क्योंकि उनके पास फसल सुरक्षा के लिए कोई इन्तजाम नही था। किसानो का कहना है कि शुक्रवार सुबह से दिन भर हुई बूंदाबांदी से नुकसान हुआ है। तेज बारिश होती है तो फसलों को और नुकसान हो सकता था। इन दिनों रबी सीजन की फसलों की कटाई व मड़ाई चल रही है। कटाई के बाद किसानों ने फसलों को सुखाने के लिए खेतों में छोड़ रखा है। ऐसे में बारिश होने से फसलें गीली हो गई हैं। जिन किसानों की फसलें गीली हो गई है। उन्हें अब फसलों को सुखाना पड़ेगा। मौसम में बदलाव बना रहा तो परेशानी बढ़ सकती है। शुक्रवार को बैरिया तहसील क्षेत्र के आसपास अलावा बैरिया, दोकटी, रामपुर कोड़रहा, गोपाल नगर दियारा, जयप्रकाश नगर, बहुआरा आदि क्षेत्रों में कहीं बूंदाबांदी, कहीं तेज बारिश हुई। खेतों से मड़ाई के बाद लाये गये अनाज व फसल को बचाने के लिए किसान परेशान रहे। कई किसानों की लहसुन गीली हो गई। मौसम में बदलाव होने से अधिकतम तापमान में भी कमी आई है।

## बदलता मौसम नन्हें मुन्नों को कर रहा बीमार : डॉ. सिद्धार्थ



डा. सिद्धार्थ मणि दुबे

**बलिया।** मौसम में अचानक हो रहा बदलाव स्वास्थ्य के लिए किसी भी तरह से अनुकूल नहीं है। दिन में चिलचिलाती धूप की गर्मी, सुबह शाम को पड़ने वाली हल्की ठंड और बीच में कभी-कभी हो रही बरसात के कारण बच्चों को बुखार, सर्दी, खांसी, उल्टी और दस्त जैसी बीमारियां अक्सर परेशान कर रही हैं। इसलिए इस समय बच्चों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। यह बातें जिला महिला अस्पताल स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र पर तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धार्थ मणि दुबे ने कहीं। डॉ दुबे ने बताया कि ऐसे मौसम में बच्चों और वृद्धजनों का स्वास्थ्य ज्यादा प्रभावित होता है क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। डॉ दुबे ने बताया कि आजकल बच्चों में तेज बुखार, खांसी, उल्टी, दस्त आदि की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। इसलिए वर्तमान में मौसम के बदलाव को देखते हुए बच्चों के खान-पान एवं उनकी दैनिक दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों के भोजन में स्वच्छता और पौष्टिकता दोनों का ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों को स्वस्थ और संतुलित भोजन यानी काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और खनिज युक्त आहार ही देना अभिभावकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। अभिभावकों को घर पर बने भोजन को वरीयता देनी चाहिए तथा बाहर के खानपान से परहेज करना चाहिए। गर्मी बढ़ने के कारण बच्चों को समय-समय पर तरल पेय पदार्थ (पानी, चावल का माढ़, ओआरएस का घोल) देना सुनिश्चित करना होगा एवं बच्चों को तेज धूप में बाहर जाने से रोकना चाहिए। अगर बच्चे को स्वास्थ संबंधित कोई भी परेशानी हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के परामर्श से ही इलाज कराना चाहिए। डॉक्टर दुबे का कहना है कि भारतीय थाली (रोटी, सब्जी, चावल, दाल, दही, सलाद) संतुलित आहार का सर्वोत्तम एवं आदर्श नमूना है। इसमें पर्याप्त मात्रा में काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और खनिज पदार्थ मिलते हैं।

## आग से गेहूं की फसल राख 300 मुर्गियां जिंदा जली

**बलिया।** सुखपुरा के समीपवर्ती ग्राम खरहाटार के रकोपुर मौजे में बिजली का तार टूटकर गिरने से गुरुवार को खेत में कटाई के लिए तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं समीप में स्थित जितेंद्र सिंह की मुर्गी फार्म को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया और देखते देखते मुर्गी फार्म में आग लग गई। फार्म के करकट के छाजन पर मुर्गियों को गर्मी से बचाने के लिए रखे गए मूंज व फूस की पलानी धू-धू कर जलने लगी। आग की गर्मी से लगभग 300 मुर्गियां मर गई। आग लगने की सूचना पर क्षेत्र के सभी किसान एवं मजदूर इकट्ठा होकर किसी तरह आग पर काबू पाए जिसके चलते आग अन्य खेतों को अपनी चपेट में नहीं ले पाया, वहीं शेष मुर्गियों को भी बचा लिया। फार्म में लगभग 12000 मुर्गियां थीं। आदित्य सिंह एवं शिवाजी सिंह की 1-1 बीघा एवं इंद्रजीत राम भर की 10 कट्ठा में बोई गई गेहूं जलकर राख हो गई। प्रधान प्रभुनाथ राजभर ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस एवं तहसील कर्मियों को दी जिसपर लेखपाल ने मौका मुआयना कर किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

**संक्षेप**

### सिटी मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमण हटाने को लेकर मौका मुआयना किया



**बलिया।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देश के क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के अलावा जाम की समस्या आए दिन बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में रामलीला मैदान का निरीक्षण किया गया देखा। इसके अलावा शीश महल के बगल की गली का भी अवलोकन सिटी मजिस्ट्रेट ने किया। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस गली को भी वाहन स्टैंड बनाया जा सकता है साथ ही और भी स्थानों पर लेखपाल के मायम से यह जानकारी लिया जा रहा है कि उस एरिया में कौन सी सरकारी जमीन है जहां स्टैंड बनाए जा सके। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, एसके सिंह आर आई इसके अलावा परिवहन विभाग के कर अधिकारी आरती गौतम भी मौजूद रहे।

### जाति प्रमाणपत्र के लिये तुरैहा समाज ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जाति की सूची में होने के बाद भी तुरैहा समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी करने में हो रहे हीला हवाली के विरोध में तुरैहा समाज के लोगों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र प्रेषित किया है। इसके पूर्व तुरैहा समाज की ओर से सम्मेलन का आयोजन रामलीला मैदान में गुरूवार को किया गया। ज्ञापन में तुरैहा समाज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुख्यतः 3 मांग की हैं। तुरैहा समाज की मांग है कि उत्तर प्रदेश के जिन-जिन जनपदों और तहसीलों में तुरैहा तुरहा समाज के लोग निवास करते हैं वहां के निवासी छात्र- छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। तुरैहा तुरहा समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन को गलत ढंग से निरस्त करने वाले प्रशासनिक कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाही की जाए। तुरैहा/ तुरहा समुदाय के लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाने में कोई बाधा उत्पन्न न की जाए। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक स्पष्ट शासनादेश जारी किया जाए। इस अवसर पर तुरैहा समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष डा. धर्मनाथ प्रसाद, तहसील अध्यक्ष सुभाष तुरहा, विजय शंकर एडवोकेट, जगन्नाथ प्रसाद, राजू तुरैहा, जितेंद्र तुरैहा एवं भरत तुरैहा के साथ-साथ तुरैहा समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के भरखरा गांव में गुरूवार को जमीनी विवाद में दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां से एक व्यक्ति की हालत गंभीर देखकर वाराणसी रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष से 9 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए 3 लोगों को हिरासत में भी ले लिया है। जानकारी के अनुसार गांव के विश्वनाथ राम और मुसाफिर राम पुत्र गण सुनर राम के बीच जमीन का विवाद काफी दिनों से चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने कुछ दिन पहले दोनों पक्षों को थाने पर भी बुलाया था लेकिन सुलह समझौता नहीं हो पाया था, फिर पुलिस ने इसके लिए आगे कोई अलग तिथि मुकर्रर करने का आश्वासन देकर दोनों पक्ष को घर भेज दिया था। गुरुवार को दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। घायलों को पुलिस ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल शैलेश को चिकित्सकों ने वाराणसी रेफर कर दिया उसके सिर में गंभीर चोट है। घायलों में संदीप, शैलेश, धनजी, संजय, अजय शामिल हैं। दोनों पक्ष ने थाने पर लिखित तहरीर दिया है जिसमें मुसाफिर ने पांच व्यक्तियों पर और विश्वनाथ राम ने चार व्यक्तियों को नामजद किया है।

### धीरेन्द्र शुक्ला को मिली जिम्मेदारी



**बलिया।** जिला ओलम्पिक एसोसिएशन बलिया के सचिव धीरेन्द्र शुक्ला को गत दिनों उत्तर प्रदेश ओलम्पिक एसोसिएशन के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में 4 वर्ष के लिए मनोनयन किया गया है। इस अवसर पर इं0 अरूण कुमार सिंह, अजेन्द्र राय, असलम वारसी, मिथिलेश श्रीवास्तव, डॉ0 अरविन्द शुक्ला, पंकज सिंह, अजीत सिंह, संजय तिवारी, खुर्शीद अहमद, राजेश सिंह, सपना चौधरी, राजू राय, धनंजय सिंह, असीमानन्द सिंह शैलेन्द्र सिंह, धीरज पाण्डेय, धर्मेन्द्र पाण्डेय, सुशील उपाध्याय ने बधाई दी।

### घायल प्रधानाध्यापिका का निधन, शोक



**बिल्थरारोड।** शिक्षा क्षेत्र सीयर के प्राथमिक विद्यालय चकिया में प्राानायापिका पद पर तैनात प्रेमलता मौर्या की इलाज के दौरान हुए निान की खबर मिलते ही शिक्षा क्षेत्र सीयर में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार प्रेमलता मौर्या उभांव थाना क्षेत्र के कुंडैल ढाला बहोरवा की निवासी थीं। उनके पति रमेश चंद वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर में स्वास्थ्य शिक्षा आिकारी हैं। प्राानायापिका प्रेमलता मौर्या विगत दिनों सड़क हादसे में घायल हो गयीं थी। उनका इलाज पीजीआई लखनऊमें चल रहा था। गुरुवार की देर रात को उन्होंने अंतिम सांस ली। निान की खबर मिलते ही शिक्षा जगत में मातम का दौर पसर गया। सभी ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सेवानिवृत शिक्षकों को दी गयी विदाई

**बैरिया (बलिया)।** द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय बैरिया मे सेवानिवृत्त साहित्य शिक्षक दयाशंकर पाण्डेय, हिन्दी शिक्षक रामबदन गोड़ का विदाई समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डा. अरविन्द राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम जिस शिक्षक के अवकाश ग्रहण होने पर विदा कर रहे है। वह दोनों शिक्षक अपने कार्यो के प्रति विद्यालय के सबसे जिम्मेदार रहे है। और अपने पूरे कार्यकाल मे एक अच्छे शिक्षक होने की सभी जिम्मेदारियों का पूरी तन्मयता के साथ निर्वहन किया है। मुझे आज अपने महाविद्यालय के जिम्मेदार व कर्तव्यनिष्ट शिक्षको की विदाई का बहुत दुख है। कहा कि आप दोनो का कठिन परिश्रम, शिक्षा के प्रति समर्पण, महाविद्यालय के प्रति इमानदारी सदा हमारे दिलों में रहेगा। सेवानिवृत्त एक सरकारी प्रक्रिया है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता है। वह हमेशा शिक्षा एव समाज से जुड़ा रहता है। उन्होने भगवान से स्वस्थ जीवन की कामना दोनों शिक्षको के लिए किया। महाविद्यालय की ओर से दोनो अवकास प्राप्त शिक्षकों को अगंवस्त्र, गीता, छाता आदि प्रदान किया गया। विदाई समारोह को रामबदन गोड, चन्दन राय, शिवेश कुमार पाण्डेय, मनीष कुमार, विद्या नाथ सिह, प्रेम प्रकाश आदि ने भी सम्बोधित किया। सभा की अध्यक्षता डाक्टर अरविन्द राय व संचालन निर्भय उपाध्याय ने किया।

## रामनवमी के शुभ अवसर पर देवी जागरण का हुआ आयोजन



**नगरा।** रामनवमी के पवित्र अवसर पर प्रदेश सरकार के निर्देश पर रामायण पाठ का गुरुवार को पूर्णाहुति पश्चात सायंकाल कस्बे के प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में देवी जागरण का आयोजन किया गया। नगर पंचायत नगरा कार्यालय पर मंगलवार को अिाशासी अिाकारी बृजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व मे हुए 24 घण्टे अखण्ड रामायण पाठ का शुभारम्भ हुआ।

गुरुवार को समापन के पश्चात पंडित सन्तोष द्विवेदी के द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ विाि विाान से हवन पूजन के पश्चात प्रसाद ग्रहण कराया गया। गुरुवार को ही सायंकाल देवी जागरण में आाा दर्जन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। गायक राहुल ठाकुर विक्की ने भइले चइत में जनम चारों भाई के, ए मईया ज्ञान के डगरिया बुझात नईखे, लाले रंग सेनुरा बा, रानू विमल ने मोरी दुर्गा भवानी के सिंगार, बड़ा मन भावेला, बाड़ी शेर पर सवार, संगीता निजिशवी ने निमिया के डाढ़ मईया, प्रिंस ने माई हो तनी आ जइतू आदि भक्ति गीत सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबुर कर दिया। इसके अलावा गायन के निपूण स्वरी कलाकार रवि व कार्तिक चौहान ने भी भक्ति भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम से पर लिपिक रवीश कुमार ने सभी कलाकारों को चुनरी से सम्मानित किया। रामायण पाठ समापन सहित कार्यक्रम में देवनारायण प्रजापति देवा भाई, रवीश शर्मा, पूर्व प्रमुख निर्भय प्रकाश, भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल, जितेंद्र कुमार सैनी, अम्बिकेश कन्नौजिया, प्रिंस गुप्ता, संजय सोनी, राजू सोनी, राजू यादव, विजय यादव, सुनील गुप्ता, इंद्रजीत गोंड, सचिन, सजीव, अजय, चन्दन सिंह, अंकित गुप्ता, सौरभ, राहुल, ओके जायसवाल, अमरेन्द्र सोनी, आकाश सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे। जागरण कार्यक्रम का संचालन एंकर राज कुमार यादव ने किया।

## दबंगों के खिलाफ पीड़ित ने सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** दबंगों द्वारा मारपीट और मुकदमे वापसी का दबाव बनाने से परेशान होकर पीड़ित दीपक राय निवासी सरयां, नरहीं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि गांव के ही कुछ दबंगों ने मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आये आर्यन राय, रौनक और यश भी घायल हो गये। स्थानीय थाने पर पीड़ित ने तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ने बताया कि यह सभी दबंगों पर पहले से भी मुकदमें दर्ज है। शासन प्रशासन भी इस मामले में चुप्पी साधे हुई है। दबंगों द्वारा आये दिन हमारे दरवाजे पर आकर मुकदमा वापस लेने की धमकी दी जा रह है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की गयी है लेकिन कार्रवाई का हवाला देकर पुलिस उसे निस्तारित दिखा दिया है। पीड़ितों ने इस मामले में उचित कार्रवाई के लिये डीएम से मांग की है।

## 15 प्रतिशत स्कूल फीस वापस करने की मांग



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।

**बलिया।** आम आदमी पार्टी बलिया के कार्यकताओं के द्वारा कोरोना काल में निजी विद्यालयों द्वारा वसूले गए स्कूल फीस का 15 प्रतिशत स्कूल फीस वापस न करने के विरुद्ध जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 16 जनवरी 2023 को निजी विद्यालयों को आदेश दिया था। जिसमें हाईकोर्ट ने कहा था कि कोविड काल के दौरान 2020-21 के सत्र में अभिभावकों से वसूले गए स्कूल फीस का 15 प्रतिशत स्कूल फीस वापस करना होगा।

न्यायालय ने निजी विद्यालयों को फीस लौटाने के लिए 2 महीने का समय दिया था जो कि बीत चुका है। लेकिन किसी भी निजी विद्यालय ने बलिया जिले के अंदर फीस वापसी का काम अभी तक शुरू ही नहीं किया है। जिलाध्यक्ष से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

कार्यक्रम में मुकेश सोनी, प्रदीप कुमार, राजकुमार मौर्य, ऋषिकेश भारत, रियाज अंसारी, विपुल पांडे, राजकुमार पांडे, बिहारी लाल यादव, राकेश यादव, मुकेश सोनी, छोटे लाल शर्मा, विजय शंकर राजभर, राजकुमार जायसवाल, शुगन लाल यादव आदि मौजूद रहे।

## देश व समाज के लिये प्रेरणा थे गुलाब चंद



सेनानी गुलाबचंद सोनार को श्रद्धांजलि देते विशिष्ट जन।

**बोले सुरेंद्र सिंह**

### भृगुआश्रम स्थित आवास पर मनायी गयी 20वीं पुण्यतिथि

**बलिया।** स्वतंत्रता सेनानी, भारतीयता जनसंघ के प्रथम जिला मंत्री स्व. गुलाब चंद सोनार की 20वीं पुण्यतिथि गुलाब नगर भृगुआश्रम स्थित उनके आवास पर सादगीपूर्ण तरीके से मनायी गयी। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि देश की गुलामी के समय देश के नौजवानों के सामने राष्ट्रभक्ति साबित करने का एक ही तरीका था, आजादी के लिये संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान, लेकिन आज देश आजाद है। अब हमें देश के लिये मरने की नहीं, बल्कि देश के लिये जीने की आवश्यकता है।

स्व.गुलाब चंद जी का पूरा जीवन हमें देश एवं समाज के लिये जीने की प्रेरणा देता है। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी बाबूराम यादव एवं संचालन भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुरजीत सिंह परमार ने किया। सेनानी पुत्र घनश्याम दास जौहरी ने कहा कि हमारे पिताजी अपने देश, समाज और स्वजातीय बंधुओं के मान सम्मान और सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर रहते थे, और दीनहीन गरीब लोगों की सेवा सहयोग करते रहते थे। उनके आदर्शों पर चलते हुए सेनानी गुलाब चंद स्मारक समिति के माध्यम से हम उनके सपनों को साकार करेंगे। इस अवसर पर राजीव मोहन चौधरी, अनूप चौबे, हेमंत पाठक, शशांक शेखर तिवारी, ददन यादव, सागर सिंह राहुल, संतोष पांडेय, संजय राय, सुरेंद्र नाथ द्विवेदी, विनोद सोनी, राधेश्याम सराफ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में घनश्याम दास जौहरी ने गरीब महिलाओं में अन्न सहित अन्य चीजों का वितरण किया।

## मुख्य केबिल भ्रष्ट होने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**बैरिया (बलिया)।** विभागीय लापरवाही के कारण विद्युत उपकेन्द्र बैरिया का मुख्य केबिल भ्रष्ट हो जाने के कारण गुरुवार की पूरी रात क्षेत्र के करीब पचास से अधिक गांव बत्ती गुल रही। इसके चलते गांवो में घूप अंधेरा का साम्राज्य कायम हो गया। गांव के लोग बिजली के इंतजार मे रात भर टकटकी लगाये बैठे रहे। लेकिन बिजली रात भर गायब रही। विद्युत उपकेन्द्र बैरिया से सम्बद्ध क्षेत्र के चकिया, जमालपुर, दयाछपरा, दलपतपुर, दुबेछपरा, रामगढ़, नवकागांव, मधुबनी, चाईछपरा सहित करीब चार दर्जन गांवों का बिजली गुल होने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने शुक्रवार को भोर में विद्युत उपकेन्द्र बैरिया पहुचकर हो-हल्ला मचाया। इसके बाद आनन-फानन में पन्द्रह घण्टे बाद मुख्य केबल को मरम्मत करके बिजली की आपूर्ति चालू कराई गयी। इस बाबत अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि गुरुवार की रात अचानक मुख्य केबल भ्रष्ट हो गया था। जिससे बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी थी। अब मरम्मत करने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो गयी है। इस तरह का फाल्ट ओवर लोड से हुआ था। जिसे ठीक कर लिया गया है।

## छात्र संख्या बढ़ाने को घर घर दस्तक देंगे गुरूजी

**अभियान**

### पांच वर्ष के बच्चों को प्रवेश कराने के लिये अभिभावकों को करेंगे प्रेरित

**बलिया।** बेसिक शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए निजी स्कूलों की तर्ज पर कार्य करना शुरू कर दिया है। नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए स्कूल में कार्यरत शिक्षक व प्रधानाध्यापक घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करेंगे। इस दौरान पांच वर्ष आयु के बच्चों को सूचीबद्ध करते हुए उनका प्रवेश कराने के लिए प्रेरित करेंगे। अभियान के दौरान बीच में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को भी चिह्नित कर उन्हें शिक्षा की धारा से जोड़ा जाएगा। शिक्षा की धारा से शत-प्रतिशत नौनिहालों को जोड़ने के साथ परिषदीय स्कूल में नामांकन बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान में गुरुजी घर-घर दस्तक देंगे। शिक्षा से वंचित बच्चों को चिह्नित कर उनका स्कूल में प्रवेश दिलाएंगे। अभिभावकों को स्कूल की उपलब्धियों और सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए गांव व आसपास के अशिक्षित बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करने की अपील की जाएगी। स्कूलों में दाखिले बढ़ाने के लिए पंपलेट वितरित करने के साथ होर्डिंग्स लगाई जाएंगी। स्कूलों के बच्चों की संख्या बढ़ाने की मुहिम में केवल शिक्षक ही नहीं बीईओ और बीएसए भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

**एक अप्रैल से शुरू होगा अभियान**

इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने बताया कि अभियान एक अप्रैल से शुरू होगा। शिक्षकों ने डोर-टू-डोर प्रचार शुरू कर दिया है। छात्र संख्या बढ़ाने के साथ शिक्षा की धारा से शत-प्रतिशत बच्चों को जोड़ना प्राथमिकता है। कहा कि परिषदीय स्कूलों में हेल्प डेस्क स्थापित होगा। डेस्क पर अभिभावकों को मॉडल संस्कृति व सामान्य राजकीय स्कूल की उपलब्धियां बताई जाएंगी। इसके अलावा हिंदी व अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई, स्मार्ट क्लास, डिजिट लैब, ड्यूल डेस्क, वाटर कूलर व निशुल्क शिक्षा के साथ पाठ्य पुस्तक व यूनिफॉर्म अनुदान की जानकारी दी जाएगी।

## जेएनसीयू में पीआरओ बने ड.प्रमोद शंकर पाण्डेय

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के नये जनसंपर्क अिाकारी के रूप में विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ प्रमोद शंकर पाण्डेय को नियुक्त किया गया है। डॉ प्रमोद जनपद के परमंदापुर गाँव के मूल निवासी हैं और जनपद के लब प्रतिष्ठित कवि, साहित्यकार रहे रमाशंकर पाण्डेय ''नवल'' के पौत्र हैं। साहित्य का ज्ञान विरासत में प्राप्त हुआ। उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय और पीएचडी, बी एच यू, वाराणसी से हुई है। बचपन से मेाावी रहे डॉ प्रमोद ने सभी परीक्षाएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति तथा साउथ एशिया फेडरेशन की मदनजीत सिंह छात्रवृत्ति प्राप्त करने के पश्चात यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर पीएचडी फेलोशिप प्राप्त की। डॉ प्रमोद की आलोचना की एक पुस्तक, पुस्तकों में चार अयाय, 14 शोापत्र प्रकाशित हैं। आपने 23 राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोापत्र प्रस्तुत किये हैं। उन्होंने तीन पुस्तकों के संपादक मंडल के सदस्य रहे हैं। डॉ प्रमोद जनपद की साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं और काव्य लेखन, आलोचना के क्षेत्र में 25 वर्षों से सक्रिय हैं।

## रामनवमी पर चैता मुकाबला का आयोजन



**मझौवां।** बैरिया विाान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर दुबे छपरा स्थित कन्हई ब्रह्म बाबा स्थान पर रामनवमी की उपलक्ष्य में गुरुवार के रात्रि विशाल मेला व बिहार के मशहूर गायक रामाशंकर सिंह व झारखंड के गायक गुड्डू हलचल के बीच शानदार चैता मुकाबला का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि पूर्व बैरिया विाायक सुरेंद्र नाथ सिंह रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पूर्व विाायक सुरेंद्र नाथ सिंह ने दोनों गायकों को माला पहनाकर अंगवस्त्र के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात गोविंदपुर प्राान अशोक पांडेय, जगदेवा प्राान सत्येन्द्र यादव उर्फ सतन यादव, गोपालपुर प्रघान सुनिल राम, नवाका गांव प्राान रवि प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि पूर्व विाायक सुरेंद्र सिंह का अंगवस्त्र के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। चैता गायन का शुभारंभ झारखंड के गुड्डू हलचल ने गौरी गणेश के वंदना से शुरू करते हुए ए रामा यही ठैया आजू चाइत हम गाईब, हे राम एही थईया गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग कर दिया। तो वहीं दूसरे क्रम में बिहार से पारे गायक रामाशंकर सिंह ने मां सरस्वती की वंदना के साथ देवी पचरा, कहवा बेलमलु हो भवानी मईया कहवा बेलमलु हो, ए मईया लोहा के कराहवा नईखे डोलत सेवकावा तोहार बाट जोहे हो गा कर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। तो वही चइता, ए रामा राम जी जनमले चयित मे हो राम, राम नवमी दिनवा गाकर गाकर श्रोताओं को भक्ति रस डुबोते रहे। उसके बाद दोनों गायकों ने बारी बारी से राम चरित मानस के विभिन्न चौपाइयों के साथ गीत संगीत के एक से एक बढ़कर स्वर लहरिया उड़ाते रहे। जहां ग्रामीण जनता पूरी रात जागकर चायिता में का आनंद उठाते रहे। इस मौके पर आयोजन समिति के रिंकू तिवारी, विनोद तिवारी, प्रभु नाथ गुप्ता, नगेंद्र तिवारी, प्रभाकर तिवारी, सहित सैकड़ों लोग आगंतुकों के सेवा सत्कार में लगे रहे।

## विधायक निधि से लगेगा यात्री शेड व हाईमास्क



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण।

**बेल्थरारोड।** सुभासपा के क्षेत्रीय विधायक हंसूराम ने सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आद्याशंकर यादव एडवोकेट के निवेदन पर घाघरा नदी के किनारे श्मशान स्थल शिवस्थान चैनपुर गुलौरा मठिया में जन सुविधा की दृष्टि से 38 बाई 60 फीट का एक यात्री शेड तथा एक सोलर लाईट (हाईमास्क) विधायक निधि से जनहित में स्थापित कराने की घोषणा की। कहा कि यह शेड दिवंगत गुलाबी देवी के नाम से उनकी स्मृति में निर्माण होगा। विधायक ने यह घोषणा उस समय की, जब वे सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आद्याशंकर यादव एडवोकेट के ग्राम टगुनिया में पूज्य दिवंगत माता गुलाबी देवी के श्राद्ध भोज में गुरुवार की शाम पहुंचे हुए थे। उन्होने कहा कि लोगों को असमय शव के दाह संस्कार में तुतीर्पार तथा शिवस्थान गुलौरा मठिया में यात्रियों के बैठने तथा प्रकाश की ब्यवस्था न होने से दुश्वारियां झेलनी पड़ रही थी। मौके पर जेपी यादव, उमेश अम्बेडकर, राज बहादुर, मिथिलेश राजभर, अरबाज खां, मनीष जायसवाल, मजहर अली, ताबिस रिजवान, संदीप यादव आदि रहे।

## सपा व भाजपा से कौन होगा उम्मीदवार

**मंथन शुरू**

### आरक्षण बदलने के बाद पुरुष दावेदारों में आयी सक्रियता

**बलिया।** भाजपा व सपा से कौन होगा उम्मीदवार यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन इन दलों में दावेदारों पर मंथन शुरू हो चुका है। भाजपा व सपा से प्रमुख रूप से दावेदारी कर रहे कुछ दावेदारों पर पार्टी की निगाह लगी हुई है। अब देखना यह होगा कि सबसे पहले कौन दल अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा करता है। यह माना जा रहा है कि आगामी लड़ाई प्रमुख राजनैतिक दलों के दावेदारों के बीच मुकाबला हो सकता है। वैसे निर्दल प्रत्याशी भी चुनाव में ताल ठोकेंगे।

जिले के दो नगर पालिका व 10 नगर पंचायतों में दावेदारों की संख्या सैकड़ों में है। कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी, अपना दल, अधिकार सेना सहित अन्य राजनैतिक दल चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशियों के साथ चुनाव मैदान में होंगे। आरक्षण में फेरबदल होने के कारण बलिया नगर पाकि परिषद के अध्यक्ष पद के लिए पहले यह सीट महिलाओं के लिए आरक्षित थी, लेकिन अब नये आरक्षण में यह सीट पुनः सामान्य हो गयी है। सभी राजनैतिक दलों के कार्यालय में प्रमुख दावेदारों की सूची तैयार हो रही है और उनके बारे में फीडबैक लिए जा रहे है। कुछ लोग गोपनीय तरीके से भी दावेदारों के बारे में जानकारी ले रहे है। उसके बाद रिपोर्ट तैयार होगी, उसके आधार पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होगी।

**दो भाजपा, तीन सपा, एक सुभासपा व एक बसपा के हैं विधायक**

निकाय चुनाव को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के विधायक अपने-अपने क्षेत्रों के नगर पालिका व नगर पंचायतों पर अध्यक्ष पद व सभासद पद के लिए दावेदारों को लेकर फीडबैक ले रहे है। जिले में कुल सात विधायक है। बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक व सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह के क्षेत्र में एकमात्र नगर पालिका बलिया है। यहां 20 वर्षो से कमल नहीं खिला है, अब कमल खिलाने की पूरी तैयारी चल रही है। नगर पालिका में भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए मंत्री दयाशंकर सिंह की भूमिका अहम होगी। इसी क्रम में बांसडीह विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक केतकी सिंह के क्षेत्र में कुल चार नगर पंचायत है। बांसडीह, सहतवार, रेवती व मनियर। इसके अलावा बेल्थरारोड से सुभासपा विधायक हंशु राम के क्षेत्र में बेल्थरारोड व नगरा नगर पंचायत है। इसके अलावा बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के क्षेत्र में रसड़ा नगर पालिका है। फेफना के सपा विधायक संग्राम यादव के क्षेत्र में चितबड़ागांव व रतसर कला नगर पंचायत है। सिकन्दरपुर के सपा विधायक मोहम्मद रिजवीं के क्षेत्र में सिकन्दरपुर नगर पंचायत है। बैरिया के सपा विधायक जयप्रकाश अंचल के क्षेत्र में बैरिया नगर पंचायत है। इन सभी जगहों पर विधायकों की नजर दावेदारों पर लगी हुई है।

# पार्टी के मेरूदंड होते हैं कार्यकर्ता: सांसद

**कार्यशाला**

## भाजपा की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने की कार्यकताओं से अपील

जनसंदेश न्यूज


कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त।

**बैरिया (बलिया)।** कार्यकर्ता पार्टी के मेरुदण्ड होते है। कार्यकर्ता का सम्मान आवश्यक है, लेकिन पहले कार्यकर्ता सरकार की सभी जनपयोगी महत्वाकांक्षी योजनाओं का अध्ययन कर बखूबी जाने और पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभार्थी बने। क्योंकि जब खुद कार्यकर्ता लाभार्थी बन जाएंगे। तो वह दूसरों को भी लाभार्थी बनाने में रुचि दिखायेगें। क्योकि सरकार की योजनाओं की जानकारी के अभाव में पात्र लाभार्थी वंचित रह जाते है। जब आम लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा तो निश्चित रूप से वह भाजपा से जुड़ेंगे। उक्त बातें सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने बैरिया डाक बंगला के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित बूथ सशक्तिकरण अभियान का कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार को बोल रहे थे। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता अगर पात्र है, तो पहले खुद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभार्थी बने।

प्राकृतिक खेती के साथ ही गाय पालकर दूध उत्पादन करें। अगर वह खुद लाभार्थी बनेंगे तो दूसरों को भी बनाएंगे। पूर्व के सरकारों की आलोचना करते हुए सांसद ने कहा कि पूर्व की सरकारें गोड़ व खरवार समाज को भड़भूजा के श्रेणी में रख दिया था। जिससे उन्हें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र नहीं मिल पाता था। लेकिन हमने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से आग्रह किया, जिस पर हमारी सरकार ने गोड़ व खरवार समाज के लोगों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दे दिया। अब उन्हें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र मिल रहा है। सांसद ने मोटे अनाज के उपयोगिता को भी कार्यकताओं को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दिन दयाल उपाध्याय के चित्र पर मालार्पण कर किया। उक्त मौके पर राजीव मोहन चौधरी, अमिताभ उपाध्याय, मुक्तेश्वर सिंह, विजय बहादुर सिंह, दिलीप गुप्ता, ताड़केश्वर गोड़, परमेश्वर गिरी, शिवमंगल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### बूथ संयोजकों से सांसद ने ली जानकारी

सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने बैरिया विधान सभा के सभी 65 बूथ सत्यापन अधिकारी व 65 बूथ संयोजक को एक-एक कर खड़ा कराकर उनके द्वारा बनाये गए बूथों के बारे में जानकारी हासिल किया। बूथ सत्यापन अधिकारियो ने कहा 95 प्रतिशत बूथ बन गया है। शेष पांच प्रतिशत जो अधूरा है। छह अप्रैल तक बूथ का काम पूरा कर फार्म जमा कर दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बूथ मजबूती के कारण पूरे देश मे परचम फहराने में कामयाबी हासिल किया है।

# केयान डिस्टलरी को 31 एकड़ जमीन का मेमोरेंड्म प्रदान किया गया

जनसंदेश न्यूज



**नगरा।** मुखमंत्री के निर्देश पर गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राकिरण के सीईओ आईएएस पवन अग्रवाल के युवा उद्यमी केयान डिस्टलरी के मुख्य प्रबां निदेशक विनय कुमार सिंह को 31 एकड़ जमीन का मेमोरेड्म प्रदान किया। इससे क्षेत्र के रोजगार, विकास में एक अयाय और जुड़ गया है। इस तरह उद्यमिता के लिए गीडा लाइफ लाइन बन गया है। बताते चलें जब की जबसे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ महराज बने हैं तब से लेकर अब तक उनके इच्छा शक्ति व मार्ग दर्शन में सीईओ गीडा पवन अग्रवाल आईएएस के कुशल मार्ग दर्शन में जहां जमीनों को उद्यमियों के लिए निर्बाा रूप से उपलब कराने का काम हो रहा है वहीं गीडा क्षेत्र में विकास के लिए हर बुनियादी सुविाएं उपलब करा कर सरकार की भागीरथी मंशा को प्रदर्शित कर विकास का अवसर दिया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्वांचल के युवा उद्यमी विनय कुमार सिंह का भी लक्ष्य है की पूर्वांचल के बेरोजगार दिल्ली, मुंबई न जाकर उन्हें रोजगार का अवसर यहीं मिलना चाहिए उनकी इस मजबूत इच्छा शक्ति के चलते सरकार ने उन्हें अपने उद्योग को और बड़ा करने के लिए आज 31 एकड़ ज़मीन प्रदान कर 886 करोड़ रुपए के निवेश का स्वर्णिम अवसर दिया। इसे विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

### निधन पर शोकसभा, दी गयी श्रद्धांजलि

**बलिया।** स्वायत्त शासन कर्मचारी महसंघ पंप अटेंडेट/ टेक्निकल एवं वेलदार चौकीदर एम्प्लाइज एसोसिएशन (जलकल विभाग) के सदस्यों ने नगरपालिका परिषद बलिया के आउटसोर्सिंग कर्मचारी रमेश गुप्ता के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। जगदीशपुर पानी टंकी में संगठन के अध्यक्ष अनिल कुमार राम व महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर गतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर कौटिल्य कुमार गुप्ता, रितेश भारती, दानिश अंसारी, कृष्णा, नितिन पासवान, हरेराम, विजय कुमार यादव, संजय कुमार, राकेश कुमार, उमेश पांडेय, प्रीतम कुमार, अर्जुन कुमार, पवन कुमार, इमरान खां, विजय प्रताप आदि मौजूद रहे।

### राम जन्मोत्सव पर रामचरित मानस पाठ का हुआ आयोजन

**बिल्थरारोड।** स्थानीय नगर के वार्ड नम्बर 4 में मुहल्ले वासियों द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव (रामनवमी) के अवसर पर गुरुवार को अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। शुक्रवार को रामायण पाठ के समापन पर हवन, पूजन व आरती में भारी संख्या में महिलाएं और नगर के लोगों ने भाग लिया। इसके उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आरएसएस के नगर प्रचारक नवीन, अवोश यादव, बबलू वर्मा, पवन वर्मा, विनोद वर्मा, सतीश गुप्ता, मन्नू सोनी, मोहन सिंह वर्मा, माखन मद्धेशिया, सत्यम, ष्णा मद्धेशिया, सोनू, गोलू, सुजीत आदि मौजूद रहे।



# जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का जल्द से जल्द करें निस्तारण : जिलाधिकारी

**बैठक**

## जिला विद्युत समिति की बैठक संपन्न




**मऊ।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में रिवैंप्ड योजना की समीक्षा एवं क्रियान्वयन के अनुसरण हेतु जिला विद्युत समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता आनंद पांडे द्वारा जनपद मऊ में रिवैंप्ड योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों यथा 33 केवी, 11 केवी के जर्जर तारों को बदलने, एलटी लाइन के जर्जर तारों को एबी केबल से बदलने तथा कैपेसिटर बैंकों की स्थापना के कार्य एवं मात्रा तथा स्थान के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन हेतु जनपद में मोंटेकार्लो नामक कार्यदाई संस्था नामित है। यह 157 करोड़ की केंद्रीय योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य एटी-सी नुकसान को राष्ट्रीय मानक 15 प्रतिषत तक कम करना, एसीएस- एआर गैप को 2024-25 तक शून्य तक लाना, ऊर्जा की गुणवत्ता, स्थिरता एवं अनवरत रूप से बिजली उपलब्ध कराना आदि है। इस रिवैंप्ड योजना के प्रथम चरण में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्य किया जाना है, जिसके लिए जनपद में लगभग 20 हजार नए खंभे लगाए जाएंगे। जर्जर तारों को बदलने के साथ ही एलटी लाइन के जर्जर तारों को एबी केबल से भी बदला जाना है। बैठक के दौरान मधुबन के विधायक रामविलास चैहान ने उपभोक्ताओं के खपत से ज्यादा के बिल बनाने, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत क्षेत्र में लगे 10,16 एवं 25 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने तथा बिजली के ढीले एवम् जर्जर तारों से उत्पन्न चिंगारी से फसलों के जलने से संबंधित समस्या से समिति को अवगत कराया।

इसी प्रकार विधानसभा मोहम्मदाबाद गोहना के विधायक राजेंद्र कुमार ने बुनकरों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बिजली बिल के संबंध में शासनादेश से अवगत कराने, आबादी वाले क्षेत्रों के ऊपर एलटी एवं एचटी लाइन हटाने तथा बकाया बिलों पर पूरे गांव की विद्युत आपूर्ति बंद करने जैसी खबरों से समिति को अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी अरुण कुमार ने अधीक्षण अभियंता को अप्रैल माह में कैंप लगाकर उपभोक्ताओं की छोटी-मोटी समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली के तारों से उत्पन्न चिंगारी के कारण फसलों की जलने से बचाने हेतु समस्त जंपरों एवं ढीले तारों को टाइट कराने के साथ ही ट्रांसफार्मर वाले स्थलों पर किसानों से वार्ता कर फसल की क्रॉपिंग कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि अजय सिंह, अधीक्षण अभियंता आनंद पांडे, अधिशासी अभियंता खंड प्रथम अभिनव तिवारी, अधिशासी अभियंता खंड द्वितीय घनेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता खंड तृतीय आशीष कुमार सेठ, कार्यदाई संस्था मैसर्स मोंटी कार्लो लिमिटेड एवं पीएमए मैसर्स रोडिक लिमिटेड के खंड प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाय: डॉ. रामविलास भारती



**घोसी, मऊ।** एक तरफ अगली कक्षा में प्रवेश का उत्साह तो दूसरी तरफ विद्यालय छोड़ने का गमगीन माहौल के बीच ब्लॉक घोसी अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली में सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती के आयोजन/नेतृत्व एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी घोसी बलिराम के मुख्य आतिथ्य में कक्षा 8 के बच्चों को अंकपत्र सहित कक्षा 9 की पुस्तकें दी गयी साथ ही उनके सभी अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 8 में आयुषी, प्रियांशी चैरसिया प्रथम, निर्जला, दीपक, द्वितीय, ममता, सरस्वती, शनि तृतीय, कक्षा 7 में सबा परवीन प्रथम, अर्चना, पवन द्वितीय, अमृता तृतीय, कक्षा 6 में अंकिता प्रथम, विक्की, द्वितीय तथा आकांक्षा तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बलिराम ने कहा कि प्रारम्भिक शिक्षा किसी भी शिक्षा की नींव होती है जिस पर भविष्य की खूबसूरत मंजिल बनाई जा सकती है। इसलिए यहाँ की संस्कारित शिक्षा ही बेहतर कल का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति डॉ. रामविलास भारती का समर्पण एवं प्रयास अनुकरणीय है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पू. मा.) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार उन्हें सपने दिखाने तथा उसको पूरा करने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाये। इस अवसर पर कमलेश राय, ललित राहुल, सुनील कन्नौजिया, ममता साहनी, सावित्री मिश्रा, बन्दना मिश्रा, रजनी देवी, एसएमसी अध्यक्ष बदामी देवी, अर्चना चैरसिया, मो. अजहरुद्दीन, कन्हैया आदि उपस्थित रहे।

### ऑटो के पलटने से एक की मौत, तीन घायल

**मधुबन, मऊ।** रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर चैधरीपुर सोनाडीह मार्ग स्थित चैधरीपुर में मेला से आ रही आटो ने बोलैरो को ओवरटेक करते समय पलटा आटो में सवार एक की मौत तीन घायल। जानकारी के अनुसार अभाव थाना क्षेत्र के सोनाडीह मेला से ऑटो रिक्शा में सवार होकर आ रहे रामपुर थाना क्षेत्र के बेलौली भोजीपुरा (बसंत टोला) विशाल यादव पुत्र गणेश उम्र लगभग 18 वर्ष शीला यादव पत्नी सोनू उम्र लगभग 30 वर्ष व दोहरीघाट थाना क्षेत्र के सेमरा सूरजपुर निवासी सिंधु यादव पत्नी महेंद्र उम्र लगभग 35 वर्ष घायल हो गई। उभांव थाना क्षेत्र के महमूद चैक निवासनी सुनीता देवी पत्नी राजेश उम्र लगभग 28 वर्ष की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सभी लोगों को स्थानीय लोगों द्वारा बोलेरो द्वारा पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर मंडल में भर्ती कराया गया जहां सुनीता देवी पत्नी राजेश को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वह विशाल यादव पुत्र गणेश की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है।

# दो शिक्षिकाओं की मौत से शिक्षा जगत मर्माहत

**बलिया।** सड़क हादसे में घायल एक और शिक्षिका की मौत इलाज के दौरान लखनऊ में हो गई। बेसिक शिक्षा परिषद के एक के बाद एक शिक्षक की मौत की खबर से विभाग में शोक की लहर है। जिले के पंदह ब्लाक की शिक्षिका सुनीता यादव की मौत एक दिन पहले ही हुई थी, इसी बीच सीयर ब्लाक से शिक्षिका प्रेमलता मौर्या की मौत की खबर पहुंच गई। जिले के शिक्षा क्षेत्र सीयर के प्राथमिक विद्यालय चकिया में बतौर प्रधानाध्यापिका तैनात प्रेमलता मौर्या उभांव थाना क्षेत्र के कुंडैल ढाला बहोरवा रोड की निवासी थीं। उनके पति रमानंद वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी हैं। पिछले दिनों प्रधानाध्यापिका प्रेमलता मौर्या सड़क हादसे में घायल हो गई थीं। उनका उपचार पीजीआई लखनऊ में चल रहा था, जहां इलाज के दौरान गुरुवार की देर शाम उनकी सांसें थम गईं। प्रधानाध्यापिका प्रेमलता मौर्या की मौत की सूचना मिलते ही लोग अवाक रह गये, क्योंकि इनसे पहले शिक्षा क्षेत्र पंदह के प्रावि बहोरवा की सहायक अध्यापिका सुनीता यादव की मौत की सूचना गुरूवार के दिन आई थी। एक ही दिन के अंदर दो शिक्षिकाओं की मौत से शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुआलपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 1:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(उर्मिला देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.भुआलपुर,वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. भुआलपुर,वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीबीपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 1:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(धर्मवीर शर्मा)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.बीबीपुर,वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.बीबीपुर,वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरेहरा तेजसिंह, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 2:15 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(धनमानी देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.कुरेहरा तेजसिंह, वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. कुरेहरा तेजसिंह, वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत ऊँचहुआं, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 1:15 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(राधिका देवी)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. ऊंचहुआं, वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. ऊंचहुआं, वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोसड़ा, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(गनेश मौर्य)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.कोसड़ा, वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. कोसड़ा, वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत तिलखरा पुरादीन, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(दिनेश कुमार)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.तिलखरा पुरादीन, वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. तिलखरा पुरादीन, वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुन्धी, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 3:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(अरुन कुमार मौर्य)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.सुन्धी, वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. सुन्धी,वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरवां, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 3:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(राकेश कुमार)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.बरवां,वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. बरवां,वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत गनीपुर डगरहा, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 2:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(जयप्रकाश)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.गनीपुर डगरहा,वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गनीपुर डगरहा, वि.खं.तरवां
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत रस्तीपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 2:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2022-23 दिनांक 31.03.2023

(श्याम सुन्दर पासवान)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.रस्तीपुर,वि.खं.तरवां
आजमगढ

(अखिलेश यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. रस्तीपुर, वि.खं.तरवां
आजमगढ़

# माहौल बिगाड़ने पर 25 लोगों पर एफआईआर

दिलदारनगर। थाना क्षेत्र के सिहानी गांव में होली पर्व के दिन विवाद के बाद मामला शांत करने में जुटी रही पुलिस ने बढ़ते तनाव के देखते हुए सिहानी गांव के गर्जन यादव के तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को जेल भेज दिया है।

दिलदारनगर थाना क्षेत्र के सिहानी गांव में होलीका पर्व पर एक पक्ष होली की गीत गाते बजाते होलीका जलाने जा रहे थे कि दूसरे पक्ष के दर्जनों की संख्या में लोग इकट्ठा होकर ईंट पत्थर चला दिए जिसके बाद गांव के ही ईश्वर चंद कुशवाहा का सिर में चोट आने से घायल हो गए।जिसके बाद 112 पर कॉल करके लोगो ले इसकी सूचना दिया। जिस पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुची और गांव में शांति के लिए पुलिस की तैनाती कर दी गई। लेकिन तनाव को देखते हुए पुलिस ने गर्जन यादव के तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के 25 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि तनाव को देखते हुए 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। तथा शांति व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

### मेले में उपद्रवियों ने किया हंगामा, छह पर कार्रवाई की मांग

जमानियां। क्षेत्र के ग्राम बरूइन स्थित काली माता मंदिर पर रामनवमी के शुभ अवसर पर गुरुवार को आयोजित मेले में रात करीब ग्यारह बजे रासलीला के कार्यक्रम में उपद्रवी तत्वों ने सीआरपीएफ के जवान को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने के पश्चयात मेला कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों को भी नहीं बख्शे। उपद्रवियों के इस कृत्य से दुकानदारों में भय व्याप्त है। जानकारी के अनुसार रामनवमी पर आयोजित दो दिवसीय मेला में गुरुवार की रात आयोजित रासलीला के कार्यक्रम के दौरान दो पक्ष किसी बात को लेकर आपस में उलझ गये। युवाओं को आपस में लड़ता देख स्थानीय ग्राम निवासी सीआरपीएफ का जवान सुधाकर सिंह (40) मौके पर पहुँचकर दोनों पक्षों को समझा कर झगड़े को समाप्त करने में जुट गये तभी एक पक्ष सुधाकर सिंह पर ही टूट पड़ा तथा मार पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिये। उपद्रवियों का तांडव देख मेला समिति के पदाधिकारी व सदस्य भी मौके पर पहुंचे तो उपद्रवी मेला समिति से भी उलझ गये। किसी तरह मामला शांत हुआ तथा सुबह मेला समिति के मेला समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणवीर सिंह व सदस्यों ने मेला में उपद्रव फैलाने वाले छः लोगों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कठोर कार्यवाई की मांग किया तथा घायल सीआरपीएफ के जवान ने चार लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाते हुए कड़ी कार्यवाई करने का मांग किया। कोतवाली पुलिस ने घायल जवान का मेडिकल कराकर प्राथमिकी दर्ज करने का आश्वासन दिया। स्टेशन चौकी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि उपद्रव फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जायेगी। किसी भी दशा में उपद्रव फैलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

## कामाख्या धाम की तर्ज पर कटरा देवी की बनेगी पहचान : ओपी

**पहल**

**चैता मुकाबले में राकेश उत्पाती पड़े चितरंजन व्यास पर भारी**

दिलदारनगर। क्षेत्र के फूली ग्राम सभा स्थित मां कटारी देवी धाम पर बृहस्पतिवार को रामनवमी पर मेला और चैता मुकाबला का आयोजन किया गया। जिसमें बक्सर के चितरंजन व्यास और बलिया के राकेश उत्पाती के बीच जोरदार मुकाबला हुआ जिसमें राकेश उत्पाती को समिति के द्वारा विजयी घोषित किया गया और प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चैता गायकी विधा भोजपुरी की बहुत ही पुरानी विधा है पहले जब मनोरंजन का कोई साधन नहीं था तब हमारे पूर्वज दिनभर गेहूं की कटिया करके जब शाम को खाली होते थे तो वह चैता और लोरकी गाकर मनोरंजन करते थे। उन्होंने कहा कि आज विश्व के कई देशों में भोजपुरी बोली जाती है जबकि कई देशों में तो व्यापक रूप से भोजपुरी भाषा प्रचलित है। लेकिन यह अफसोस की बात है कि भोजपुरी के इतना प्रचलित होने के बाद भी चैता गायकी बिहार के कुछ हिस्सों और यूपी के वाराणसी तक ही पहुंच सका है। मां कटार देवी धाम जमानिया विधानसभा का भविष्य में दूसरा कामाख्या धाम होने वाला है क्योंकि कामाख्या धाम के बाद अगर रामनवमी के दिन मेले में सबसे ज्यादा कहीं भीड़ होती है तो वह मां कटार देवी धाम है। मां कटार देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज यादव व प्रबंधक अशोक यादव ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मौके पर जिला पंचायत सदस्य आकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य बसंत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दयाशंकर यादव, ब्लाक प्रमुख जमानिया प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा , विजय कुमार यादव सहित कई ग्राम सभाओं के वर्तमान प्रधान तथा पूर्व प्रधान गणमान्य व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे।

## कन्याओं का गंगा जल से पखारा पांव



लोचाईन स्थित कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

भांवरकोल। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के गांव पंचायत लोचाईन सुख शांति और जग कल्याण की कामनाओं को लेकर मां काली का पूजन नौ दिनों तक नवरात्र भर चलता रहा । पुजारीन मंजू देवी और अन्य महिलाओं ने दशमी के दिन सैकड़ों महिलाओं के साथ गंगा स्नान कर घड़े में जल भरकर मां के मंदिर आई।

विधिवत मां की पूजन कर इकावन कुंवारी कन्याओं का गंगा जल से पांव पाखर कर पूजन व भोजन कराकर दान दक्षिणा के साथ विदा किया। अंत में भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर शारदा देवी, आशा देवी, इंदु देवी, अनीता पांडे, अर्चना पांडे, संतोष राय, शुभम यादव, शिवम यादव, विशाल यादव, राहुल यादव, भोलाराम, आकाश,पूजा यादव विजयलक्ष्मी यादव, आशुतोष पांडे, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

नंदगंज। रामपुरमाँझा पुलिस को गुरुवार की भोर में करीब 5 बजे पहाड़पुर गांगी नदी पुल के पास मुखबीर की सूचना पर एक शातिर अपराधी व्यक्ति को तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार व्यक्ति पर जनपद के कई थानों में नौ मुकदमें पंजीकृत है।

रामपुरमाँझा थाना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार राय ने बताया कि मैं अपने सहयोगियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर था कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि भोला यादव नामक अपराधी पहाड़पुर गांगी नदी पुल के पास से गुजरने वाला है। मैं अपने सहयोगियों के साथ तत्काल वहाँ पहुँच कर चेकिंग करने लगा। मुखबीर के इशारे पर एक 30 वर्षीय व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर का तथा एक जिन्दा कारतूस मिला। थाना लाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम भोला यादव पुत्र रामा यादव निवासी शेरमठ थाना करीमुद्दीनपुर बताया।

## डब्लूएचओ की टीम ने खसरा प्रभावित गांव का लिया जायजा

बारा। स्वास्थ्य विभाग और डब्लूएचओ की टीम ने शुक्रवार को भदौरा ब्लाक के खसरा प्रभावित बारा गांव का दौरा किया। गांव में कई दिनों से खसरे की चपेट में आकर बीमार बच्चों का हालचाल लिया। चिकित्स्कों की टीम को गांव पर लगातार नजर रखने निर्देश संबंधितों को निर्देश भी दिए। वहीं लोगों को साफ-सफाई से रहने की हिदायत भी दी। बिहार सीमा पर स्थित भदौरा ब्लाक के बारा गांव में बीते कई दिनों से कई बच्चे खसरे की चपेट में हैं। खसरे की चपेट में आकर एक बच्चे की मौत होने व पांच बच्चों के बीमार होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। डिप्टी सीएमओ एसके मिश्रा, डब्लूएचओ के एसएमओ डॉक्टर विनय शंकर तिवारी चिकित्सकों की टीम के साथ बारा गांव में पहुंचे। उन्होंने बीमार बच्चों का हालचाल लेते हुए बच्चों के स्वैब और ब्लड के नमूने लिए। इस दौरान बीमारी से बचाव के उपाय भी बताए गए। साथ ही साथ खसरे के टीकाकरण के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। डिप्टी सीएमओ ने गांव में कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को डेली रिपोर्ट भी देने के निर्देश दिए। बारा गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों से खसरे के प्रकोप के बारे में विस्तार से पूछताछ की। इस दौरान गांव में जो बच्चे खसरा से प्रभावित थे, उनमें टीका न लगने की पुष्टि हुई। डिप्टी सीएमओ डॉक्टर एसके मिश्रा ने बताया कि बारा गांव में खसरे की चपेट में आकर एक बच्चा सत्यम यादव साढ़े चार वर्ष पुत्र अशोक यादव की मौत बीते 26 मार्च को हो गई। वहीं अब्दुल्लाह (8), हलीमा (2), हम्माद अली (4), साद अली (2) और जुहान बाबर डेढ़ वर्ष मिजिल्स से प्रभावित हैं। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि प्रभावित बच्चों के स्वैब और ब्लड के नमूने ले लिए गए हैं। उन्होंने कहा गांव पर विभाग की निगाह बनी हुई है। जैसे ही बच्चे ठीक होते हैं। विशेष अभियान चलाकर बच्चों को मिजिल्स के टीके लगाए जाएंगे।



बारा गांव में खसरे से पीड़ित बच्चे का ब्लड लेते डिप्टी सीएमओ।

## रमजान के दूसरे जुमे की नमाज में मुल्क और कौम की दुआ के लिए उठे हाथ

**जनसंदेश न्यूज**

गाजीपुर। जिलेभर में शुक्रवार को माह-ए-रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। नगर व ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। मस्जिदों के आसपास सफाई व सुरक्षा की व्यवस्था रही।

नमाज शुरू होने से पहले ही नमाजी ईदगाहों व मस्जिदों में पहुंच गए। शहर के विशेश्वरगंज स्थित ईदगाह, महुआबाग स्थित मस्जिद के साथ ही टाउनहाल, नखास, पीरनगर, गोराबाजार, शेखपुरा, बरबरहना, नुरुद्दीनपुरा रौजा ; कपूरपुर रजदेपुर सहित अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की गई। मुहम्मदाबाद नगर के जामा मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। देश में अमन चैन, सौहार्द और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। हाफिज सलमान ने सभी को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि अल्लाह का शुकराना अदा करते हुए आज हम रमजान उल मुबारक का इस्तकबाल कर रहे हैं और सबको इसके हुकूक को पहचान कर उन्हें हर कीमत पर अदा करना है।

इस मुबारक महीने का सबसे पहला हक यह है कि हम इस महीने की ताजीम व एहतेराम का पूरा खयाल रखें यानी हमारे किसी भी अमल से उसकी अजमत व हुरमत हरगिज पामाल ना होने पाए और यह उस सूरत में मुमकिन है जब हम वाजिबात की पाबंदी करें और हराम बातों से खुद को दूर रखें रमजान मुबारक महीने का सबसे बड़ा हक यह है कि इबादतें और आमाल जो इस महीने से मखसूस है हम उन्हें हर कीमत पर अंजाम दें और उनको बजा लाने में किसी तरह की कोताही ना करें।



विशेश्वरगंज स्थित ईदगाह मस्जिद में नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु।

## एंटी रोमियों स्क्वॉड की हनक फीकी

सुहवल। थाना क्षेत्र अंतर्गत शासन के द्वारा मनचलों पर नकेल कसने के उद्देश्य से गठित एंटी रोमियो स्क्वॉड की हनक नहीं दिखाई दे रही है,जिसके चलते महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शासन की मंशा पूरी होती नहीं दिख रही है। लोगों का कहना है कि टीम के द्वारा चलाए जाने वाला अभियान अब महज फाइलो तक ही सिमटकर रह गया है। इसके लिए शासन के द्वारा बकायदा महिला व पुरूष आरक्षियों के साथ ही एक उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाती है। मगर शायद ही कभी इस चलाए जाने वाले अभियान में उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी मौजूद रहते हो।बहरहाल महकमें ने अभियान अनवरत चलने का दावा तो किया है,मगर हकींकत कोसों दूर है।हां यह जरूर है कि पुलिस व इसमें शामिल टीम के सदस्य कभी कभार अभियान चला फाइलों के खानापूर्ति करने में लगे है। मालूम हो कि योगी सरकार के पहले कार्यकाल 2017 में महिलाओं,छात्राओं के होने वाले उत्पीड़न को रोकने के लिए इसका गठन किया गया था। कुछ दिनों तक तो गठित इस टीम की सक्रियता बनी रही ,मगर कुछ दिनों बाद ही एंटी रोमियों स्क्वाड का अभियान कुंद होने लगा। इस संबंध में सीओ जमानियां विधि भूषण मौर्य ने बताया कि अभियान लगातार चलता है,वह मनचलों व अराजकतत्वों के खिलाफ अभियान के तहत कार्यवाई भी की जाती है।

## सिद्धेश्वर बाबू का त्याग इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में रहेगा : कुमार निर्मलेन्दु



जिला पंचायत हाल में संबोधित करते जिलापूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेन्दु ।

गाजीपुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के 31 मार्च 1948 को विधान सभा. उत्तर प्रदेश से दिये गये त्यागपत्र के स्मृति में राजनीतिक शुचिता का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में ₹ निस्पृह राजनेता- बाबू सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य नरेन्द्र देव एवं बात सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अखिलेश राय ने कहा कि बाबू सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह का त्याग गाजीपुर के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा। आजादी के अमृत महोत्सव में ऐसे राष्ट्र प्रेमिये को याद करना एक आवश्यक काम है, इसके साथ ही राष्ट्र नापको को एक खास जाति विशेष का नायक बनाकर घोषित करना एक बड़ा संकट है। अतः राष्ट्र के लिए अपनी कुबार्नी देने वाले राष्ट्र नायको की पहचान उनका देश है, उनका कर्म है। कार्यक्रम में डां.निरंजन,व्यासमुनी राय, सपना सिंह,हरिकेश सिंह, मधांता राय, डा.सांनद सिंह, अखिलेश सिंह, दिनेश कुमार सिंह, कामेश्वर द्विवेदी, दिनेश राय आदि रहें। अध्यक्षता पूर्व कुलपति अखिलेश सिंह एवं संचालन सांनद सिंह ने किया।

## अध्यक्ष बने प्रमोद उपाध्यक्ष सुमन



सहकारी संघ चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत करते सदस्य।

**जनसंदेश न्यूज**

गाजीपुर। सहकारी संघ का चुनाव सह सहमति से निर्वरोध सदर ब्लॉक के फतेउल्लाहपुर में शुक्रवार को सम्पन्न कराया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संघ के लोगों ने सम्मानित किया गया। नवागत अध्यक्ष प्रमोद कुमार कुशवाहा ने कहा कि संघ द्वारा इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौपी गईं है।

जिसे मेरे द्वारा इमानदारी व निष्ठा पूर्वक निभाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमोद कुमार कुशवाहा अध्यक्ष, सुमन भारती उपाध्यक्ष व सुनिल कुमार, करन सोनकर, शुभम राय, गुडडू ठठेरा, चुनू ,प्रकाश निर्वाचित किए गए।

समारोह में अच्छे लाल गुप्ता, गोपाल राय, टुनटुन राय, पतिराम बिंद, प्रकाश राय, सुभाष चौरसिया, गौतम कुमार, अजय मौर्या, दया सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुखिया की मेहरबानी से सफाई कर्मी पत्नी की चांदी

मरदह। जिस गांव में पति प्रधान, उसी गांव में उसकी पत्नी सफाई कर्मचारी पद पर तैनात चर्चा का विषय बन गया है। इस खेल में खंड विकास अधिकारी सहित एडीओ पंचायत पर भी शिकायतकर्ता ने गंगीर आरोप लगाते हुए पंचायत राज अधिकारी को पत्रक सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की है। महमूदपुर गांव के हरिनारायण यादव ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव तथा इनकी पत्नी माधुरी देवी अपनी ही ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं जो कभी भी गांव में साफ-सफाई का कार्य नहीं करती है।

सफाई कर्मी माधुरी देवी का पति ही ग्राम प्रधान है जो हमेशा इनकी हाजिरी रजिस्टर में दिखाई जाती है तथा बायोमेट्रिक मशीन का भी प्रयोग नहीं किया जाता है तथा इनके वेतन हेतु पत्र प्रमाणित खुद प्रधान पति ही करता रहता है। पूर्णतया नियम विरुद्ध है तथा इनके सम्बंधित कर्मचारी प्रभारी एडीओ पंचायत नवीन कुमार सिंह की मिलीभगत से ऐसा कृत्य महीनों से हो रहा हैं। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी अंशुल मौर्या ने बताया कि शिकायत पत्र मिला है जांच कराकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## पंचायत सचिवालय : लटके ताले, अव्यवस्था हावी

**यह है हाल**

**गांव स्तर पर लोगों को नहीं मिल रहा सुविधा का लाभ**

गाजीपुर। शासन ने जिले में सैकड़ों ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये की लागत से पंचायत सचिवालयों का निर्माण कराया गया है। इसका मकसद ग्रामीणों को एक छत के नीचे ब्लॉक, तहसीलों के चक्कर से निजात दिलाना था, लेकिन यह मकसद फिलहाल प्रशासनिक उदासीनता से पूरा होता नहीं दिख रहा। गांव की सरकार चलाने में जिले के अफसरों से लेकर प्रधानों तक की मनमानी जारी है। लाखों की लागत से बने पंचायत सचिवालयों में ताला लटक रहा है। संचालन को लेकर कई तरह का रोड़ा है। कहीं पर पंचायत भवन अधूरे हैं तो कुछ में काम मानक विहीन हुआ। कई तो ऐसे पुराने भवन हैं जिन्हें कागजों में तो ठीक दिखाया गया, पर वह जर्जर हो चुके हैं। इतना ही नहीं कुछ ग्राम पंचायत अधिकारियों ने आज तक कंप्यूटर व अन्य संसाधन भी मुहैया नहीं कराए। कोई डोंगल काम न करने तो कोई बजट न होने जैसी समस्याओं का दुखड़ा रो रहा है। इसे लेकर शिकायतें करने पर आला अधिकारी भी तरह-तरह के दबाव बना रहे हैं। यही कारण है कि गांव की सरकार चलाने का सपना पूरी तरह साकार नहीं हो सका है और आज भी लोग ब्लाक व तहसील के चक्कर लगा रहे हैं। शुक्रवार को जनसंदेश टाईम्स की टीम ने गोहदा के पंचायत सचिवालय की पड़ताल की। जिसमें पंचायत सचिवालय बंद मिला। वहीं एक पंचायत सचिवालय में कामकाज ठप मिला ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताई। लल्लन कुशवाहा, सुरेन्द्र, मदन, सोनू, हरिश्चंद्र आदि ने बताया कि पंचायत सचिवालय खुलने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन खुलने का कोई समय सीमा ही निर्धारित नहीं है। जिससे ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। सचिव सुधीर सिंह ने बताया कि एक माह से वह निर्वाचन कार्यालय में डयूटी पर है। जिसके कारण पंचायत सचिवालय पर नहीं पहुंच पा रहा हूं। विभागीय अधिकारी ही ग्रामीणों के समस्याओं का निस्तारण कर सकते हैं।




रेवतीपुर विकास खंड के गोहदा विशुनपुरा के पं. सचिवालय पर लटका ताला।

## संक्षेप

### बदला मौसम का मिजाज, हल्की बूंदाबांदी के साथ छाए रहे बादल

गाजीपुर। जिले में मौसम का मिजाज शुक्रवार की सुबह बदल गया। हल्की बूंदाबांदी के साथ ही बादल छाए रहे। मौसम विभाग का कहना है कि अभी आने वाले चार दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा।



अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आई, इससे बढ़ती गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत भी मिलेगी। फरवरी के अंत से तेजी से तापमान का ग्राफ ऊपर जा रहा था, इस कारण से सर्दी में भी गर्मी का अहसास हो रहा था। लेकिन शुक्रवार की सुबह कई जगहों पर तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी ने तापमान को और नीचे कर दिया। दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर तेजी से बढ़ रही गर्मी के बीच आसमान में बादल छाने पर मौसम सुहाना होने से लोगों को राहत तो मिल रही है। लेकिन बारिश से फसलों को होने वाले नुकसान को लेकर किसान चिंतित हैं। बारिश के भय से किसान आसमान की तरफ टकटकी लगाए हुए हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के चलते बहुत से किसानों की फसल बर्बाद भी हुई है। ऐसे में उनका कहना है कि यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा तो सालभर की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

### ग्राम न्यायालय में लगा गंदगी का अंबार



जखनिया। ग्राम न्यायालय जखनिया में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। देखने से ही लगता है कि परिसर में कभी साफ सफाई नहीं की जाती है। जबकि ग्राम न्यायालय से सटे ब्लॉक मुख्यालय का कार्यालय है। जहां सभी सफाई कर्मियों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन न्यायालय में सफाई न होना आश्चर्य की बात है। ग्राम न्यायालय के अधिवक्ताओं का कहना है कि परिसर में कभी सफाई नहीं कराई जाती है। इस बारे में उन्होंने ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश सहित खंड विकास अधिकारी से भी कह चुके हैं। इस बारे में एडीओ पंचायत से पूछने पर उन्होंने बताया कि जल्द ही सफाई कर्मी द्वारा ग्राम न्यायालय की सफाई कराते हुए वहां परमानेंट सफाई कर्मी की नियुक्ति कर दी जाएगी ताकि साफ सफाई होती रहे।

### ट्रेन से कटकर विवाहिता ने दी जान

सादात। बहरियाबाद थाना क्षेत्र के आसपुर गांव निवसिनी कंचन मौर्या ने गुरुवार की देर रात किसी ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। मृतका का मायका सादात नगर के वार्ड तीन में है। शुक्रवार की सुबह जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है। सादात के वार्ड तीन निवासी रमाशंकर कुशवाहा के पुत्री कंचन मौर्या (28) की शादी बहरियाबाद थाना क्षेत्र के आसपुर निवासी रामकुमार के साथ हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं। परिजनों के अनुसार कंचन ने गुरुवार की रात बच्चों सहित परिजनों को खाना खिलाया। इसके बाद रात पौने दस बजे के करीब उसका पति बगल में अपने किसी दोस्त के यहां चला गया और जब घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद जब उसका पता नहीं चला तो उसके पति ने मायके वालों को भी इसकी जानकारी दी। इस बीच मरदापुर के पास रेलवे ट्रैक पर एक शव मिलने की सूचना पर जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो शव की शिनख्त कंचन के रूप में की गयी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सोशल मीडिया पर थानाध्यक्ष का वीडियो वायरल

सादात। सोशल मीडिया पर दो दिन से सादात थानाध्क्ष का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह एक व्यक्ति से यह कह रहे हैं कि तुम्हारे पास पीड़िता से शादी करने, या फिर दो लाख रुपये देकर अपनी जान छुड़ाने अथवा परिवार सहित जेल जाने का विकल्प है। इसमें दो लाख रुपये को एसओ द्वारा मांगे जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चा की जा रही है। एसओ शैलेष मिश्रा ने बताया कि समोगर निवासी एक लड़का तीन बच्चों की विधवा मां को झांसा देकर उसके साथ गलत हरकत करने के बाद अब उसे छोड़ रहा है, जबकि पीड़िता शादी करना चाहती है। फिलहाल इस मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ध्वनि मापने का नहीं इंतजाम

गाजीपुर। जिले में ध्वनि प्रदूषण कम करने के लिए भले ही जागरूक किया जा रहा हो, मगर प्रशासन के पास ध्वनि मापने के इंतजाम तक नहीं हैं। आवाज कम करने का दावा हवा में ही किया जा रहा है। जिन धर्मस्थलों पर लाउडस्पीकर लगे हैं, वह अभी भी कानफोड़ू बने हुए हैं। धर्मस्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों से छात्रों, बुजुर्गों और मरीजों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो रही थी। मानक के अनुसार आवासीय क्षेत्र में दिन में 55 और रात में 45 डेसीबल से अधिक आवाज नहीं होनी चाहिए, लेकिन अभी तक मनमाने तरीके से लाउडस्पीकरों को बजाया जा रहा था। कोर्ट ने संज्ञान लेकर हर हाल में मानक का पालन कराने के निर्देश दिए। प्रशासन जिले में लाउडस्पीकरों के मानक के अनुसार बजने की बात कह रहा है। जबकि यह दावा कितना मजबूत है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिले में ध्वनि प्रदूषण मापने के लिए न तो कोई यंत्र है और नहीं प्रशासन के पास। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर किस आधार पर कहा जा रहा है कि ध्वनि प्रदूषण नहीं हो रहा है। जबकि सच यह है कि जिन धर्मस्थलों पर लाउडस्पीकर लगे हैं, वहां अभी भी तेज आवाज में बजाए जा रहे हैं। इससे लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

### मौसम के बदले मिजाज से किसान चिंतित

जखनिया। दो दिनों से मौसम के बदले मिजाज से किसान चिंतित है। वह कटाई व मड़ाई में जुटे हैं। पिछले दो-तीन दिनों से हो रही हल्की बूंदाबांदी से किसान परेशान है। अगर बरसात हो गई तो गेहूं की फसल के साथ ही चना सरसों सहित आलू की फसल बर्बाद हो जाएगी। क्योंकि इस समय सभी फसलें तैयार है। किसान दिन-रात खेतों में कटाई एवं मड़ाई में लगे हुए हैं। क्षेत्र के किसान सच्चे लाल यादव ने बताया कि अगर इस समय बरसात हो जाएगी तो किसानों की सारी मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी। गेहूं की फसलें तैयार हैं।

### आलोक सिंह निर्विरोध सभापति

सादात। स्थानीय सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति और उप सभापति के लिये शुक्रवार को हुए चुनाव में अलोक रंजन सिंह को निर्विरोध सभापति और जितेन्द्र कुशवाहा को उप सभापति चुना गया। दोनों पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर शुभेच्छुओं ने प्रसन्नता जताया है ।

### बदहाल मार्ग पर थके कदम, खतरों से गुजर रहे राहगीर



गाजीपुर। जिले में अधिकतर सड़कें बदहाल हैं। उन पर चलना खतरों से खाली नहीं है। रौजा रेलवे क्रासिंग जनसुविधा और सुगम यातायात के लिए फ्लाईओवर तो बन गए, लेकिन उनकी सर्विस रोड पर ध्यान नहीं दिया गया। यूं तो सभी सर्विस रोड खस्ताहाल है, लेकिन रौजा में बने फ्लाईओवर की सर्विस रोड पर काफी गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में परेशानी करनी पड़ रही थी। रेलवे क्रांसिंग पर बने फ्लाईओवर की सर्विस रोड काफी समय से बदहाल है। इस सर्विस रोड से काफी राहगीर और स्कूल-कालेज आने वाले बच्चे गुजरते हैं। शहर में सड़कों की जर्जर हालत राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। गढ्डा युक्त सड़क यात्रियों की जान को खतरा पैदा करते है। यहां तक ??कि राष्ट्रीय राजमार्ग भी अच्छी स्थिति में नहीं है क्योंकि जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। दिन भर व्यस्त रहने वाले रोड के ये गड्ढे यातायात के सुचारू प्रवाह में भी बाधा डालते हैं। शहरवासियों का कहना है कि गड्ढों के कारण सड़कें जर्जर हो गई हैं और दुर्घटनाएं कई गुना बढ़ गई हैं। गड्ढे न केवल चार पहिया वाहनों को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि दुर्घटनाओं का प्राथमिक कारण भी बन रहे हैं। सड़क के खराब डिजाइन भी दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण हैं।

### पत्रकारों ने निधन पर जताया शोक

बिरनो। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के भड़सर गांव निवासी पत्रकार विनोद खरवार के बड़े पिता खिचड़ू खरवार (68) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। गुरुवार को रामनवमी मेले में सबसे मिले जुले और घर पर खाना खाकर सोए थे। शुक्रवार को सुबह चार बजे भोर में उनकी तबियत खराब हो गई। परिजन उन्हें लेकर निजी हॉस्पिटल ले गए चिकित्सक अभी जांच ही कर रहे थे। तब तक उनका निधन हो गया। पत्रकार भवन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा के शांति की कामना की गई।

## जनसंपादकीय

# समाज के ताने बाने से खिलवाड़ करती 'हेट स्पीच'

**डॉ सत्यवान सौरभ**



हेट स्पीच एक समूह, या जाति, धर्म या लिंग जैसी अंतर्निहित विशेषताओं के आधार पर किसी व्यक्ति को लक्षित करने वाले आपत्तिजनक भाषण को संदर्भित करती है, जो सामाजिक शांति को खतरा पैदा कर सकती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, देश में 2014 और 2020 के बीच घृणास्पद भाषण अपराधों में छह गुना वृद्धि हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार दोहराया है कि घृणा अपराधों के नाम पर कोई गुंजाइश नहीं है। भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म और यह राज्य का प्राथमिक कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों को ऐसे अपराधों से बचाए। एक ही बयान, किसी के लिए नफरत फैलाने वाली बात हो जाता है और किसी के लिए बोलने की आजादी। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार इसी उलझन में फंसा रहता है। अपनी बात कहने की आजादी से जुड़े कई कानून हमारे देश में मौजूद हैं और एकता व शांति भंग करने वाले बयानों पर पाबंदी भी है। इन कानूनों का उपयोग और दुरुपयोग दोनों की ही चर्चा होती रहती है। किसी भी ऐसी बात, हरकत या भाव को, बोलकर, लिखकर या दृश्य माध्यम से प्रसारित करना, जिससे हिंसा भड़कने, धार्मिक भावना आहत होने या किसी समूह या समुदाय के बीच धर्म, नस्ल, जन्मस्थान और भाषा के आधार पर विद्वेष पैदा होने की आशंका हो, वह हेट स्पीच के अंतर्गत आती है।

सहिष्णुता और असहिष्णुता के शोर के बीच यह मामला और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि समस्या के मूल में यही है कि जनता और नेता किसी की बात को सह पाते हैं या नहीं। क्या किसी की बात सहन न होने पर हिंसा भड़क सकती है, इसलिए बयानों पर कानून के जरिए सजा दिलवाकर लगाम लगाना जरूरी है। या फिर अपनी बात कहने की आजादी सभी को है, इस लिहाज से कानून की बंदिश नहीं होनी चाहिए। समाज में अनुचित व्यवहार भेदभावपूर्ण संस्थाओं, संरचनाओं और मानदंडों को उत्पन्न करते हैं, जो असमान सामाजिक संबंधों को मान्य और बनाए रखते हैं। इससे कुछ लोग दूसरों को हीन और सम्मान के योग्य समझने लगते हैं। साम्प्रदायिक एजेंट अक्सर चुनावी लाभ के लिए धर्म के नाम पर लोगों का ध्रुवीकरण करने के लिए हेट स्पीच का उपयोग करते हैं। साम्प्रदायिक घृणा फैलाने वाले भाषणों के कारण, भारत ने कई दंगे देखे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की रेंज और गुमनामी उन्हें दुरुपयोग के प्रति संवेदनशील बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नकली समाचार अफवाह फैलाने और हेट स्पीच की बढ़ती घटनाओं को जन्म देते हैं।

पीड़ित व्यक्ति/लोग शायद ही कभी प्रतिशोध के डर से या गंभीरता से नहीं लिए जाने के डर से अधिकारियों को घटनाओं की रिपोर्ट करते हैं। यहां तक कि जब मामलों की सूचना दी जाती है, तब भी अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई की कमी के कारण उद्देश्य विफल हो जाता है। भारत में, भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 505 मुख्य प्रावधान हैं, जो भड़काऊ भाषणों और अभिव्यक्तियों से निपटते हैं जो 'घृणास्पद भाषण' को दंडित करने की कोशिश करते हैं। हेट स्पीच से निपटने के लिए एक अलग कानून की अनुपस्थिति के कारण मौजूद खामियों का दुरुपयोग हुआ है। 2017 में, समिति ने एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें ऑनलाइन हेट स्पीच को रोकने के लिए सख्त कानूनों की सिफारिश की गई थी।प्रत्येक राज्य में एक राज्य साइबर अपराध समन्वय होना चाहिए, जो एक अधिकारी होना चाहिए जो पुलिस महानिरीक्षक के पद से कम का न हो। प्रत्येक जिले में एक जिला साइबर क्राइम सेल होना चाहिए। इसने ?5,000 के जुमार्ने के साथ दो साल तक की सजा का प्रस्ताव किया। विधि आयोग की सिफारिशों को लागू करनाः विधि आयोग ने अपनी 267 वीं रिपोर्ट में आईपीसी की धारा 153(इ) के तहत 'नफरत को उकसाने पर रोक लगाने और कुछ मामलों में डर, अलार्म या हिंसा भड़काने' पर आईपीसी की धारा 505 के तहत नए प्रावधान जोड़कर भारतीय दंड संहिता में संशोधन का सुझाव दिया।

यह बातचीत, मध्यस्थता और मध्यस्थता के माध्यम से हेट स्पीच की समस्या का समाधान करने का एक बेहतर तरीका है। भारत में शिक्षा प्रणाली दूसरों के प्रति सहिष्णुता, करुणा और सम्मान को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है। लोगों को विविधता, एक बहुलवादी समाज के महत्व और भारत की एकता में इसके योगदान के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया के उद्भव ने हेट स्पीच के निर्माण, पैकेजिंग और प्रसार के लिए कई मंच तैयार किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने टीवी बहसों पर हेट स्पीच के संबंध में भी चिंता जताई है। इसलिए इन माध्यमों को विनियमित करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए. हेट स्पीच लोकतंत्र के दो प्रमुख सिद्धांतों- सभी के लिए समान सम्मान की गारंटी और समग्रता की सार्वजनिक भलाई, को खतरे में डालती है। मीडिया द्वारा एक आचार संहिता को अपनाने, निजी और सार्वजनिक संस्थानों द्वारा स्व-नियमन और बहुलवाद का सम्मान करने के महत्व और हेट स्पीच से उत्पन्न खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। 2020 में हेट स्पीच के मामलों में कन्विक्शन रेट 20.4% था। जिससे यह पता चलता है कि मामले तो दर्ज.होते हैं लेकिन सजा नहीं दी जाती, जिससे लोगों के अंदर डर की भावना पनप नहीं पाती और ऐसे ही सामाजिक सद्भाव और समाज के ताने बाने से खिलवाड़ की जाती रहती है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, संपर्क :9466526148)**

# केदारनाथ की गद्य रचनाओं में काव्यात्मकता

**स्मरण**



**कुसुमलता सिंह**

केदारनाथ अग्रवाल को हिंदी की प्रगतिशील कविता के मौलिक और जन कवि के रूप में याद किया जाता है। उनका चिंतन और सृजन का क्षेत्र व्यापक है और उन्होंने विपुल मात्रा में गद्य रचनाएँ भी लिखी हैं जिसमें निबंध-संग्रह, यात्रा-वृतांत, अनुवाद, रिपोर्ताज, पत्राचार, डायरी आदि शामिल है। उनकी कविता में प्रकृति प्रेम है, जीवन का उल्लास है, मार्क्सवाद का प्रभाव है, उनके पेशे वकालत का प्रभाव है। उन्हें बुंदेलखंड से प्यार है और केन नदी तो जैसे उनकी कविता का स्रोत ही हो। यह सब विशेषताएं उनके गद्य में भी हैं। केदारनाथ अग्रवाल की ख्याति यद्यपि कवि-रूप में अधिक रही पर उनका चिंतक गद्यकार भी काव्य-सृजन के समानांतर सक्रिय रहा। उनके निबंध इसके गवाह हैं। इनके निबंधों को पढ़ते हुए यह तो समझ में आ गया कि रचनाकार का मन समुद्र की तरह गहरा होता है। जहाँ उसके अनुभव गहराई में किसी महत्वपूर्ण निधि की तरह घुले-मिले होते हैं। लेखक जब भी सृजन के लिए कलम उठाता है, वे अनुभव न सिर्फ उसे अनुप्रेरित और अनुप्राणित करते है , बल्कि उसकी रचना चाहे वह किसी विधा में हो, कविता, कहानी या निबंध हो, उसे विश्वसनीय, व्यापक और जीवंत बनाते हैं। जिस लेखक का अनुभव-संसार जितना विस्तृत, व्यापक और गहरा होता है, उसकी रचनाएं उसी अनुपात में असरदार और सशक्त होती हैं। यहाँ अनुभव से अभिप्राय सिर्फ भोगे हुए यथार्थ से ही नहीं, लेखक की अनुभूतियों की सूक्ष्म पकड़, उसकी बारीक संवेदनशीलता और उसके दृष्टिकोण की दूरदर्शिता से भी है। केदारनाथ अग्रवाल की गद्य रचनाओं में काव्यात्मकता एक महत्वपूर्ण बिंदु है।

वे स्वयं अपने गद्य के बारे में अपने लेख संग्रह 'समय समय पर' की भूमिका में लिखते हैं कि 'मैं कवि भी हूँ इसलिए कभी-कभी मेरा गद्य भी काव्यात्मक हो जाता है।' संभवतः यही कारण है कि उनके गद्य में काव्यात्मकता पूरी तरह देखने को मिलती है। संवेदनशील भाव-तंत्र और गहन वैचारिकता की संहिति से उनकी सृजनशीलता आकार लेती है। केदारनाथ अग्रवाल जीवन के यथार्थ दर्शन से अपनी रचनाओं के आरंभ में ही परिचित हो चुके थे। उन्होंने अपने लेख में अपनी मार्क्सवादी दृष्टि को लेकर भी बेबाक बातें कही हैं। उनका मानना था कि मार्क्सवाद वैचारिक दर्शन है जिसको लेकर उनकी दृष्टि बिल्कुल साफ थी। वे मानते थे कि मार्क्सवाद ने उनके विचारों को एक वैज्ञानिक और मानवीय आधार दिया। वे कभी भी इस प्रकार के कवि और रचनाकार तो बिल्कुल नहीं बन सकते थे, यदि उन्हें मार्क्सवाद का और अपने वकालत के पेशे का इतना परिपुष्ट और मानवीय दर्शन न मिला होता। वे लिखते हैं-'मैंने अपना दृष्टिकोण सिद्धांतों को घोंटकर नहीं बनाया था। न मैं प्रोफेसर था-न शोध-कर्ता। इसलिए मैंने स्वयं सोचा और समझा और अपने विचारों को व्यक्त किया। इस सोचने-समझने में मुझे कविता के ऐतिहासिक क्रमिक विकास के कथ्य और शिल्प ने मदद दी। मैंने पुराने और नये कवियों की रचनाएँ पढ़ीं, उनके कथ्य और शिल्प को उनके निर्माण के युग में रखकर परखा। उनके युग से प्रभावित पाया। युग बदला, तो कथ्य और शिल्प दोनों बदले। यह परिवर्तन होता चला आया, इस तथ्य को मैंने बड़ी मजबूती से पकड़ा। इस परिवर्तन की उपेक्षा मैं न कर सका। मैंने इसे सहर्ष विवेक से ग्रहण किया। मेरे विवेक ने जो मुझसे कहा, मैंने उसे कसौटी पर कसा जान कर अपने और दूसरों के हित में, और हिंदी-कविता के विकास के हित में अपनाया।यह बात मेरे गद्य में भी स्पष्ट है।'

केदारनाथ अग्रवाल के घर में कविता का वातावरण था और वे कविता के मर्म को अच्छी तरह जानते थे। वे खड़ी बोली से प्रभावित थे। वे वक्तव्य नहीं लिखते थे बल्कि सही अर्थों में कविता लिखते थे। उनका विश्वास था कि कविता होकर ही पाठक के मन को छूती है। उन्हे मनुष्य से प्यार था। वे दुःखी और सताए हुए इंसान के प्रवक्ता थे। परंतु वे व्याख्याकार नहीं, कवि थे। उनके बिंब परिचित, सहज और संस्पर्शी होते थे। केन नदी उन्हें पुकारती थी। उन्होंने केन नदी को नर्मदा नदी जो मध्यप्रदेश की खूबसूरत नदी मानी जाती है उसके सौंदर्य के समानांतर रखने में कोई कसर न छोड़ी। बुंदेलखंड की धरती से उन्हें प्यार था। नागार्जुन और रामविलास शर्मा के बांदा आने पर उन्होंने जो कविता लिखी है वह इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। विचारधारा और वैचारिकता उन्हें कभी भी कटु नहीं बनाती थी। सबसे अनोखी बात तो यह है कि यह सारी चीजें उनके निबंध शैली में भी तीव्रता से दिखाई देती हैं। ।

केदारनाथ अग्रवाल ने अपने निबंधों में बालकृष्ण भट्ट, प्रतापनरायण मिश्र, बालमुकुंद गुप्त, अंबिकादत्त व्यास, जयशंकर प्रसाद, रामचंद्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी, महादेवी वर्मा आदि स्थापित नामों से अलग हटकर साहित्य में प्रगतिवादी आग्रह के तत्वों की संबद्धता पर विचार किया। वे मानते थे कि चिंतन वैज्ञानिक हो तभी उसकी प्रासंगिकता है। रचना मनुष्य के जीवन से जुड़े और संभवतः यही कारण था कि निराला और प्रेमचन्द उनके आदर्श रहे।

उनके लिखे गए निबंधों के शीर्षक पर नजर डालें तो यह शीर्षक ही उनकी काव्य के प्रति रागात्मकता को स्पष्ट करते हैं। 'काव्य चिंतन'/गद्य, पद्य और कविता', 'प्रेरणा और कविता,'आधुनिकताः नयी कविता-समस्या और समाधान', 'साहित्य में यथार्थवाद', 'बौद्धिकता और कविता', 'संज्ञान की कलात्मक अभिव्यक्तिः कविता', 'साहित्यकार का सामाजिक दायित्व', 'प्रगतिशील कविताः परंपरा और नवीनता', 'गीतकाव्य जन-मानस के आईने में', 'प्रगतिशील साहित्यकारों से', 'शासन, जनता और लेखक', 'अज्ञेय की कविताएं,' 'बच्चनः आदमी और कवि,' 'वाल्ट व्हिटमैनः यर्थाथवाद', 'प्रेरणा और कविता' आदि।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कवि के रूप में अग्रवाल जी प्रगतिवादी कवियों में सबसे अधिक कलात्मक कवि हैं। उनके पास शब्दचयन है, भावाभिव्यक्ति है, एक काव्यगत तटस्थता की संभावना है। इनके काव्य की विशेषता जीवन और उससे उपजी रागात्मकता का साक्षात्कार करना है और यह सारी विशेषताएं उनके निबंधों में भी उभर कर आई हैं। एक उदाहरण उनके लयात्मक लेखन शैली का ' काव्य-चिंतन' निबंध से लेते हैं जहाँ वे कविता के लिए कहते हैं कि 'कविता कोई स्थल नहीं हैं, जिसकी सीमा बताई जा सके। वह न एशिया है, न यूरोप; न रूस है, न अमेरिका, न द्वीप है, न प्रायद्वीप; न नदी, न पहाड़। उसकी कोई भौगोलिक स्थिति नहीं हैं। आज ही नहीं वह सदा अभौगोलिक रही है और भविष्य में भी अभौगोलिक रहेगी। किंतु वह अभौगेलिक होते हुए भी सब देशों में पाई जाती है। संसार में कोई देश अथवा प्रान्त नहीं हैं जहाँ वह पहले न रही हो और अब न हो।'

अब उनकी कविता की कुछ पंक्तियाँ देखें जिसमें उनकी यह बात स्पष्ट होती है-'मेरी कविताएँ गायेगी जनता सस्वर/नहीं सहारा रहा/धरम का और करम का/एक सहारा है/बस मुझको नेक कलम का/जरा-मरण से हार न सकते/मेरे अक्षर/मेरी कविताएँ गायेगी/जनता सस्वर।'

केदारनाथ अग्रवाल जिस सहजता और बिंबों और उपमाओं से अपनी बात कहते हैं है वह जैसे उनकी कविता को विशेष बनाती है वैसे ही उनके गद्य को भी विशेषता प्रदान करती है।

उनके ज्यादातर निबंधों के प्रकाशन का समय 1970 से 1981 तक का है तो जाहिर है यह इस समय से पहले लिखे गए होंगे। उन्होंने गुलाम देश को आजाद होते देखा था। वे देख रहे थे कि राजनीति में कोई संतुलन नहीं है। वैसे ही काव्य का क्षेत्र भी फैला हुआ है छायावादी, प्रगतिशील, कालातीत, भाषा में मत भिन्नता। वे जो भी कहते उसे अपनी बहुत आस्था के साथ कहते।

संभवतः यही कारण था कि अपने एक निबंध 'उल्टी खोपड़ी की उपज में' में वे हिन्दी भाषा को उदारमना के रूप में देखते हुए उसकी विकास यात्रा के लिए लिखते हैं -- 'हिन्दी ने अपने विकास-क्रम के इतिहास में भारत की समस्त बोलियों से अपने लिए उपयुक्त शब्द और मुहावरे लिए हैं। संस्कृत इसी देश की भाषा रही है। उसका अक्षय साहित्य-भंडार हिंदी के लिए उपलब्ध था। यदि हिंदी ने उसके शब्दों को लिया और उन्हें अपना बनाया, तो हिंदी ने कोई अपराध नहीं किया। किसने उर्दू को रोका था कि वह संस्कृत को न अपनाए । यदि उर्दू उससे अपने माफिक शब्द लेती तो हो सकता है कि वह हिंदी के अधिक निकट आती और भारतीय जनता उसे भी अपने कंठ में बसाती। मगर सत्य तो यह है कि उर्दू के सिरजनहार उसे हिंदी से या लोकभाषाओं से से या संस्कृत से मेलःमिलाप नहीं करने देना चाहते थे और अपनी इस नाजनीन को केवल अपने ही हृदय में कैद किए रखकर उसकी अदाओं पर निसार होना जानते थे।'

अपने एक लेख 'संस्कृति और परिस्थिति' में वे कहते हैं कि -'आज की उन्नतिशील शक्तियाँ हैं मजदूर-विज्ञान की, सर्वहारा वर्ग की शक्तियाँ, जो समस्त विश्व में शोषित हैं, शासित हैं, यद्यपि संख्या में अधिक हैं। फलतः अब साहित्य भी इसी संस्कृति में पलकर सर्वहारा वर्ग का विश्व श्रेष्ठ साहित्य हो रहा है। यही युग का प्रतिनिधित्व करेगा। इससे घबड़ाने की रत्ती भर भी आवश्यकता अथवा आशं?का नहीं है।' यह बात उनकी 1957 में लिखी कविता 'छोटे हाथ' में कुछ ऐसे आई है। देखें इस कविता के कुछ अंश---

'छोटे हाथ/सबेरा होते/लाल कमल से खिल उठते हैं/करनी करने को उत्सुक हो/धूप हवा में हिल उठते हैं।/छोटे हाथ/नहीं रूकते हैं/और नहीं धीरज धरते हैं/जड़ को चेतन/पानी को पय,मिट्टी को सोना करते हैं।/छोटे हाथ/किसानी करते-/बीज नए बोया करते हैं।/आने वाले वैभव के दिन/अँगुली से टोया करते हैं........।

उस समय उनके यह निबंध लोगों को काव्य और समय की पुकार को समझाने में सहायक हुए। हल्की ही सही, ताजगी की एक बयार आई। यह हल्की बयार बड़े तूफान में परिवर्तित हुई या नहीं पर ; यह अलग बात है पर इसके लिखने के पीछे इच्छा तो उनकी यही रही होगी कि उनके अनुभवों की, दूसरों के अनुभवों की कई परतें जो खुलनी बाकी हैं वे सबकी सब खुलें और हल्की बयार बिना किसी अनुशासन के बड़े झोंके में बदलकर व्यवस्था को बदले। क्योंकि संप्रेषणीयता के लिए रचनाकार को अपनी बौद्धिकता से बाहर निकलना पड़ता।

उन्होंने निराला जो उनके आदर्श थे उनकी कविताओं पर अपनी लेखनी चलाई हैं और अज्ञेय पर भी। उन्होंने उसी मजबूती से अमेरिकी कवि 'वाल्ट ह्विटमैन और यथार्थवाद' पर भी निबंध लिखा। उनका मानना था कि समय और परिस्थिति का प्रभाव लेखन पर पड़ना अवश्यंभावी है। वे अपने लेखों में जिस बेबाकी से अपनी बात रखते हैं वह उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है। वे अपनी भूमिका में लिखते हैं कि 'मैं इसे भी वैज्ञानिक नहीं समझता कि काव्य



का मूल्यांकन या पुनर्मूल्याकन -केवल कथ्य या शिल्प या कलात्मकता के आधार पर किया जाए और उसके सामाजिक या राजनयिक प्रभाव को दरकिनार कर दिया जाए। कृति को केवल कृति की एक मात्र इकाई के रूप में देखा जाए।' इसके लिए वे आगे कहते हैं कि- 'महाकवि कालिदास का काव्य इसका साक्षी है। इन्हीं का नहीं, अन्य प्रतिष्ठित गण्यमान्य कवियों तक का साहित्य इसका प्रमाण है। सबमें वही साहित्यकता मिलती है, जिसे दूसरे शब्दों में रसात्मकता, अलंकृतता और उक्तिवैचित्र्य आदि नाम दिये जा सकते हैं। कोई माने या न माने, यह स्वीकार करना ही पड़ेगा कि उस युग का समस्त साहित्य तब की समाज-व्यवस्था की आर्थिक परिस्थिति की ही प्रक्रिया का साहित्य है। एक राजा होता था। कवि उसके आश्रित रहते थे। कवि-कर्म इसी में सिद्धि प्राप्त करता था कि अपने आश्रयदाता की रुचि के वर्णन और भाव का काव्य रचे। उस समय कवि यह सोच नहीं सकता था कि जनता का साहित्य लिखे। राजा ही शक्तिशाली था। उसका जन-विरोधी रूप प्रकट ही नहीं हुआ था और न सामने दिखायी ही देता था। फलतः कवि राजदरबार का साहित्य ही बनाते थे।

'प्रगतिशील साहित्यकारों से' शीर्षक में उत्तर प्रदेश प्रगतिशील साहित्यकार सम्मेलन में दिए गए भाषण के अंश को संकलित किया गया है। इसमें वे प्रगतिशील लेखकों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि आज वही पुराना शासनतंत्र है, दुनिया बदली है, समस्यायें नई-नई उभरी हैं पर उनके समाधान का पुराना तरीका ही है इसीलिए आज के युग में विसंगतियां पैदा हो गई हैं। पर वे तब भी मानते थे कि देश के दारुण परिवेश को साहित्यकार भी भोगते हैं। हमारा प्रगतिवादी साहित्य जनता से प्रतिबद्ध साहित्य होना चाहिए। एक रचनाकार की बौद्धिक ईमानदारी का अंदाजा उनके इसी उद्बोधन से लग सकता है कि वे कैसे प्रकृति के कवि थे। उनकी रचनाओं में नीम भी है, बबूल भी, झाड़ी भी और पत्थर भी। सबमें सौंदर्य है। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रकृति और मनुष्य दोनों ही उनके गहरे सरोकारों में से थे। वे कहते हैं कि --' तमाशा तो यह है कि जिस प्रकृति में हम रहते हैं, जो हमारे लिए माँ है, जो हमारे लिए सब-कुछ सुलभ करती है और जिसमें हम जीते और जिसकी बदौलत हम कर्मठ व्यक्ति हैं, उसी को हमने आज के साहित्य से निष्कासित कर दिया है और हम हो गए हैं प्रकृतिविहीन निस्संग आदमी। प्रकृति से जुड़ना उसकी मुद्राओं को चित्रित करना और उसको सँवारना हम भूल गए हैं। परिणाम यह हुआ कि हमसे साहित्य-सृजन का सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक क्षेत्र निकल गया है। यह हितकारी नहीं विनाशकारी है। हम प्रगतवादियों को इस ओर विशेष ध्यान देना है और प्रकृति का साहित्य सृजन करना है।'

केदारनाथ अग्रवाल के उद्बोधन का इस अंश ने उनकी एक कविता की याद दिलाई और लगा कि केदारनाथ अग्रवाल जैसा कवि ही प्रकृति की ऐसी पक्षधरता रचनाकारों से कर सकता है- आज नदी बिलकुल उदास थी/ सोयी थी अपने पानी में/ उसके दर्पण पर/बादल का वस्त्र पड़ा था/ मैंने उसको नहीं जगाया/ दबे पाँव घर वापस आया।

**( लेखिका साहित्यप्रेमी हैं)**

# माउंट एवरेस्ट नहीं, माउंट सिकदर कहें, जनाब !

**शख्सियत**



**डॉ. सुधीर सक्सेना**

वह पर्वतारोही न था, अलबत्ता विज्ञान में उसकी रुचि थी। मूलतः वह गणितज्ञ था। गणित में बचपने से उसकी गति थी और अपनी प्रतिभा वह सबको चमत्कृत कर देता था। यह चमत्कार ही था कि उसने 19वीं सदी के मध्य, जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज था, में अपनी गणितीय मेधा से विश्व के सर्वोच्च शिखर को माप लिया था। उसकी गणना इतनी सटीक थी कि विस्मय होता है। उसकी और वैज्ञनिक उपकरणों की गणना मे फकत कुछ फुट का ही अंतर है। यह दशार्ता है कि ऊंचाई गणना के समक्ष बौनी है और उसे अंकों में बांधा जा सकता है।

जी हां, यह शक्स था राधानाथ सिकदर और पर्वत था एवरेस्ट। यह बात दीगर है कि विश्व की सर्वोच्च चोटी को तब एवरेस्ट नाम से नहीं जाना जाता था। माना जाता था कि कंचनजंघा विश्व की सबसे ऊंची चोटी है। एवरेस्ट की चोटी तब पीक (शिखर) 14 के नाम से ख्यात थी। सिकदर महाशय ने पीक फोर्टीन को मापने का दुष्कर कहें तो हिमालयी-दायित्व उठाया और उसकी बेनुक्स गणना कर डाली। यह सन 1852 का साल था यानि ग्रिगोरियन कैलेंडर के मान से आज से एक सौ सत्तर साल पहले सिकदर ने तब तक अपनी उम्र के 40 साल भी पूरे न किये थे।

वह बंगाल में रेनेसां का काल था, जब सन 1813 में जोड़ासांको में राधानाथ का जन्म हुआ। टीटूराम और देवकी की संतान राधानाथ की प्रारंभिक शिक्षा कमल बोस स्कूल और हिंदू कॉलेज, कलकत्ते में हुई। हिन्दु कालेज में उन्होंने सात साल तक तालीम हासिल की। ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा स्थापित द ग्रेट ट्रिगोनोमेट्रिकल सर्वे (जीटीएस) वैज्ञानिक और प्रशासनिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत दक्षता से प्रलेखित उपक्रम था। जार्ज एवरेस्ट इसके सर्वेयर जनरल थे। 20 दिसंबर, सन 1831 को सिकदर को नवस्थापित कम्प्यूटिंग कार्यालय में नियुक्ति दी गई। जार्ज एवरेस्ट जल्द सिकदर की गणितीय क्षमताओं से चकित हो गये और उन्होंने उसे अपनी छत्रछाया में ले लिया। सिकदर की नियमित नौकरी सन 1832 में शुरू हुई। उसका वेतन 107 रुपए प्रतिमाह था, जिसमें 50 रुपये वेतन, 40 रुपये तंबू भत्ते और 17 रुपये घोड़ा- भते के रूप में शामिल थे। समय के मान से यह बड़ी रकम थी। 'बॉस' के तौर पर एवरेस्ट ने उसकी प्रतिभा को बखूबी चीन्हा। फलतः सिकदर को वेतन-वृद्धियों का बेहतरीन लाभ मिला। सन 1838 में उसका वेतन 173 रुपये तक जा पहुंचा। सिकदर ने जीटीए छोड़ने की इच्छा व्यक्त की। वह सार्वजनिक संस्थान में शिक्षक बनना चाहता था। एवरेस्ट सिकदर को छोड़ना नहीं चाहते थे। अतः उन्होंने कंपनी- सरकार से बतौर प्रलोभन सिकदर को पर्याप्त वृद्धि देने की गुजारिश की। उन्होंने दलील दी कि सिकदर को उनकी आँखों के नीचे लड़कपन से प्रशिक्षित किया गया है और उसकी गणितीय उपलब्धियां योरोप में भी बहुत ऊंची 'रैंक' होंगी। एवरेस्ट की अधीनस्थ सिकदर के बारे में दलील काम कर गयी। एवरेस्ट के लिए सिकदर सस्ता, विश्वसनीय और टिकाऊ उपकरण था। एवरेस्ट की सिफारिश पर कंपनी सरकार ने 1 जून, 1838 को 100 रुपए की विशेष वृद्धि दी। सन 1845 में सिकदर को मुख्य कंप्यूटर बनाया गया। यही वह साल था, जब जीटीएस ने उत्तर पूर्वी हिमालयी श्रंखला शुरू की, जो सन 1850 में पूरी हुई। इसके पूर्व एवरेस्ट अपने इस प्रिय संगणक मोशाय को अपने साथ मसूरी ले गये, जहां संगणक महाशय 15 साल रहे। उत्तरपूर्वी हिमालयी श्रृंखला देहरादून से बिहार में पूर्णिया में सोनाखोड़ा तक 2720 किमी तक फैली हुई है। इस श्रृंखला के प्रमुख स्टेशनों से हिमालय की शक्तिशाली चोटियां दिखाई देती हैं। एवरेस्ट के उत्तराधिकारी एंड्रयू वॉ, जो सन 1843-63 में सर्वियर जनरल थे, ने आदेश दिया कि प्रत्येक दृश्यमान छोटी या बड़ी चोटी प्रत्येक अवलोकन-स्टेशन से देखी जानी चाहिये, लेकिन चाटियों की पहचान कंप्यूटरों पर छोड़ दी जानी चाहिये। गौर करें कि वॉ ने जब यह आदेश जारी किया, सिकदर मुख्य कम्प्यूटर के पद पर प्रोन्नत हो चुके थे। पीक-14 की ऊँचाई की गणना का श्रेय सिकदर को देने को लेकर पर्याप्त मत-भिन्नता है। यह भी कहा जाता है कि वह नस्लवाद और ब्रिटिश श्रेष्ठतावाद के शिकार हुए। उनके कम्प्यूटिंग कार्यालय को सन 1849 में कलकत्ते ले जाया गया और सन 1862 में उनकी सेवानिवृति के बाद वापस देहरादून लाया गया। इसी काल में हिमालय की प्रमुख चोटियों की ऊँचाई की गणना हुई। बहरहाल, 27 नवंबर, सन 1849 से 17 जनवरी, सन 1850 के मध्य छह अलग-अलग स्टेशनों से पीक-14 का अवलोकन किया गया। दिलचस्प तौर पर गणनाएं सुसंगत थी। 28990 फुट से 29026 फुट के दरम्यान, के-2 के तौर पर ज्ञात काराकोरम चोटी 28250 फुट के साथ दूसरी, पायदान पर रही। इसके बाद क्रमशः कंचनजंघा क (28146 फुट) कंचनजंघा कक (27803 फुट) और धौलागिरि (26795 फुट) का स्थान रहा। सन 1865 में वॉ के सुझाव पर रॉयल जियो-ग्राफिकल सोसायटी ने पीक-14 का नामकरण किया एवरेस्ट। डेढ़ सदी से अधिक वक्त गुजरा कि विश्व के इस सर्वोच्च शिखर को एवरेस्ट के नाम से जाना जाता है। एवरेस्ट की ऊंचाई को लेकर बहस-मुबाहसा आगे जारी रहा। सन 1904 में जीटीएस के अध्यक्ष सिडनी गेराल्ड बर्राड ने विज्ञान-पत्रिका 'नेचर' में लिखा- ''सन 1852 में कलकत्ता- कार्यालय के मुख्य कंप्यूटर (राधानाथ सिकदर) ने सर एंड्रयू को सूचित किया कि एक शिखर नामित कश अब तक किसी भी अन्य की तुलना में अधिक ऊंचा पाया गया है।'' बर्राड के इस कथन को लेकर विवाद रहा, लेकिन पाव सदी बाद सन 1928 में ब्रिटिश संगणक मेजर केनेथ मेसन (सन 1887-1976) ने शिक्षता में 'हिमालयन रोगांस ' पर अपने व्याख्यान में कहा- ''यह उत्तर पूर्वी टिप्पणियों की गणना के दौरान था कि एक बाबू सन 1852 में एक सुबह सर एंड्रयू वरा के कमरे में पहुंचा और कहा- 'सर मैंने धरती पर सबसे ऊंचे पहाड़ की खोज की है'' यह बंगाली बाबू कोई और नहीं, मुख्य कम्प्यूटर राधानाथ सिकदर थे। मेसन के पर्चे को जोगेशचंद्र बागल ने रामानंद चटर्जी की ख्यात पत्रिका 'द मॉडर्न रिव्यू' में उद्धृत किया। प्रागत्व के मुताबिक मेसन के भाषण की रपट 12 नवंबर, सन 1928 को 'द इंग्लिश मैन' में छपी थी। राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्था के पूर्व निदेशक एवं 'द वैदिक पिपलः देअर हिंदी एंड जियोग्राफी' के लेखक राजेश कोचर ने भी विषय पर अत्यंत विस्तार से लिखा है। बंग्लापीडिया स्पष्ट कहता है कि राधानाथ सिकदर ने सेवा में रहते हुए हिमालय की सबसे ऊंची चोटी, दुनिया की भी सबसे ऊंची चोटी की भी खोज की।'

जार्ज एवरेस्ट जब किसी ऐसे योग्य, युवा और उत्साही गणितज्ञ की तलाश कर रहे थे, जो गोलाकार त्रिकोणामिति में दक्ष हो, तो हिन्दू कॉलेज में प्रोफेसर जॉन टिटलर ने उनसे अपने छात्र राधानाथ की सिफारिश की थी। जाहिर है कि टिटलर, एवरेस्ट और वॉ की त्रयी के बिना सिकदर के करियर की कल्पना नहीं की जा सकती। सिकदर एवरेस्ट की कसौटी पर खरा उतरा, और उसने अपूर्व उपक्रम कर दिखाया, इसमें कोई शक नहीं कि एवरेस्ट के कार्यकाल में जीटीएस ने कालजयी काम किया। एवरेस्ट नवाचारी और पारखी अधिकारी थे। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश मे सिरोज से लेकर बंगाल में कलकत्ते तक 'त्रिभुज-सर्वेक्षण' की अनुदर्ध्य- श्रृंखला संपन्न हुई। प्रेसीडेंसी कॉलेज के 19 वर्षीय छात्र राधानाथ की अतुल्य प्रतिभा को आंकने में उन्हें देर नहीं लगी। सन 1824 से उक्त कालेज के छात्र राधानाथ उन प्रथम दो भारतीयों में एक था, जिन्होंने आइजक न्यूटन की 'प्रिंसीपिया' पढ़ी थी और सन 1832 तक उसने यूक्लिड की एलीमेंट, थागस जेफसन की फ्लूक्सियन और अनालिटिकल ज्यामिति और पढ़ ली थी। उनके अध्ययन और अपनी मेधा से उसने दो वृत्तों के साझा स्पज्या बनाने की विधि खोज निकाली थी। संस्थान से जुटने कुछ अर्सा बाद उसे सिरोज भेजा गया। यद्यपि सर्वेक्षण अभियान में भाग ले रहे थे। सात बंगाली कम्प्यूटर भाग ले रहे थे, लेकिन राधानाथ की काबलियत इतनी आला दर्जे की थी कि वह एवरेस्ट की नजरों में चढ़ गया। उसका काम अंतरिक्ष में पृथ्वी की गति और गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का अध्ययन करना था। एवरेस्ट इस बंगाली प्रतिभा के लिए इस नाते कायल थे, क्योंकि, वह प्रचलित विधियों के बजाय अपने ईजाद किये उपायों को बरतता था। सन 1843 में एवरेस्ट को रिटायर होने के बाद राधानाथ महासर्वेक्षक एंड्रयू स्कॉट वॉ का भी लाड़ला रहा। वॉ ने उसे सन 1851 में चीफ कम्प्यूटर बनाया और मौसम विभाग का अधीक्षक भी। उन्हीं के आदेश पर राधानाथ ने चोटियों की ऊँचाई की गणना शुरू की और पाया कि विश्व और हिमालय की सर्वोच्च चोटी कंचनजंघा नहीं, वरन पीक-14 है। गौरतलब है कि गणना से पेश्तर राधा ने कभी वह शिखर नहीं देखा था। बहरहाल, उसने छह अलग-अलग स्टेशनों से पिक- 14 का अवलोकन किया और एक अपूर्व और ऐतिहासिक करिश्मा कर दिखाया। दिलचस्प तथ्य यह है कि राधानाथ ने शिखर की ऊंचाई 29,000 फुट (8839 मीटर) जताई थी, लेकिन वॉ ने उसमें जान-बूझकर दो फुट और जोड़ दिये, ताकि गणना को 'राउंड फिगर' का फेर न माना जाये। वॉ ने राधानाथ की गणना की औपचारिक घोषणा मार्च, 1856 में की। यह गणना सन 1955 में भारतीय सर्वेक्षण से माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 29029 फुट आंकी जाने तक मान्य रही। गौरतलब है कि यह मान्य तथ्य है कि एवरेस्ट की ऊंचाई प्रति वर्ष चार मिमी बढ़ रही है। ऐसे में राधानाथ की गणना विस्मय उपजाती है और उसकी विलक्षण मेधा के प्रति प्रशंसा का आदरयुक्त भाव जगाती है।

इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि सिकदर गौरांग शासकों की उपेक्षा का शिकार हुआ। सन 1851 में कॅप्टेन एचएल थूलियर और कैप्टन एफ. स्मिथ के संपादन में प्रकाशित सर्वे मैन्यूएल में भूमिका में बाबू राधानाथ सिकदर के अधिक तकनीकी और गणीतीय अध्यायों का उल्लेख था, किन्तु सन 1875 में पुनर्मुद्रित संस्करण में वह भूमिका नदारद थी। इस कृत्य की भर्त्सना कतिपय ब्रिटिश सर्वेक्षकों ने भी की। 'फ्रेन्ड आफ इंडिया' नामक पत्र ने सन 1876 में इसे 'रॉरी आफ द डेड' की संज्ञा दी। सन 1843 में सिकदर पर 200 रुपए के जुमार्ने का प्रकरण भी सामने आया। यह अर्थदण्ड उसने मजिस्ट्रेट वानसिटार्ट के विभागी कर्मचारियों के शोषण का विरोध करने पर भुगता था। यह प्रसंग रामगोपाल घोष ने अपने संपादन के द बेंगाल स्पेक्ट्रेटर में छापा था। अभिव्यक्ति के अधिकार के समर्थक राधानाथ ने सन 1854 में डेरो जियन-मित्र प्यारी-चंद मित्रा के साथ बांग्ला भाषा में मासिक पत्रिका का प्रकाशन भी किया। सन 1862 में रिटायर होने पर उसे जनरल असेंबलीज इंस्टीट्यूशन में गणित- शिक्षक के तौर पर नियुक्ति मिली। यह संस्थान अब स्कॉटिश चर्च कॉलेज के तौर पर ख्यात है।

राधानाथ सिकदर ने 17 मई, सन 1870 से चंदननगर में गोदलपाड़ा में अपनी विला में आखरी सांस ली। उसे चंदन- नगर की सिक्रेट हार्ट कब्रगाह में दफ्नाया गया। यह सिकदर की ख्याति का ही प्रमाण था कि जर्मन फिल्लासॉफिकल सोसायटी की बवेरिया शाखा ने सन 1864 में उसे अपना सदस्य मनोनीत किया। भारतीय डाक तार विभाग ने 27 जून, 2004 को चेन्नै में जीटीएस की स्थापना की स्मृति में डाक टिकट जारी किया तो उस पर राधानाथ सिकदर और नैनसिंह की छवियाँ थीं।

अब आप ही बताइये कि विश्व की सर्वोच्च चोटी को आप माउंट एवरेस्ट कहना पसंद करेंगे या माउंट सिकदर?

**( लेखक कवि एवं संपादक हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# ताबड़तोड़ साहित्यकार

**प्रभाशंकर उपाध्याय**



मेरे क्षेत्र में तख्तातोड़ ख्याल गायन हुआ करता है। नृत्य भंगिमा के साथ गायन की प्रस्तुति कुछ ऐसे जोश-खरोश से होती है कि तख्ता ही दरक जाता है। इसी तर्ज पर मेरे नगर के एक साहित्यकार ताबड़तोड़ लेखन करके साहित्यकारों की जमीन को दरका रहे हैं। मैं, इस बारे में निश्चित नहीं हूं कि ताबड़तोड़ होने की प्रेरणा उन्होंने हाड़-तोड़ परिश्रम से पायी या कि उस जबड़ा तोड़ हत्यारे से जिसका एक जमाने में बड़ा आतंक था।

खैर, इस संशय को कुएं में डालकर आगे बढता हूं। एक दिन फेसबुक पर टैगित पोस्ट को पढकर विदित हुआ कि विविध प्रकाशकों से उनकी पंद्रह पुस्तकें प्रकाशित होकर आ गयी हैं और शीघ्र ही उनका भव्य लोकार्पण भी होगा और मुझे भाई सुधीर ओखदे की यह पंक्ति याद आ गयी- 'जब तक मैं नई रचना का ताना-बाना बुनता हूं तब तक उनकी नई किताब हो चुकी होती है।'

बुलेट गति के उन माननीय लेखक को सुधीर जी की भांति मेरे जैसे बैलगाड़ी लेखक का बधाई देना लाजिमी था। उनका आवास भी मेरे घर से अधिक दूर नहीं है सो उसी दोपहर बधाई देने पहुंच गया। बरामदे में बरामद हुए साहित्यकार जी किसी गहरी सोच में डूबे हुए थे। इतने एकाग्र थे कि ग्रीष्म का प्रखर तावड़ा भी तोबड़तोड़ जी को विचलित नहीं कर पा रहा था। किसी महान रचना का जन्म होने वाला है, कदाचित। यह सोच, उस प्रसवकाल को बाधित न होने देने के लिए, मैं उल्टे पांव लौटने के लिए घूमा। पीछे से उनकी पुकार आयी, "अरे! आओ, आओ।"

मैंने उनके ध्यान को भंग किए जाने के अपराध के लिए माफी मांगी। वे बोले, "अरे, नहीं। तुम सही समय पर आए।" उन्होंने बताया कि एक गूढ पहेली में उलझ गया हूं। शायद तुम सुलझा दो। बात यह है कि यदि पंद्रह पुस्तकों का विमोचन पंद्रह लोग करेंगे तो वे कैमरे की जद में तो आ जाएंगे किन्तु चेहरे स्पष्ट नहीं होने से सचित्र समाचारों में या तो कुछ चेहरे कटेंगे या पूरे आ गए तो सिर्फ टिमटिमाएंगे।"

मैंने पूछा, "आप मंच पर कितने व्यक्ति चाहते हैं?" वे बोले, "मुझ समेत अधिकतम पांच लेकिन सवाल यह कि उनके दो हाथों में तीन-तीन किताबें कैसे फोकस हो सकेंगी?"

पहेली रोचक थी। दस हाथ और पंद्रह पुस्तक। सभी कैमरे में नजर भी आएं? कुछ देर सोचा तो एक हल मिला। मैंने मान्यवर से अर्ज किया कि एक रस्सी में सभी किताबों को पिरो दो और पांचों रस्सी थाम कर पुस्तकों के पीछे खड़े हो जाएं। वे उछल पड़े, "ये मारा पापड़वाले को। विमोचन के इतिहास में यह अभिनव प्रयोग भी होगा। मारे खुशी के उन्होंने मुझे डबल मीठी चाय पिलाई। प्रसन्नता के अतिरेक में वे, मेरे और स्वयं के मधुमेही होने की त्रासदी भी विस्मृत कर चुके थे। मैंने उनकी प्रसन्नता की बलिवेदी पर इतना बलिदान देना तो उचित ही समझा। इंसुलिन के एक इंजेक्शन का ही तो सवाल था बाबा!

**व्यंग्य**

खैर, भव्य लोकार्पण हुआ और उससे भी भव्य समाचार प्रकाशित और प्रसारित हुए। उनकी अद्भुत क्षमताशीलता के कसीदे पढते हुए, उन्हें 'धूमकेतु साहित्यकार' के तौर पर नवाजते हुए कहा गया कि आज अगर समस्त रचनाकार लिखना बंद कर दें तो यह जाबांज लेखक अकेला ही हिन्दी साहित्य के भंडार को भरने में समर्थ है। दो दिन बाद। एक समाचार अखबारों और सोशल मीडिया पर शाया और हुआ- धूमकेतु साहित्यकार की पंद्रह पुस्तकों में से एक को एक साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत किए जाने की घोषणा हुई थी। घोषणा की धूम जो मची तो समाचार जानने वालों की आंखों में भी धुआं धुआं हो गया। मैं, तत्काल उनके आवास पर पहुंचा, "यह अचंभा हुआ कैसे? चार रोज पहले छपी पुस्तक को पुरस्कार। अकादमी की प्रक्रिया तो बहुत समय लेती है।"

वे मूंछों ही मूंछों में मुस्कराए। उनमें मोनालिसा सा रहस्य छिपा था। बोले, "ये अचंभा नहीं बल्कि परदे की बात है। जब पर्दा है तो पर्दा ही रहने दो। लो अपना मुंह मीठा करो और उन्होंने मोतीचूर के लड्डू का चूरा मेरे मुंह में भर दिया। मेरे मुंह में मोतियों का चूरा था, मोतियों के हकदार तो वे थे। ताबड़तोड़ गति के जमाने में मेरे जैसा कछुआई लेखक की जिसकी चालीस साल में कुल जमा दो ही पुस्तकें हों वह मोतियों की आकांक्षा पाले भी तो आखिर किस बूते पर?

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क. 9414045857)**

# भूमाफिया के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

**हुई सुनवाई**

### पांच दिन से भूख हड़ताल पर बैठे थे दंपति

**आजमगढ़।** जिला कलेक्ट्रेट अंबेडकर पार्क में बैठे दंपत्ति बुजुर्ग को एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा ने भूमाफिया के ऊपर एफआईआर कराने का निर्देश दिया। एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा ने कहा आप लोग भूख हड़ताल को समाप्त अपने घर जाइए लेकिन धरने पर बैठे दंपति द्वारा कहा गया कि जब तक लिखित में प्रशासन द्वारा कागज नहीं मिल जाएगा तब तक हम लोग भूख हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे।

निजामाबाद तहसील के ग्राम बुद्धसेनपुर निवासी बुजुर्ग दम्पत्ति फर्जी अमलदरामद के खिलाफ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सोमवार से पुनः जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अंबेडकर पार्क में धरनारत है। उनका आरोप है कि मौजूदा चकबंदी के आकार पत्र 11 के खाता संख्या 99 के ग्राम के भू माफिया मुन्ना उर्फ मुन्नीलाल पुत्र खेदू यादव ने फर्जी ढ़ंग से फर्जी मुकदमा नम्बर 4781 तारीख फैसला 16 मई 1986 मुन्ना बनाम लालचन्द्र की अमालदरामाद लालस्याही से करवा दिया।



भूख हड़ताल पर बैठे व्यक्ति से वार्ता करते एडीएम प्रशासन अनिल कुमार मिश्र

इस फर्जी कार्यवाही में सुरक्षित पत्रालय माल के अधिकारी व कर्मचारी शामिल है। जानकारी होने पर बुजुर्ग दम्पत्ति 26 दिसम्बर 2022 को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अंबेडकर पार्क में भूख हड़ताल पर बैठ गए। इस हड़ताल के बाद जिलाधिकारी ने बंदोवस्त अधिकारी, चकबंदी व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम की जांच टीम बनाकर जांच कराया। दोनों अधिकारियों ने 11 जनवरी 2023 को जांच रिपोर्ट में आदेश 16 मई 1986 को कूटरचित पाया। आरोप है कि इस रिपोर्ट के बाद भी जिलाधिकारी द्वारा न तो आदेश 16 मई 1986 को निरस्त किया गया और न ही दोषी कर्मचारी व लाभार्थी मुन्ना यादव के ऊपर रिपोर्ट ही दर्ज कराई गई।

## मौसम की नजाकत से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** बेमौसम बारिश के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी। क्षेत्र के किसान रिंकू यादव का कहना है कि अगर इस समय अत्यधिक बारिश हो गई तो गेहूं की फसलें खेतों में ही सड़ जाएंगे जिससे हम किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।गिरिजेश वर्मा ने बताया कि इस समय बारिश के चलते सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा है। जिन किसानों ने सरसों की बुवाई लेट की थी उनकी सरसों की फसल खेत में ही रह जाएगी जिससे आने वाले समय में तेल का संकट बढ़ सकता है। विनीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष चना अरहर की फसल काफी अच्छी है लेकिन बारिश के कारण ये फसलें बर्बाद हो रही हैं। अगर इसी तरह से मौसम खराब रहा तो किसान की लागत भी नहीं निकल पाएगी। विनीत रंजन ने बताया कि इस समय बेमौसम बारिश के चलते फसलों के साथ-साथ फलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। आम की फसलों को भी तेज हवाओं और बारिश के चलते काफी नुकसान हो रहा है।

# ऑक्सीजन प्लांटों की सक्रियता करें चेक: डीएम

**बैठक**

### कोविड को देखते हुए दिया दिशा निर्देश

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, निजी चिकित्सालयों के संचालकों को शासन द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार कोविड-19 की तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी चिकित्सालय एवं निजी चिकित्सालय सैम्पलिंग एवं टेसि्ंटग बढ़ा दिए जाए।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों का एंटीजन टेस्ट बढ़ा दिया जाय। यदि मरीज में कोविड-19 के सिम्टम्स दिखाई दे तो उसका तत्काल आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाए। उन्होंने कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों को मास्क लगाने के निर्देश दिए जाएं। जिलाधिकारी ने आगामी दिनों में कोविड-19 के संक्रमण के बढ़ने की संभावना को देखते हुए चिकित्सा विभाग एवं जनपद के प्रमुख चिकित्सालय के संचालकों को अलर्ट करते हुए कहा कि एल-1 व एल-2 चिकित्सालय एवं पीडियाट्रिक वार्ड में तीन शिफ्ट में काम करने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लिस्ट को रिवाइज करते हुए नाम और मोबाइल नंबर के साथ अपडेट कर दिया जाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी ऑक्सीजन प्लांटों की क्रियाशीलता को चेक करें तथा यदि किसी किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो तत्काल संबंधित संस्था को दूर करने के निर्देश दें। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन की प्योरिटी को चेक करें एवं मरीज के बेड तक जाने वाली पाइपलाइन की कनेक्टिविटी को भी चेक कर कमियों को दूर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि चेक लिस्ट बनाकर उसके मानक के अनुरूप ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता को चेक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पीएचसी एवं ऑक्सीजन प्लांट तथा कंसंट्रेटर का स्टेटस चेक कर अपडेट करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा की वेंटिलेटर को चेक करें एवं उसकी क्रियाशीलता को चलाकर परीक्षण करने के लिए निर्देश जारी कर दिए जाए। उन्होंने कहा कि स्टोर रूम में दवाएं एन 95 मास्क सैनिटाइजर पीपीटी किट एवं अन्य सामानों की पर्याप्त उपलब्धता समय से सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर के चिकित्सालय के संचालकों को भी सेंपलिंग, टेसि्ंटग, एंटीजन टेस्ट एवं आरटीपीसीआर टेस्ट बढ़ाने के निर्देश दिए।

## वार्षिक परीक्षाफल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**आजमगढ़।** शहर स्थित श्री अग्रसेन कन्या इंटर कालेज में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। अच्छी प्रतिभा दिखाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर सौर्यमी सिंह का चयन अण्डर-10 बैडमिंटन प्रतियोगिता में किया गया है। शुक्रवार को श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज आजमगढ़ में सत्र का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार भी दिया गया। साथ ही साथ उन अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, जिनका योगदान अपनी छात्राओं के लिए विशेष रहा है। विद्यालय की कक्षा-2 की छात्रा कुः सौर्यमी सिंह पुत्री राष्ट्रधर्म सिंह का चयन अण्डर- 10 बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। उसके अभिभावक का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.संगीता सिंह ने सभी अभिभावकों एवं शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। छात्राओं को परीक्षा-फल में सफल होने पर शुभकामनाएं दी।

# एसपी ने किया पुलिस लाइन में निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**परेड की सलामी ली**

### संबंधित को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में माह के 5वें शुक्रवार को परेड की सलामी ली गयी। उन्होंने पुलिस लाईन परिसर में हो रहे नवीनीकरण कार्यो, आवासों व कार्यालयों की मरम्मत व पेंटिंग का गहनता से निरीक्षण किय। पुलिस लाईन के विभिन्न शाखाओं व आवासीय परिसरों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिया।



भोजनालय में भोजन का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य

पुलिस अधीक्षक ने भोजनालय में बना भोजन ग्रहण कर गुणवत्ता को परखा तथा भोजनालय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार को परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा यूपी -112 के वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण, सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी। तत्पश्चात पुलिस लाईन में हो रहे निर्माण व मरम्मत कार्यो का निरीक्षण किया। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों के आवासीय परिसर, पुलिस क्लब, पुलिस कर्मियों के बैरेक, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सालय, डॉग स्क्वाड के रहने की व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण कर साफ-सफाई आदि के संबंध में क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक को दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन गौरव कुमार एवं प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झांकी में प्रभु श्रीराम की उतारी गयी आरती

**फूलपुर (आजमगढ़)।** राम नवमी तिथि के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी अचारी बाबा मन्दिर से पुजारी ऋषि तिवारी के नेतृत्व में प्रभु श्रीराम दरबार की मनमोहक झांकी शोभा यात्रा दिव्य स्वरूप निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओं ने जगह-जगह प्रभु श्रीराम की आरती उतारी। डीजे धुन पर जहां बाल संग युवा मण्डल ने नाचे गाए वहीं प्रभु श्रीराम की के रथ के आगे मां दुर्गा कीर्तन मण्डली ने भजन, सोहर, आरती के मंत्र मुग्ध गायन से श्रद्धालुओं को राम रंग में रंग दिया। राजेश मोदनवाल के नेतृत्व में बस स्टॉप पर पुष्प वर्षा कर महिलाओं और पुरुषों ने प्रभु की आरती उतारी फलाहार प्रसाद वितरण किया। शनिचर बाजार में कुलजीत सिंह सलूजा, मंगल बाजार में मिथुन मोदनवाल, गोवर्धन जायसवाल, गल्ला मंडी में चिरंजीव जायसवाल, मां भवानी मंदिर के पास पुजारी विशाल पांडेय ने प्रभु की आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया। शोभा यात्रा नगर के मां भवानी तिराहा से होते हुए शनिचर बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, चूना चैक, शंकर जी तिराहा, कुंवर नदी पुल से मेनरोड, बस स्टॉप, मंगल बाजार, गल्ला मंडी, से निकल कर पुनः अचारी बाबा मन्दिर पहुंची। जहां पुजारी ऋषि तिवारी ने आरती उतारी और प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया।

## नारको को-आर्डिनेशन समिति की बैठक सम्पन्न

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय नारको को-आर्डिनेशन समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आबकारी दुकानों पर लगे सीसी टीवी कैमरे का आकस्मिक निरीक्षण, स्कूल, विद्यालयों के आस-पास परचून दुकानों पर तम्बाकू की बिक्री को रोकना, प्रहरी क्लबों की स्थापना, मेडिकल स्टोरों पर लगे सीसीटीवी सम्बन्धी प्रमाण पत्र दिये जाने, जुबिनाइल एक्ट 77 एवं 78 के तहत दर्ज अभियोगों के विवरण उपलब्ध कराये जाने एवं सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग, बोर्ड के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन सम्बन्धी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक नगर, सहायक आयुक्त, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आईएन तिवारी, उप जिलाधिकारी मेहनगर, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला वन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला औषधि निरीक्षक उपस्थित रहे।

### कार्यालय ग्राम पंचायत छितौना ऑछेपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:40 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(भीष्मनरायन सिंह)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.छितौनाऑछेपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.छितौना ऑछेपुर, वि.खं.अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत इसहाकपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(बृजलाल)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.इसहाकपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.इसहाकपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत बनाखुर्द, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:15 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(विरेन्द्र यादव)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.बनाखुर्द, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.बनाखुर्द, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत बेन्दुई, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:25 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(जयमंगल यादव)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.बेन्दुई, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.बेन्दुई, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत सारैन, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:20 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(मु0यजदानी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.सारैन, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.सारैन, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत हमीदपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:25 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(मेवाती)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.हमीदपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.हमीदपुर,वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत सुल्तानीपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 4:15 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(किरन)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.सुल्तानीपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.सुल्तानीपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत पनकरपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 1:15 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(पूनम मिश्रा)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.पनकरपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.पनकरपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत दनियालपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 1:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(रेखा देवी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.दनियालपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.दनियालपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत करनपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 3:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(आशा देवी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.करनपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.करनपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत मड़ना, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 2:30 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(शशिकला)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.मड़ना, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.मड़ना,वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

### कार्यालय ग्राम पंचायत कोतवालीपुर, वि0ख0 अहरौला, आजमगढ़

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, /प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2023 से 06.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 06.04.2023 समय अपराह्न 3:00 बजे। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 31.03.2023

**(अफीफा बानो)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.कोतवालीपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ

**(दिनेश यादव)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.कोतवालीपुर, वि.खं. अहरौला
आजमगढ़

# बज गया उप चुनाव का बिगुल बिछने लगी सियासत की बिसात

**मीरजापुर।** जिले में छानबे विधानसभा सीट के विधायक रहे राहुल प्रकाश कोल की कैंसर की बीमारी से बाद निधन हो गया था। निधन के बाद छानबे सीट पर उपचुनाव को लेकर ऐलान कर दिया गया है। उपचुनाव को लेकर घोषणा किये जाने के बाद भावी उम्मीदवार क्षेत्र की जनता का दिल जीतने के लिए निकल पड़े है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित छानबे सीट जहां सबसे ज्यादा कांग्रेस के उम्मीदवारों ने चुनाव जीता, लेकिन अब कांग्रेस का वर्चस्व इस सीट से खत्म हो गया है। जानिए, छानबे विधानसभा सीट का इतिहास और जानिए यहां से किस पार्टी के उम्मीदवार ने कब चुनाव में जीत हासिल की।

### आयोग ने जारी किया नोटिफिकेशन, बढ़ गई सरगर्मी

जिले में छानबे विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। उपचुनाव को लेकर नोटिफिकेशन जारी किये जाने के बाद छानबे से विधायक रहे राहुल प्रकाश कोल की पत्नी रिंकी कोल ने चुनाव मैदान में आने को लेकर बात कही है। रिंकी कोल ने कहा कि राहुल कोल के जो भी सपने थे, उनको पूरा करेंगे। जनता का हमें समर्थन मिल रहा है। जिसके बाद हमने चुनाव लड़ने का मन बनाया है। लालगंज में स्थित अपना दल एस के दफ्तर पर चहल पहल तेज हो गई है। छानबे से विधायक राहुल प्रकाश कोल का कैंसर की बीमारी से निधन हो गया था। निधन के बाद छानबे विधानसभा की सीट रिक्त हो गई थी। उपचुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के द्वारा कार्यक्रम घोषित किये जाने के बाद रिंकी कोल लगातार जनसंपर्क कर रही है। राहुल प्रकाश कोल की पत्नी रिंकी कोल को एनडीए की तरफ से संयुक्त उम्मीदवार माना जा रहा है। विधायक रहे राहुल प्रकाश कोल के निधन हो जाने के बाद रिंकी कोल लगातार जनता के बीच में जा रही है, जहां प्रचार प्रसार कर रही हैं। चुनाव को लेकर नोटिफिकेशन जारी किये जाने के बाद लालगंज में स्थित अपना दल एस के कार्यालय पर रिंकी कोल ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की, जहां पर उन्होंने आगे की रणनीति तैयार की।

### उप चुनाव में दूसरी पार्टी का ही रहा है पलरा भारी

1993 में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार राम भारती, 1996 में भाजपा के भाई लाल कोल, 2002 में बहुजन समाज पार्टी से पकौड़ी लाल कोल, 2004 के उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी के राम भारती व 2007 में बहुजन समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सूर्यभान चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे। चार बार से लगातार सीट पर कब्जा जमाया था। बसपा को 2012 के चुनाव में सपा ने हरा दिया। 2012 में हुए विधानसभा चुनाव में भाई लाल कोल ने जीत हासिल की। 2017 में एनडीए गठबंधन के तहत सीट अपना दल एस के खाते में चली गई, जहां पकौड़ी कोल के बेटे राहुल प्रकाश कोल पहली बार विधायक चुने गए। 2017 के बाद 2022 में पुनः राहुल कोल विधायक चुने गए।

> उप चुनाव में हम मैदान में आ रहे हैं। विधायक राहुल कोल के जो भी अधूरे सपने थे, उन्हें पूरा किया जाएगा। उनका सपना था कि क्षेत्र के स्कूल में उच्च स्तरीय शिक्षा मिले। बच्चों के खेलने के लिए मैदान बने। इन सभी सपना को पूरा किया जाएगा। चुनाव लड़ने को लेकर लोगों का रिस्पांस अच्छा मिल रहा है। जनता के कहने पर ही हम मैदान में आ रहे है।
>
> **रिंकी कोल, विधायक राहुल कोल की पत्नी**

### जानिए छानबे विधानसभा सीट से कब कौन बना विधायक

जिले की छानबे विधानसभा सीट के लिए 1952 में पहली बार चुनाव हुआ। पहली बार हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अजीज इमाम ने चुनाव में जीत हासिल की। 1952 के बाद 1957 और 1962 में भी अजीम इमाम विधायक निर्वाचित हुए। 1962 के बाद इस सीट को सुरक्षित से सामान्य कर दिया गया। सामान्य सीट होने के बाद 1967 में चुनाव हुआ। इस चुनाव में जनसंघ के उम्मीदवार स्वामी ब्रह्मानंद चुनाव जीते तो 1969 में फिर से एक बार जनसंघ के श्री निवास प्रजापति चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। 1974 में विधानसभा चुनाव से पहले फिर से एक बार छानबे सीट को अनसूचित जनजाति के लिये आरक्षित कर दिया गया। सीट आरक्षित किये जाने के बाद कांग्रेस के पुरषोत्तम 1974, 1977 व 1980 में विधायक चुने गए। 1985 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भगवती चौधरी, 1989 में जनता दल के उम्मीदवार कालीचरण व 1991 में दुलारे लाल ने चुनाव में विजयी पताका लहराया।

## बेमौसम बारिश से उड़ी किसानों की नींद

**लालगंज।** विकासखंड लालगंज क्षेत्र में तूफानी बारिश के साथ ओला पड़ने से किसानों की फसल नष्ट हो गई। किसानों ने कर्ज लेकर खेत में लगाई लागत इंद्र देव भगवान ओले बरसाकर धराशाई कर दिए किसानों ने ओले की मार से पूरी तरह से टूट गए। शुक्रवार को दोपहर बाद अचानक तूफानी बारिश के बीच घमासान ओले पड़ने लगे। लगभग आधे घंटे लगातार बारिश एवं ओला पड़कर फसल को पूरी तरह से नष्ट भ्रष्ट कर दिया। क्षेत्र के लालगंज, मेढरा, बनवारी, बरडीहा, निनवार उत्तर, सौरेह, बभनी खुर्द, लालापुर, बस कोप, गम्भीरापुर, चिरूई राम, बस्तरा राजा, बसही कला, अमहा, कनौही राजा आदि गांव में बारिश एवं ओले पड़ने से भारी पैमाने पर नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्र के किसान कन्हैया लाल ने कहा कि गेहूं चना मसूर की फसल खेत में पड़ी थी। ओला पड़ने की वजह से भारी पैमाने पर नुकसान हुआ है। बरडीहा निवासी उमाकांत मिश्रा कृपाशंकर आदि लोगों ने बताया कि ओला पड़ने से गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

## संक्षेप

### तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश फसलों को हुआ भारी नुकसान



**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र में लगातार हो रही बेमौसम बरसात से किसानों को भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा सकता है। शाम तक तेज गरज चमक के साथ आंधी तूफान लेकर आफत की बरसात हो गई। किसानों के अनुसार खेतों में खड़ी गेहूं की फसल व दलहन तिलहन के उत्पादन पर खासा नुकसान पहुचा है। क्षेत्र में लगातार बरसात होने से क्षेत्रीय किसानों के फसल बर्बाद होने के बावजूद शासन की ओर से मदद की कोई गुंजाइश नहीं दिखाई दे रही है जिससे मदद की आस भी पूरी नहीं होने से किसानों में आक्रोश फैलने लगा है। पिछले हफ्ते हुई बरसात में ओले भी पड़े थे जिसमें मटर चना अरहर मसूर आदि फसलें प्रभावित हुई थी। वहीं गेहूं के फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा लेकिन तहसील प्रशासन की ओर से कोई रिपोर्ट तैयार नहीं की गई ऐसे में किसानों पर पड़ रहे दोहरे मार से किसान कराह रहे हैं।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**सीखड़।** चुनार थाना क्षेत्र के चुनार वाराणसी मार्ग पर मेड़िया खेल मैदान के पास शुक्रवार की सुबह करीब 4:30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से शुभम 18 पुत्र जितेंद्र निवासी मवैया थाना चुनार की मौके पर ही मौत हो गई। शुभम नित्य की भाँति दौड़ लगाने गया था। पक्का पुल पर मौजूद पिकेट ड्यूटी रत पुलिस कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चुनार भेजा। घटना के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। शुभम दो भाइयों में बड़ा था। दसवीं की परीक्षा पास कर तैयारी में जुटा था। शुभम की मौत से गाँव में शोक व्याप्त हो गया।

### चोरी के पाइप के साथ दो चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पुलिस द्वारा दो शातिर चोर को चोरी में प्रयुक्त वाहन सहित वाहन में लदे चोरी के 14 पाइप के साथ गिरफ्तार किया। एसपी द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध तथा वाहनों की चोरी व बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में उ0नि0 अरूण कुमार यादव मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से चोरी में प्रयुक्त वाहन में लाद कर चोरी के 14 पाइप को ले जा रहे दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। जसके सम्बंध में थाना अहरौरा पर मुकदमा पंजीकृत कर दो आरोपी अमित कुमार शर्मा पुत्र बहोरी लाल शर्मा निवासी कस्बा नवाबगंज जनपद फर्रूखाबाद, दीपू राठौर पुत्र राधेलाल निवासी ग्राम पनेवड़ा थाना विलग्राम जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कराने के अभियोग से सम्बंधित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को0शहर पर 25 जनवरी को वादी रामललित पुत्र स्व0 पुनवासी लाल द्वारा नामजद आरोपीयों के विरूद्ध धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0शहर पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। जहां एसपी द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना में संलिप्त आरोपीयों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0शहर को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 भरत पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी करन कुमार पुत्र विश्वनाथ निवासी अघवार थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने बच्चों को किया सम्मानित

**मीरजापुर।** रमईपट्टी स्थित आचार्य रामचंद्र स्मारक शिक्षण संस्थान व एआरसीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक अंक पत्र वर्ष 2023 का वितरण संस्था के पदाधिकारी वरिष्ठ साहित्यकार द्वय भोलानाथ कुशवाहा एवं केदारनाथ सविता ने मेधावी छात्र व छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल ने कहाकि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षण संस्थाओं और समाज से होता है। उनके प्रारम्भिक निर्माण में दोनों की बराबर की भूमिका है। वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा ने कहाकि बचपन जीवन का आधार होता है। इसलिए उसका ठीक रहना बहुत आवश्यक है। केदारनाथ सविता ने बच्चों में नैतिक एवं व्यावहारिक शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि इससे आने वाले समय में देश में मजबूत नयी पीढ़ी का निर्माण होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशीष चंद्र शुक्ल, अध्यापक अजय पांडेय, जीतेंद्र प्रजापति, अंकित श्रीवास्तव, अध्यपिका शशिबाला श्रीवास्तव, प्रियंका विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहें।

### निर्विरोध चुनाव पर लोगों ने व्यक्त किया हर्ष

**जिगना।** छानबे क्षेत्र के गैपुरा साधन सहकारी संघ लिमिटेड के चुनाव में शुक्रवार को इंद्रबहादुर सिंह को सभापति तथा जैन बहादुर सिंह को उपसभापति निर्विरोध चुना गया। शुक्रवार को संघ कार्यालय पर उपस्थित 10 सदस्यों ने चुनाव अधिकारी प्रेमचंद पटेल के समक्ष निर्विरोध चुनाव की बात रखी। दोनों पदों के लिए मात्र एक एक पर्चा दाखिल हुआ। इस दौरान एडीसीओ सदर द्वारिका नाथ तिवारी, गौरा कॉपरेटिव के अध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह उर्फ डींकू सिंह सहित हरि प्रसाद दुबे, संगमलाल पांडेय, हरषू प्रसाद दुबे, साहब शुक्ला, अरविंद सिंह, पंकज सिंह, संजय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज उपाध्याय, डायरेक्टर संतोष पाठक, ओम प्रकाश, रामसेवक बिंद, सोनेलाल निषाद, सुनील सिंह सहित काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे। निर्विरोध चुनाव पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए निर्वाचित सभापति व उपसभापति को बधाई दी।

### प्रधानाचार्य के सेवानिवृत्त होने पर समारोह पूर्वक हुई विदाई

**सीखड़।** श्री शंकराश्रम महाविद्यापीठ इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य कृपा शंकर चतुवेर्दी को अवकाश प्राप्त होने पर विदाई समारोह शुक्रवार को विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कृपा शंकर चतुवेर्दी लगातार 10 वर्षों तक विद्यालय के प्रधानाचार्य रहे। उनके कार्यकाल में विद्यालय को नई ऊंचाई प्राप्त हुई। प्रधानाचार्य कृपा शंकर चतुवेर्दी द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन बहुत ही कुशल ढंग से किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राधेश्याम चतुवेर्दी ने बताया कि श्री चतुवेर्दी ने बहुत मेहनत से विद्यालय का इतने दिनों तक संचालन किया। इस अवसर पर प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### बैठक स्थगित

**चुनार।** आदर्श आचार संहिता के कारण 05 अप्रैल को क्षेत्र पंचायत नरायनपुर की प्रस्तावित बैठक को स्थगित कर दिया गया है। इसकी सूचना खण्ड विकास अधिकारी, नरायनपुर, मीरजापुर ने दी।

## टीबी रोगियों को गोद लेकर करें उनकी मदद : सतीश शंकर यादव



कर्मचारियों को संबोधित डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर

**बैठक**

### टीबी पर पीएचसी चील्ह पर सम्पन्न हुई कार्यशाला

**चील्ह।** स्थानीय पीएचसी पर शुक्रवार को आशा, एनम एवं डाट्स प्रोवाइडर स्वास्थ्य कर्मियों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए क्षय रोग विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव ने टीबी के लक्षणों, एवं सरकारी स्तर से दिए जाने वाले समस्त निः शुल्क सुविधाओं के विषय में परिचित कराते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने कार्यक्षेत्र एरिया में लोगों को टीबी के विषय में जागरूक करने के साथ-साथ टीबी प्रभावित रोगियों की खोज करते हुए उन्हें सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं को प्राप्त कराने में मददगार बनें। सतीश यादव द्वारा यह भी कहा गया कि आप अपने क्षेत्र के गणमान्य एवं सामाजिक हित में रुचि रखने वाले लोगों से टीबी रोगियों को गोद दिलाने का भी सराहनीय कार्य करने का प्रयास करें। जिससे कि हम सभी अपने जनपद को 2025 तक टीबी मुक्त करने के उद्देश्य को पूरा कर सकें। वही पीएचसी प्रभारी डॉक्टर धीरज जायसवाल द्वारा प्रत्येक माह मनाए जाने वाले निः क्षय दिवस के विषय में लोगों को उचित टिप्स दिया। इस दौरान कार्यक्रम में एसटीएस राजनाथ एवं एसटीएलएस मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### काली माता का किसानों ने किया पूजा पाठ व हवन

**जमालपुर।** गुरुवार की देर रात बेमौसम बारिश से रबी की कटाई के समय तैयार फसल तबाह होने पर चिंतित किसानों ने शुक्रवार को डोहरी गांव स्थित काली माता के शरण में जाकर उनको मनाने के लिए पूजा पाठ और हवन किया गया। पं० रामेश्वर पांडेय द्वारा व्लाक प्रमुख मंजू सिंह ने कथा श्रवण कर क्षेत्र की कल्याण का कामना किया। प्रमुख ने बताया कि क्षेत्र की शांति और समृद्धि के साथ ही कर-वट लेते मौसम से किसान भाइयों को दैवीय आपदा से बचाने के लिए आयोजन किया गया।

बता दें कि गुरुवार को देर रात तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से किसानों का गेहूं, चना, मटर, सहित सरसों की तैयार फसल बारिश की चपेट में आ गया और गेहूं की खड़ी फसल बारिश और हवाओं से गिर गई। वहीं आम को भी नुकसान हुआ। इस दौरान पूर्व व्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू, किसान आशीष सिंह, अनिल सिंह, राकेश सिंह गुदाडी, ऊषा देवी, निर्मला देवी, आशीष सिंह, संतोष सिंह, डब्लू, गोपाल, गुलजार, रोहित सिंह, काशी नाथ, कमलेश सहित तमाम किसानों ने कथा श्रवण कर हवनकुंड में आहुति दिया।

## छात्रों के पास हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का होना चाहिए लक्ष्य : पूर्व राष्ट्रपति

**कार्यक्रम**

### सुरभि शोध संस्थान के कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व राष्ट्रपति कोविंद



छात्रों के बीच पूर्व राष्ट्रपति

**चुनार।** क्षेत्र के रामबाग मोहल्ले में सुरभि शोध संस्थान के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 12.45 बजे पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने गोवर्धन गौशाला जाकर गौ पूजन किया। कार्यक्रम हाल में विभिन्न प्रांत के बच्चों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। पदाधिकारी कृष्ण कुमार खेमका ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। खेमका ने राष्ट्रपति का परिचय देते हुए उनके बारे में बताया कि राष्ट्रपति बहुत गरीबी में पले बढ़े हैं। 8 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाते थे और 8 किलोमीटर चलकर पैदल घर आते थे। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के विभिन्न कार्य सर्वोत्तम हैं। आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी है। हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों को यूरिया फर्टिलाइजर पद्धति से खेती की उपज कम होता है आप लोग ऑर्गेनिक खेती अपनाएं। प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। प्राकृतिक खेती जहां स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है वही उपाय दोगुने के बजा 3 गुना हो सकेगा। पूर्व राष्ट्रपति ने संस्था द्वारा संचालित बनवासी छात्रावास के विभिन्न प्रांतों मणिपुर मेघालय मिजोरम के बच्चों द्वारा नृत्य कार्यक्रम देखा। उनके साथ सामूहिक फोटो भी खींचवाया। इस दौरान केशव जलन भागीरथ जालान जटाशंकर, अशोक कुमार अग्रवाल, अमित चतुर्वेदी, कमिश्नर डॉ. मुथुक कुमार स्वामी, डीआईजी आरपी सिंह, सीडीओ बी एस लक्ष्मी, एडिशनल एसपी ओमप्रकाश सिंह, एसडीएम नवनीत सेहरा व तहसीलदार नूपुर सेन सिंह सहित कई थाने की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## सुभाष मिश्रा बने निर्विरोध अध्यक्ष



पदाधिकारियों का माल्यार्पण करते ग्रामीण

**चुनाव**

### समर्थकों ने मनाया जीत का जश्न

**जनसंदेश न्यूज**

**मड़िहान।** क्षेत्र के पथरौर सहकारी संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सुभाष मिश्र व उपाध्यक्ष हेतु रामरक्षा पटेल निर्विरोध चुने गये। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर समर्थकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। क्षेत्र के रैकल गांव निवासी हौशिला प्रसाद मिश्र के छोटे पुत्र सुभाष मिश्र द्वारा शुक्रवार को नामांकन किया गया जहां अध्यक्ष पद हेतु इकलौता नामांकन होने के चलते चुनाव अधिकारी द्वारा निर्विरोध अध्यक्ष पद पर घोषित कर दिया गया।

निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर क्षेत्र के लोगों ने माला पहनाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कर बधाई व शुभकामनाएं दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनने के बाद सुभाष मिश्र ने सभी समर्थकों व शुभचिंतकों एवं चुनाव अधिकारी के साथ साथ सुरक्षा में लगे पुलिस बल के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों द्वारा मिले अपार स्नेह का आजीवन आभारी रहूँगा। जिम्मेदारी का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा।

कहा कि क्षेत्र के लोगों ने मेरे ऊपर विस्वास जताया उसके लिए सभी को हृदय से धन्यवाद व भरोसा दिलाया कि सभी क्षेत्रवासियों के सुख - दुःख में साथ खड़ा मिलूंगा। बधाई देने वालों में संतोष तिवारी, रामेश्वर प्रसाद मिश्र, मनीष पाण्डेय, दिनेश मिश्र, सुनील गौड़, अनिल पाण्डेय, अभय तिवारी, दुर्गेश सिंह समेत सैकड़ों लोग रहें।

### अध्यक्ष पद से अनिल कुमार निर्वाचित

**जमालपुर।** साधन सहकारी समिति पर शुक्रवार को सहकारी संघ जमालपुर की निर्वाचन प्रक्रिया का चुनाव पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सम्पन्न हुआ जिसमें जीत की घोषणा चुनाव अधिकारी रामेश्वर प्रसाद द्वारा कर दी गई। जहां चुनाव को लेकर समिति पर सुबह से ही लोगों की चहल पहल रही। अध्यक्ष पद से अनिल कुमार गुड्डू निवासी गोगहरा व उपाध्यक्ष के लिए शिवदास सिंह निवासी बहुआर को निर्विरोध चुना गया। जिसका लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान डीसीएफ अजय कुमार सिंह, नवमी सिंह, रामलाल, उपभोक्ता भंडार प्रिती सिंह, विनय कुमार, क्रय विक्रय अजय, बिरजू वहीं बैंक से संगीता पटेल सहित किसान सुरेन्द्र सिंह, राजकुमार तिवारी, सुभाष चन्द्र मौजूद रहे।

## विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में अंतिम दिन कलाकारों ने बांधा समां

**आयोजन**

### शिव तांडव, भक्त हनुमान के सिंदूर लगाने के प्रसंग की सुंदर झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मोहा मन

**मीरजापुर।** विंध्याचल में चैत्र नवरात्रि मेला-2023 में नवमी के अवसर पर जहां आस्थावानों की लाखों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के विशेष पहल पर आयोजित विंध्याचल के रोडवेज परिसर में चल रहे विंध्य महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम में अंतिम दिन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में लोकप्रिय लोकगीत गायकों ने समां बांध लोगों की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएसअपर डीएम वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी नीरज पटेल ने संयुक्त रुप से मां विंध्यवासिनी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सुभाष झांकी ग्रुप के कलाकारों ने शिव तांडव, भक्त हनुमान जी के सिंदूर लगाने के प्रसंग का सुंदर झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कलाकारों ने हनुमान भजन के रूप में समाई-समाई मेरे मन में भक्ती है समाई... प्रस्तुत कर लोगों को राम भक्त हनुमान के जीवन दर्शन का दर्शन कराया। लोकगीतों के क्रम को आगे बढ़ाते हुए मीरजापुर की सरनाम कजरी को विदेशों तक पहुंचाने वाली कजरी स्वर कोकिला उर्मिला श्रीवास्तव ने निमिया के डाली मैया डालेनी झुलनवा हो..... प्रस्तुत को संगीत संध्या कार्यक्रम को गति दिया। इसी क्रम में लोक कलाकार डाक्टर मन्नू यादव (चंदौली) छंद और चैती गीत के माध्यम से विलुप्त होती लोक परंपराओं को समझते हुए लोगों को लोकगीत परंपरा संस्कृति के बारे में विस्तार से अवगत कराया, साथ ही उन्होंने बगावत के बल पर बैरागी बनके कुशासन को तेरे कुचलते रहेंगे। सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। इसी कड़ी में उन्होंने कचैड़ी गली सून कइला बलमू, अऊर मिजार्पुर के कईला गुलजार हो...... सुना कर मिजार्पुर की लोकप्रिय कजरी को जीवंत किया है। लखनऊ से पधारी लोकगीत गायिका संजू सिंह ने मोरी मईया विंध्याचल वाली तेरी महिमा है निराली.... सहित कई लोकगीत एवं देवी गीतों की प्रस्तुति का लोगों को भक्ति भाव में झूमाया।

कार्यक्रम समापन के पश्चात डीएम दिव्या मित्तल द्वारा मेला क्षेत्र की संपूर्ण व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान एवं सहयोग प्रदान करने वाले सभी सेक्टर, जोनल प्रभारी, सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं माता विंध्यवासिनी की चुनरी भेंट कर उनका सम्मान करते हुए उनके अतुल्यनीय योगदान एवं मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डीएम दिव्या मित्तल, अपर डीएम वि./रा. शिव प्रकाश शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, सहित सभी विभागों की अधिकारी एवं संबंधित लोग मौजूद रहे।

## कैदियों के खानपान व स्वास्थ्य पर रखें नजर : जिलाधिकारी



जेल का निरीक्षण कर वापस आते अधिकारी

**मीरजापुर।** जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। शनिवार को जिला न्यायाधीश अनमोल पाल, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला कारागार के बैरक, भोजनालय, जिला जेल परिसर व अस्पताल का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु/बात प्रकाश में नहीं आयी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जेल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मौसम को देखते हुए साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। जिला कारागार बैरक में सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। जेल में बंद कैदियों के भोजन में गुणवत्ता रखी जाए और भोजनालय में भी साफ सफाई की व्यवस्था चाक-चौबंद होनी चाहिए। जिला जेल परिसर एवं अस्पताल का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद डाक्टरों को निर्देश दिया समय-समय पर सभी कैदियों का चेकअप निरीक्षण किया जाता रहे ताकि उनको बीमारी और सीजनल वायरल से बचाया जा सके। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जाएं। जेल में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, जिला कारागार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## बदले की भावना से काम कर रही है देश की भाजपा सरकार : पूर्व विधायक

### पत्रकार वार्ता में लगाया आरोप, कहा देश की जनता सब जानती है समय पर देगी जबाब



पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व विधायक

**मीरजापुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त होने के बाद जिला कार्यालय पर छानबे के पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने पत्रकार वार्ता कर भाजपा पर हमला बोला। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि देखिए सदस्यता की कोई चिंता नहीं है। आरोप बेबुनियाद लगाया गया है। जिन लोगों का नाम लिया है उन लोगों ने कोर्ट में कोई मुकदमा दाखिल नहीं किया। दूसरे ने याचिका दाखिल कर पिछड़ों के अपमान आरोप लगाया है वह निराधार है। जो मुकदमा दाखिल किया है वह खुद बयानहल्फी देकर कहा कि हम पिछड़े वर्ग से नही है। पिछड़े वर्ग की आप बात कर रहे हैं। पिछड़ों का आरक्षण नहीं दिया तो क्या हुआ। पिछड़े वर्ग का विषय नहीं था। अगर मैं यह कह दूं कि गांधी जी को आपने मरवाया। गांधीजी क्या सवर्ण थे। वह पिछड़े नहीं थे, या लोगों को पिछड़े के नाम पर क्यों गुमराह कर रहे हैं। हम चोरों की बात कर रहे हैं। चोरों की कोई जाति होती है क्या। बहुत सारे लोगों की सदस्यता गई। जिन्होंने अपराध किया था, उनकी सदस्यता गई। यहां पर गांव में कहावत है. ककड़ी के चोर को कटारी से नहीं मारा जाता। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष, राजन पाठक के अलावा काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## राम भक्ति में डुबा नगर, चहुंओर रही जय श्रीराम की गूंज



शोभायात्रा में शामिल मनोज तिवारी

### शोभा यात्रा में 5 लाख से अधिक भक्त हुए शामिल

### डीजे की धुन पर थिरके भक्त

**मीरजापुर।** दशरथ नंदन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर नगर में प्रदेश का विशाल भव्य शोभायात्रा पूरी शानों शौकत के साथ निकाला गया। यात्रा में भगवा परिधान और पगड़ी बांध कर युवाओं का जत्था पूरे माहौल को भक्तिमय बना रहा था। विंध्य धाम में शक्ति की साधना करने वाले भक्त राम नवमी पर राम की भक्ति में मग्न हो उठे। नगर के प्रमुख मार्गो को भगवा पताका से सजाया गया था। हर 100 - 150 मीटर की दूरी पर साउंड बाक्स लगाने की होड़ देखी गई। लाउड स्पीकरों पर बज रहे भजन भगवान श्रीराम का गुणगान कर रहे थे। भक्ति गीतों की गूंज से पूरा नगर राममय हो गया। विशाल शोभायात्रा संगमोहाल से आरम्भ हुई। जो कटरा कोतवाली, कच्ची सड़क, रतनगंज, तेलियागंज, डंकीनगंज चौराहा, पक्की सराय, घंटाघर, बसनहीं बाजार, धुन्धी कटरा, गुड़हट्टी चौराहा, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, गणेशगंज भैंसहिया टोला होते संगमोहाल हनुमान मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह महज शोभायात्रा नहीं बल्कि गौरव यात्रा है, 500 वर्ष तक चले संघर्ष के बाद भगवान श्रीराम का मन्दिर लगभग बन चुका है। फरवरी 2024 से लोग मंदिर में दर्शन कर पायेंगे। उन्होंने सीताराम सीताराम भजन के साथ ही मंदिर अब बनने लगा है गाकर लोगों को अपने संस्कार संस्कृति के रंग में डुबकी लगवाया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल, यात्रा समिति अध्यक्ष अनिल बरनवाल, संतोष गोयल, शिखा अग्रवाल, संतोषी निषाद आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजन रविशंकर साहू एवं कार्यक्रम प्रभारी मनोज दमकल ने आभार प्रगट किया। यात्रा में सर्व व्यवस्था प्रमुख महेश तिवारी, मंत्री विनय मिश्रा अंकज, कोषाध्यक्ष राज माहेश्वरी, बजरंग दल संयोजक प्रवीण मौर्य, सह संयोजक शिवांशु सिंह, सुरक्षा प्रमुख गोपाल केसरवानी, सह सुरक्षा प्रमुख पवन उमर प्रमुख रूप से शामिल थे।

### मर्यादा पुरुषोत्तम राम की निकली शोभायात्रा



चुनार में यात्रा निकालते लोग

**चुनार।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवतरण दिवस के पावन दिवस 'श्री राम नवमी' के दिन नगर में स्थित श्री राघव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव मंदिर से निकल कर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः श्री राघव मंदिर पर आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा यात्रा के दौरान लोगों द्वारा अपने अपने छत से फूलों की वर्षा की गई। जय श्री राम के नारे से समूचा नगर गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में गौरी नाथ दीक्षित, बचाऊ लाल सेठ, संजय साहू, सुजीत यादव, विवेक सिंह, तिलक जायसवाल, पंकज सेठ, अमित सेठ, राजन सेठ, विजय कुमार वर्मा, राजू यादव, ज्योति सिंह, राजेश, राजेंद्र, कृष्णा, अंशमान, अखिलेश, शिवकुमार, आशीष, आशुतोष, राजेश सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।

# लापता युवक का पुलिया में के नीचे मिला शव, हत्या की आशंका

**घोरावल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करीबरांव गांव में शुक्रवार को दो दिन से लापता युवक का शव बरामद होने पर इलाके में सनसनी फैल गई। युवक को काम दिलाने का भरोसा देकर लोग घर से बुलाकर ले गए थे।

शव पुलिया के नीचे पड़ा था। गले पर गहरे निशान मिले हैं। अपहरण कर हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों ने शुक्रवार अपराह्न घोरावल मेन तिराहे पर चक्काजाम कर दिया। पुलिस-प्रशासन और आरोपियों के खिलाफ जमकर नारे लगाए। लोगों का गुस्सा भांपते हुए एसपी, एसडीएम के नेतृत्व में कई थानों की फोर्स और पीएसी मौके पर पहुंच गई। अफसर परिजनों को मनाने की कोशिश में लगे हैं। उधर घर का ताला बंद कर आरोपी फरार हैं। बताया गया कि घोरावल के वार्ड नंबर एक निवासी संतोष भारती मजदूरी करता था। पिता रामनाथ के मुताबिक 29 मार्च

**गुस्सा**

### आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया चक्का जाम

को कुछ लोग पिकअप से उसके घर आए। काम दिलाने की बात करते हुए संतोष को अपने साथ ले गए। इसके बाद से ही उसका कहीं पता नहीं चला। घर न लौटने पर बेटे की खोज करते हुए पिता आरोपी के घर पहुंचे तो उन्होंने गुरुवार तक लौटने की बात कही। दोबारा जाने पर शुक्रवार को आने का हवाला दिया। इसी बीच आरोपी घर पर ताला बंद कर फरार हो गए। अनहोनी की आशंका में पुलिस ने नगर के ही लल्लन, मिट्ठू, निशू के खिलाफ अपहरण, एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। इसी बीच करीबरांव गांव में पुलिया के नीचे लोगों ने एक युवक का शव देखा। मृतक की शिनाख्त संतोष के रूप में हुई। उसके गले पर घाव के गहरे निशान भी पाए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर, घटना की जानकारी होते ही परिवार के लोग उग्र हो गए। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष घोरावल मेन तिराहा पहुंचे और चक्काजाम कर दिया। उधर जाम की सूचना पाकर एसपी मुख्यालय कालू सिंह, एसडीएम रमेश कुमार, सीओ अमित कुमार, एसओ अंजनी कुमार राय सहित करमा, शाहगंज, राबर्ट्सगंज थाने की फोर्स व पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे। अफसरों ने परिजनों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह आरोपियों की गिरफ्तारी और डीएम-एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। समाचार दिए जाने तक चक्काजाम जारी रहा।


सड़क जाम करते आक्रोशित लोग

## बाउली में उतराया मिला युवक का शव, सनसनी

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इकदिरी गांव में गुरुवार को देर शाम घर से पांच सौ मीटर दूर बाउली में एक व्यक्ति का शव उतराया हुआ मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। बताया गया कि 40 वर्षीय रामदेव पुत्र राम किशुन निवासी इकदिरी का शव बाउली में उतराया हुआ मिला। भतीजा आकाश कुमार ने बताया कि चाचा बुधवार को सुबह घर से निकले थे। रात में घर नही आये, गांव में ही घूमते रहे। गुरुवार की शाम को कुछ चरवाहे जब गायों को पानी पिलाने के लिए बाउली के तरफ गये तो वहां पानी में शव उतराया हुआ देखा। चरवाहों ने गांव में इसकी सूचना दिया। खबर मिलते ही गांव के लोग वहां इकट्ठा हो गये। शव को बाहर निकाला गया तो रामदेव के रुप में पहचान किया गया। इसकी सूचना प्रधान ने पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भतीजे की तहरीर पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# सोनांचल बार एसोसिएशन ओबरा का शपथ ग्रहण हुआ सम्पन्न


शपथ ग्रहण का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि मधुसूदन त्रिपाठी

**ओबरा।** स्थानीय तहसील प्रांगण में शुक्रवार को सोनांचल बार एसोसिएशन ओबरा के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मधुसूदन त्रिपाठी एड. पूर्व अध्यक्ष उ.प्र. बार कार्उंसिल, राकेश पाठक एड. सचिव सदस्य बार कार्उंसिल ऑफ उप्र, विनोद पांडे एड. सदस्य बार कार्उंसिल रहे।

विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार यादव जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोनभद्र, कुमार मयंक अपर जिला जज अनपरा स्थित ओबरा, सत्यजीत पाठक अपर जिला जज, प्रभाकर सिंह एसडीएम एवं अतिथि रामचंद्र मिश्र, नरेंद्र पाठक अध्यक्ष सोनभद्र बार एसोसिएशन, सी.पी.द्विवेदी (एड.), विनोद चौबे (एड.)-पूर्व अध्यक्ष सोनांचल बार एसोसिएशन, राकेश शरण मिश्र (एड.) उपस्थित रहे।

मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ अधिवक्ता रामाशंकर यादव, सुधाकर मिश्र, अवधेश राय, अनिल मिश्र पूर्व महामंत्री सोनांचल बार एसोसिएशन, एसके चौबे, एस के जैन, अवधेश अग्रवाल, पुष्पराज पांडे, ब्रह्मा कुमार, गजेंद्र यादव, कमलेश यादव, उमेश शुक्ला, कौशल पांडे द्वारा माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट करके किया गया। वही अशोक कुमार यादव जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा एड. कपूर चंद पांडे को अध्यक्ष सोनांचल बार एसोसिएशन एवं मधुसूदन त्रिपाठी एड. पूर्व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बार कार्उंसिल जिला महामंत्री पद हेतु एड. दिनेश दुबे एवं अन्य पदाधिकारियों अनिल कुमार चौधरी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुशील कुमार पांडे कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार गौतम उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर, त्रिपुरारी शंकर पांडे संगठन मंत्री, अमित उपाध्याय, अनुज त्रिपाठी, बृजेश पांडे को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एड. रमेश चंद्र मिश्र पूर्व अध्यक्ष तथा मंच का संचालन एड. धर्मेंद्र सिंह ने किया।

## संक्षेप

### एनटीपीसी रिहंद जनजाति समुदाय के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद जनजाति सामुदाय को बढ़ावा देने हेतु अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत आदिवासी बालकों में शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हेतु सेवाकुंज परिसर में विद्यापीठ भवन एवं छात्रों हेतु छात्रावास का निर्माण किया है, जिसका लोकार्पण पूर्व राष्ट्रपति द्वारा किया गया था। मुख्य महाप्रबंधक रिहंद तथा वरिष्ठ अधिकारियों, वर्तिका महिला मण्डल सदस्यों द्वारा सेवाकुंज आश्रम चपकी का भ्रमण समय-समय पर किया जाता है। एनटीपीसी रिहंद की ओर से सेवा समर्पण संस्थान में तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं में से 08 प्रशिक्षुओं को राष्ट्रीय स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया गया था। प्रशिक्षुओं को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी रिहंद ने तीरंदाजी उपकरण 25 लाख रुपये से अधिक के हस्तांतरित किए। वहीं फरवरी में एनटीपीसी द्वारा स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सशक्त जनजाति सशक्त भारत विषय पर तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव का आयोजन किया गया। जनजाति संस्कृति के संरक्षण और उनकी कला को बढ़ावा देने हेतु लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान उत्तर प्रदेश और सेवाकुंज चपकी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। एनटीपीसी रिहंद भविष्य में भी जनजाति समुदाय के उत्थान हेतु विभिन्न कल्याणकारी कार्य करता रहेगा।

### अमन चैन की दुआ के साथ रोजेदारों ने किया इफ्तार

**चोपन।** स्थानीय जामा मस्जिद में चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें रोजेदारों ने मगरिब के वक्त पहुंचकर रोजा खोला व नमाज अदा की। उस्मान अली ने कहा कि रमजान के पाक महीने में देश में अमन चैन बना रहे, सब मिलकर देश निर्माण में अपना योगदान करें। खुदा सभी के ऊपर अपना कर्म बनाए रखे, ऐसी दुआ खुदा से करें। जामा मस्जिद के पेश इमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने देश में अमन चैन व आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। इस मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी सरफराज अहमद, हाजी मुख्तार अहमद, ईदू भाई, महफूज आरिफ, रियाज अहमद, हाफिज, परवेज किब्ला, एम एम खान, सलीम कुरैशी, रिजवान अहमद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### अवैध परिवहन में ट्रैक्टर व दो टीपर पकड़ाये, हड़कंप

**दुद्धी।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को पकड़ कर सीज कर दिया। वहीं दोपहर में एसडीएम ने एक बालू व एक गिट्टी लदा टीपर पकड़ कर प्रपत्र के अभाव में सीज कर दिया, जिससे खननकताओं में हड़कंप मच गया। बताया गया कि किसी ने पुलिस ने सूचना दी कि ट्रैक्टर से अवैध बालू का परिवहन किया जा रहा है, जिस पर सक्रिय हुई पुलिस ट्रैक्टर को पकड़ कर सीज कर दिया। वहीं एसडीएम श्याम प्रताप सिंह ने एक बालू लदा टीपर व एक गिट्टी लदा टीपर पकड़ कर कोतवाली को सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई हेतु खनन, परिवहन व जीएसटी विभाग को सूचित कर दिया। बीत गुरुवार को भी एसडीएम व सीओ ने बालू परिवहन कर रहे टीपर को पकड़ा था। अधिकारियों की कार्रवाई खननकर्ताओं के हाथ पांव फूलने लगे हैं।

### दुद्धी नपं अध्यक्ष पद सीट पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित

**दुद्धी।** काफी लंबे समय इंतजार के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए बने सस्पेंस पर से पर्दा उठ गया। चुनाव आयोग ने प्रदेशभर के नगर पंचायत सीटों पर आरक्षण की सूची जारी कर दी है। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष दुद्धी का सीट पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया है। आरक्षण न मिलने पर तमाम प्रत्याशी चुनाव मैदान में जमे रहे। गुरुवार को शाम निर्वाचन आयोग द्वारा आरक्षण सूची आने के बाद कई प्रत्याशी के चेहरे से हवाइयां उड़ गईं। तमाम प्रत्याशी चुनाव से पहले अपनी चुनावी तैयारी करने में जुट गए थे। आरक्षण सूची आने के बाद कई प्रत्याशियों के अरमानों पर पानी फिर गया। प्रत्याशी लाखों रुपए खर्च करके बैकफुट पर आ गए। अधिसूचना आरक्षण की सीटों पर जारी होने से पिछड़ा वर्ग के लोगों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। नगर पंचायत के आगामी होने वाले चुनाव में तमाम नए प्रत्याशी आने की संभावना बताई जा रही है।

### ओवर लोडिंग में 43 वाहनों पर कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 28 से 30 मार्च तक अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमें 43 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया। जिसमें 7 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया। 36 वाहन स्वामियों के द्वारा नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन मौके पर जमा किया गया।

### अज्ञात लोगों ने रेल कर्मी पर किया हमला, जख्मी

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत बीती देर रात ड्यूटी से लौट रहे रेलवे कर्मी पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हमला कर घायल कर दिया। सेक्टर दस निवासी रेलवे कर्मी तारकेश्वर शर्मा पुत्र स्व. परदेशी के मुताबिक बीती रात ओबरा डैम रेलवे स्टेशन से ड्यूटी कर घर वापस लौट रहे थे। जब वे सेक्टर दस शिव मंदिर के पास पहुंचे तो वहां पहले से खड़े अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर उनसे झगड़ा करने लगे। इस दौरान उनमें से किसी व्यक्ति ने पीछे से पत्थर से हमला बोल दिया। जिससे रेलवे कर्मी तारकेश्वर घायल हो गए। घायल हालत में उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। जिसपर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नदी में बालू खुदाई से हुए गड्ढे में डूबी किशोरी

**बभनी।** महलपुर के पांगन नदी में एक वर्ष पहले नदी से लीज होने पर बालू निकाला गया था। जिस कारण नदी में कहीं-कहीं गड्ढा ज्यादा है। किशोरी को पता नहीं था। नहाते नहाते वह गड्ढे में चली गयी, जहां से निकल नही पाई और मौत हो गयी। मृतक के नाना ने कहा कि नदी इतनी गहरी नहीं है, लेकिन बालू निकालने वालों ने नदी में जगह-जगह बालू निकालने के लिए खुदाई कर दिया है, जो घटना का कारण बना।

### नदी में डूबने से किशोरी की मौत

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घघरा ग्राम पंचायत स्थित महलपुर गांव के पागन नदी में डूबने से शुक्रवार को किशोरी की मौत हो गयी। मृतका अपने नाना के घर आई थी। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के फरीपान गांव निवासी 14 वर्षीय फूलझरिया पुत्री रामपती की मौत महलपुर गांव के पागन नदी में डूबने से हो गई। मृतका शुक्रवार को अपने नाना के घर महलपुर आई थी और गांव में ही कुछ लोगों के साथ नहाने नदी में गयी थी कि नहाते नहाते वह गहरे पानी में चली गयी। किशोरी को डूबते बच्चों ने देखा तो शोर मचाना शुरू किया और भाग कर मृतका के नाना बुद्धु को सूचित किया। इसके बाद मृतका की तलाश शुरू की गयी।

# सेवानिवृत्त एआरटीओ पीएस राय के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी

**जनसंदेश न्यूज**

**कार्रवाई**

### फर्जी रिलीज आर्डर तैयार कर जनपद के विभिन्न थानों में बंद वाहनों को छुड़ाने का मामला

**सोनभद्र।** फर्जी रिलीज आर्डर तैयार कर थानों में बंद वाहनों को रिलीज कराने के अभियोगों में वांछित सेवानिवृत्त पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी पीएस राय समेत छह आरोपियों की पुलिस सरगमी से तलाश कर रही है। पुलिस इस मामले में अब तक तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शेष आरोपियों की तलाश के लिए दबीश दे रही है। माना जा रहा है कि जल्द ही सेवानिवृत्त एआरटीओ की भी गिरफ्तारी हो सकती है। बता दें कि जनपद के विभिन्न थानों में बंद वाहनों को फर्जी रिलीज आर्डर तैयार कर छुड़ा लिया गया था। इस बात का खुलासा होने से परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों में हड़कम्प मच गया और विभाग ने संबंधित वाहन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था।

इधर परिवहन मंत्री के निर्देश के बाद मामले की विभागीय जांच शुरू हो गई थी। पुलिस की जांच में साक्ष्य के आधार पर फर्जी रिलीज आर्डर तैयार करने व कराने में पीएस राय व उनका सहयोगी संडल चौहान व दलाल पंकज पटेल की भूमिका भी संदिग्ध रही है। इस कारण पुलिस ने पीएस राय समेत तीन अन्य का नाम मुकदमा में बढ़ाया है। इस मामले में एआरटीओ दफ्तर के प्रधान सहायक विनोद कुमार श्रीवास्तव भी वांछित है। इनके विरूद्ध भी संबंधित धारा के साथ 409, 120 बी के तहत दर्ज है। उक्त बाबू एक जनवरी से एआरटीओ दफ्तर नहीं आ रहा है।

इनके बारे में कोई सही जानकारी नहीं दे सका। म्योरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने सेलफोन पर बताया कि साक्ष्य के आधार पर मुकदमे में पूर्व एआरटीओ पीएस राय, उनका सहयोगी संडल चौहान व दलाल पंकज पटेल का नाम बढ़ा है। पूर्व एआरटीओ समेत अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध गैर जमानती वारंट न्यायालय से जारी हो चुका है। इनकी तलाश में पुलिस लगातार दबीश दे रही है। जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। मुकदमा से संबंधित तीन आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही संबंधित धारा में चालान कर चुकी है।

## बाइक-बोलेरो में टक्कर एक की मौत, तीन गंभीर

**विंढमगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची रींवा राष्ट्रीय राज्य राजमार्ग पर स्थित दशरथ मोड़ तिराहे के पास रोड से सटे आम के वृक्ष के पास शुक्रवार को बाइक व बोलेरो में टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजा गया। जहां अरुण उराव 18 पुत्र सखीचंद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि एक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। अन्य दो युवकों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि रांची रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोलेरो व मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई। बाइक सवार राकेश 20 पुत्र राधे, छोटू 18 पुत्र नरेश उरांव, अरुण 18 पुत्र सखीचंद व राजन 20 पुत्र निर्मल धरतीडोलवा ग्राम पंचायत के निवासी हैं। प्रधान सुरेंद्र पासवान ने बताया कि उक्त चारों युवक गांव से दुद्धी किसी काम से जा रहे थे कि हरनाकछार ग्राम पंचायत के दशरथ मोड़ तिराहे पर दुद्धी की ओर से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पॉक्सो एक्ट के दोषी नरेश को सात वर्ष की कैद 50 हजार रुपए अर्थदंड

**सोनभद्र।** साढ़े 9 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी नरेश गौड़ को 7 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में एक सितंबर 2013 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी अपने ननिहाल में रहकर पढ़ती थी। 23 अगस्त 2013 की रात्रि 10 बजे उसकी बेटी शौच के लिए निकली थी तभी बाहर छुपा बैठा हुआ बभनी थाना क्षेत्र के राजा सरई गांव निवासी नरेश गौड़ पुत्र जीत सिंह गौड़ ने बेटी को पकड़ लिया और उसे खेत में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बेटी को बेहोशी हालत में वहीं छोड़कर भाग गया। बाद में करीब 12 बजे रात्रि में बेटी को बेहोशी हालत में एक महिला ने खेत में से लाकर घर पहुंचाया। बेटी को तत्काल म्योरपुर अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। दो दिन तक बेटी बेहोश थी। जब होश आया तो बेटी ने वाकए की जानकारी दी। तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी नरेश गौड़ को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टेकनगाढ़ा, वि.खं. अजमतगढ़, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टेकनगाढ़ा विकास खण्ड अजमतगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM))/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत कार्यालय से 100.00 रुपया भुगतान कर दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा स्पष्ट एवं पठनीय भर कर मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक दोपहर 12.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 10.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर समिति के समक्ष अपराह्न 03 बजे खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक-31.03.2023

**(महेन्द्र)** ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत टेकनगाढ़ा, वि.खं. अजमतगढ़, आजमगढ़
**(प्रदीप उपाध्याय)** ग्राम वि.अ./ग्रा.पं. अ./सचिव, ग्राम पंचायत टेकनगाढ़ा, वि.खं. अजमतगढ़, आजमगढ़

# आज से हाईवे पर सफर होगा महंगा

**बढ़ा टैक्स**

### टोल टैक्स की दर में वृद्धि

### वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाइवे के लिए उपसा ने स्वीकृत की नई दरें

**जनसंदेश न्यूज**

## कहाँ कितनी होगी नई टोल की दरें

**फत्तेपुर (नरायणपुर)**
कार, जीप, व हल्के वाहन-150:225
हल्के वाणिज्यिक वाहन- 225:335
बस और ट्रक- 445:670
भारी मशीनरी वाहन- 710:1065

**लोढ़ी (सोनभद्र)**
कार, जीप व हल्के वाहन-140:210
हल्के वाणिज्यिक वाहन-210:315
बस और ट्रक- 415:625
भारी मशीनरी वाहन- 645:970

**मालोघाट (हाथीनाला)**
कार, जीप व हल्के वाहन- 30:45
हल्के वाणिज्यिक वाहन- 45:70
बस और ट्रक- 95:140
भारी मशीनरी वाहन- 155:235

**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाइवे पर सफर करना आज से महंगा हो गया। यूपी राज्य मार्ग प्राधिकरण (उपसा) ने टोल की नई दरें स्वीकृत कर दी है। हाइवे पर स्थापित तीनों टोल बूथ पर अब दस प्रतिशत अधिक टैक्स चुकाना पड़ेगा।



एसीपी टोल के सीनियर मैनेजर नीरज सिंह ने बताया कि 31 मार्च की रात्रि 12 बजे के बाद से बढ़ी दरों से टोल टैक्स वसूला जाएगा। इसके अलावा टोल बूथ से 20 किमी के दायरे में रहने वाले वाहन स्वामियों को दिए जाने वाले मासिक पास के लिए अब 380 रुपए चुकाने होंगे। वाराणसी से शक्तिनगर के बीच 115 किमी सड़क स्टेट हाईवे के बीच उपसा द्वारा तीन टोल बूथ लगाए गए है। टोल वसूलने के लिए मिर्जापुर जनपद के नरायणपुर के पास फत्तेपुर और सोनभद्र में लोढ़ी व मालोघाट में बूथ स्थापित है।

एक अन्य अस्थायी बूथ अहरौरा में भी संचालित है, जो फत्तेपुर टोल बूथ के ही अधीन है। इन टोल बूथों से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन के लिए टोल टैक्स निर्धारित किया गया है। इस बार 15 से 20 प्रतिशत तक टोल की दरों में वृद्धि की गई है। उपसा की सहमति के बाद एसीपी टोलवेज ने नई दरें लागू हो गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत संवरूपुर, वि.खं. अजमतगढ़, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत संवरूपुर विकास खण्ड अजमतगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM)/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत कार्यालय से 100.00 रुपया भुगतान कर दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा स्पष्ट एवं पठनीय भर कर मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक दोपहर 12.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 06.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर समिति के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक-31.03.2023

**(रोमा भारती)** ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत संवरूपुर, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़
**(प्रदीप उपाध्याय)** ग्राम वि.अ./ग्रा.पं. अ./सचिव, ग्राम पंचायत संवरूपुर, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत अजगरा कोठा, वि.खं. अजमतगढ़, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अजगरा कोठा विकास खण्ड अजमतगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM) /स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत कार्यालय से 100.00 रुपया भुगतान कर दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा स्पष्ट एवं पठनीय भर कर मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक दोपहर 12.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 10.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर समिति के समक्ष सुबह 11 बजे खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक-31.03.2023

**(तारा)** ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अजगरा कोठा, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़
**(प्रदीप उपाध्याय)** ग्राम वि.अ./ग्रा.पं. अ./सचिव, ग्राम पंचायत अजगरा कोठा, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़

# धारदार हथियार से वार कर युवक की हत्या

**वारदात**

### जांच में जुटी पुलिस

### बभनी थाना क्षेत्र के पतखिरना गांव की घटना

**जनसंदेश न्यूज**

बभनी। स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरहर गांव के पतखिरना टोले मे एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया।जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय शंकर गोंड पुत्र रान पाल निवासी पतखिरना की हत्या कर शव को घर से चार सौ मीटर दूर झाड़ी में फेंक दिया गया।मृतक की पत्नी इंद्रावती के मुताबिक गुरुवार को सुबह करीब 10.30 बजे घर पर खाना खाया।खाना खाने के बाद वह घर से निकल गया।शाम करीब पांच बजे पिता रान पाल ने बेटे के मोबाइल पर दो बार काल किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।रात में लोग इंतजार करते रहे लेकिन वह नही आया।सुबह लोग आस पास खोजबीन शुरू कर दिये। ग्रामीणों ने भी परिजनों के साथ खोजबीन शुरू कर दिया।करीब साढ़े तीन बजे के आस पास घर से लगभग चार सौ मीटर दूर जंगल के किनारे उसका शव झाड़ी मे मिला।मृतक के सिर तथा शरीर पर नुकीले हथियार से वार कर हत्या किया गया है।प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता रान पाल ने तहरीर दिया है।उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर नुकीले हथियार के चोट के निशान हैं।कहा कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।उन्होंने कहा कि हर पहलू पर जांच की जा रही है, बहुत जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।मृतक बीजपुर में संविदा पर काम करता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनौरा मैनाथपट्टी, वि.खं. अजमतगढ़, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनौरा मैनाथपट्टी विकास खण्ड अजमतगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत कार्यालय से 100.00 रुपया भुगतान कर दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा स्पष्ट एवं पठनीय भर कर मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक दोपहर 12.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 06.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर समिति के समक्ष मध्याह्न 12.30 बजे खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक-31.03.2023

**(रामानन्द यादव)** ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बनौरा मैनाथपट्टी, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़
**(प्रदीप उपाध्याय)** ग्राम वि.अ./ग्रा.पं. अ./सचिव, ग्राम पंचायत बनौरा मैनाथपट्टी, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत ओलमापुर, वि.खं. अजमतगढ़, आजमगढ़**
**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ओलमापुर विकास खण्ड अजमतगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/पंचम राज्यवित/15वां वित आयोग ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (SLWM)/स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय/निविदा की धनराशि से ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण, पंचायत भवन निर्माण/ मरम्मत, गोआश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत, खेल का मैदान निर्माण/ मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा संबंधित सभी कार्य (SLWM) से संबंधित सभी कार्य कराये जाने हैं एवं इसके अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों के लिए निर्माण सामग्री जैसे ईंट, ईंट का टुकड़ा 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, डाला गिट्टी, 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम, सरिया आवश्यकता अनुसार, इंटरलाकिंग, सीमेंट, सफेद बालू, लाल बालू, लोहे का गेट, लोहे की खिड़की, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइल, पीबीसी पाइप, ह्यूम पाइप, प्राइमर, पेंट, समरसेबल पम्प, एवं पंचायत भवन निर्माण/ भवन मरम्मत के लिए दरवाजा, खिड़की, कम्प्यूटर, बैट्री, प्लम्बर का सामान, विद्युत संबंधी सामान खरीददारी व मरम्मत/ स्टेशनरी एवं ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिए डस्टबिन, कचरा ढोने वाली पैदल ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, सफाईकर्मी किट, लोहे की पाइप, प्राथमिक एवं जूनियन विद्यालय पर कायाकल्प योजना के अंतर्गत निर्माण एवं मरम्मत, प्रांगण में ई-रनिंग वाटर, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, गेट का उच्चीकरण एवं निर्माण, साइन बोर्ड, वृक्षारोपण एवं ग्राम पंचायत में आवश्यकतानुसार समस्त कार्य कराये जाने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने के लिए निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत कार्यालय से 100.00 रुपया भुगतान कर दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। निविदा स्पष्ट एवं पठनीय भर कर मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 05.04.2023 तकदोपहर 12.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 06.04.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर समिति के समक्ष पूर्वाह्न 10.30 बजे खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त न्यूनतम दर की निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक-31.03.2023

**(सुमन यादव)** ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत ओलमापुर, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़
**(प्रदीप उपाध्याय)** ग्राम वि.अ./ग्रा.पं. अ./सचिव, ग्राम पंचायत ओलमापुर, वि.खं.अजमतगढ़, आजमगढ़

# दुष्कर्म के आरोपी दो सगे भाइयों को हुआ 20 वर्ष का कारावास

**चंदौली।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो राजेन्द्र प्रसाद की अदालत ने शुक्रवार को 7 वर्षीय नाबालिक बालक से दुष्कर्म मामले की सुनवाई की एवं शामिल दोनों आरोपियों (सगे भाइयों) को बीस वर्ष की सजा सुनाई है। जिसमें दोनों अभियुक्त दरोगा व लाखे को मामले में सुनवाई के दौरान 20 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही 15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। मामला 4 जून 2017 से एक वर्ष पूर्व का बताया गया है।

अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता पॉक्सो शमशेर बहादुर सिंह, अवधेश नारायण सिंह,और रमाकांत उपाध्याय ने मुकदमे की पैरवी की है। विशेष अधिवक्ता पॉक्सो शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि चकिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक 7 वर्षीय पीड़ित की माँ ने आरोप लगाया की उसके पुत्र को जब वह व उसके परिजन घर पर नहीं थी तो बच्चे को अकेला पाकर अभियुक्त दरोगा पुत्र विजयी राम मेरे घर आया। बहला फुसलाकर प्रलोभन देकर गुजरात के श्याम काठे नामक स्थान ले गया जहां 2 माह बाद जब मेरा बच्चा घर आया तो उसने बताया कि दोनों अभियुक्त दरोगा व लाखे उससे काम करवाते थे प्रताड़ित करते व दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम देते थे। इसी मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा 14 बालश्रम के तहत 6 माह व 500 जुमार्ना लगाया है।

## पानी खींचने के दौरान कुंए में गिरी युवती, मौत

**बबुरी।** क्षेत्र के लठौरा गांव मे कुएं पर पानी भरने गयी एक युवती की कुए में गिरने से मौत हो गई। घटना के बारे में पता चलने पर ग्रामीणों की मदद से युवती को निकालकर परिजन अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नीतू कुमारी उम्र 18 वर्ष पुत्री विजयी राम, रोज की भांति गुरुवार की शाम को पानी लेने घर के पास मौजूद कुएँ पर गयी थी। वहा पहुंच कुएं से पानी खींच रही थी कि उसी दौरान उसका पैर रस्सी में जा फंस गया संतुलन बिगड़ जाने के कारण वह कुएँ मे गिर गई। आस पास के लोगों द्वारा उसके कुएं में गिरता देख शोर मचाया जाने लगा, जिससे बाद किसी तरह से नीतू कुमारी को कुएँ से बाहर निकाला गया। उसके बाद परिजनों द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया ले जाया गया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने नीतू कुमारी को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची बबुरी पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अधिकारियों संग बैठक कर जनपद के विकास कार्यों पर की चर्चा

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित विकास भवन के सभागार में शुक्रवार को राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से बैठक की। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बाबत जानकारी ली और अधिकारियों का आह्वान किया कि अधिक से अधिक आम जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचने में मदद करें, ताकि सरकार की छवि अच्छी बन सके। इस दौरान दर्शना सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ विश्वास लेकर विकास कार्यों को अंजाम दे रही है इस कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। सरकार की जो भी संचालित योजनाएं हैं उसको आम जन तक पहुंचाना अधिकारी अपने एजेंडे में रखें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव सुशील कुमार सहित तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

# खतरे में है देश का संविधान और लोकतंत्र

**बोले मिठाई लाल**

### पार्टी कार्यालय पर संविधान बचाओ कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन


सपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

**चंदौली।** क्षेत्र के नरसिंहपुर खुर्द स्थित डा.राम लोहिया भवन में शुक्रवार को संविधान बचाओ कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोकतंत्र और संविधान बचाने के बाबत विस्तार से चर्चा की गई। इसका शुभारंभ बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, डा.लोहिया और कांशीराम के पदचिन्हों पर चलने का काम रही है। आज देश का संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में है।

हम सभी को महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलकर दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस के तैयार रहना होगा, तभी संविधान और लोकतंत्र का रक्षा हो सकता है। प्रदेश सरकार दलितों अल्पसंख्यकों और पिछड़ों की भागीदारी देने में शून्य होती जा रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिसकी जितनी संख्या भारी उतनी उधारी का नारा देते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार से जाति जनगणना की मांग लगातार कर रहे हैं, लेकिन यह सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं है। ऐसे में समाज के हम सभी लोगों को संगठित होकर संघर्ष करने के लिए कमर कस के तैयार रहने की जरूरत है। पूर्व सांसद रामकिशुन ने कहा कि किसानों नौजवानों मजदूरों की लड़ाई लड़ने के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए आगे आने की जरूरत है। विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि आज समाज का सभी वर्ग भाजपा सरकार में परेशान है। गरीब किसान नौजवान के साथ साथ आमजन का कोई सुनने वाला नहीं है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्य नारायण राजभर, पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार, मुसाफिर सिंह चौहान, बंसराज पासवान, त्रिवेदी खरवार, सुजीत कन्नौजिया, दिलीप पासवान, अखिलेश्वर यादव, नीलम बियार, दशरथ सोनकर, शशिकांत भारती, सत्य प्रकाश सोनकर,संजय सोनकर,चकरू यादव चंद्रभान यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन महेंद्र राव ने किया।

## संक्षेप

### सिक्किम के राज्यपाल का भाजपाइयों ने किया स्वागत


पड़ाव चौराहे पर राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का स्वागत करते शिवशंकर सिंह पटेल।

**पड़ाव।** स्थानीय चौराहे पर सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। विदित हो कि रामनगर स्थित अपने निवास स्थान से एयरपोर्ट पर जाते समय पडाव चौराहे पर भाजपा कार्यकताओं ने शिव शंकर सिंह पटेल के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया, जबकि इस दौरान राज्यपाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्थल में पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 63 फीट ऊंची प्रतिमा के चरणों में पुष्प अर्पित कर नमन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपचंद चौरसिया का हाल-चाल भी पूछा। इस मौके पर शिव शंकर सिंह पटेल, राणा प्रताप सिंह, प्रमोद पटेल, छन्नू पटेल, अमरजीत सिंह, गणेश चौरसिया और जयप्रकाश यादव इत्यादि रहे।

### बच्चों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट की गई वितरित

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पुरैनी में बच्चों का वार्षिक प्रगति रिपोर्ट वितरित किया गया। कक्षा 5 की नंदिनी प्रथम स्थान द्वितीय आशुतोष सिंह चौहान व तृतीय स्थान शिवम कुमार ने प्राप्त किया। कक्षा 1 से 5 के सभी बच्चों को प्रगति रिपोर्ट वितरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष बनारसी गिरी प्रधानाध्यापक संजय यादव अनीता यादव मधुबाला निधि त्रिपाठी मनोरमा मौर्या उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक ने कक्षा 1 से 4 के बच्चों को अगली कक्षा में प्रोन्नत व कक्षा 5 के बच्चे जो कक्षा में पढ़ने जाएंगे उनको आशीर्वाद दिया।आप अपने प्रगति के पथ पर उत्तरोत्तर बढ़ते रहें।

### चोरी की बैट्री के साथ चोर गिरफ्तार

**कंदवा।** पुलिस ने तलाशपुर तिराहे से शुक्रवार की दोपहर चोरी के बैटरी के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं तीन पूर्व में अंरगी निवासी अजित सिंह के यहाँ हुई बैटरी, डीजल तेल सहित समान की चोरी हुआ था। पूछताछ के बाद आरोपी को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया। कंदवा थाना प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तलाशपुर तिराहे से एक शातिर चोर को पकड़ा गया। उसके पास ल्यूमिनस बैटरी बरामद हुआ।पकड़ा गया आरोपी मुकेश पासवान पुत्र छोटू लाल पासवान अरंगी गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे कागजी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजीव पांडेय, राकेश यादव, अभय राज आदि रहें।

### सेवानिवृत्त रेलकर्मियों का किया गया समापक भुगतान

**डीडीयू नगर।** डीडीयू मंडल द्वारा माह मार्च में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता रहे। डीडीयू मंडल के 30 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल 11,49,06,382 रुपये का समापक भुगतान किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत्त रेल कर्मियों के स्वास्थ्य एवं समृद्ध जीवन की कामना की। रेल प्रशासन के भविष्य में सेवानिवृत कर्मियों की सेवा में तत्पर रहने की बात कही गई। सभी को मंडल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। समारोह में मंडल के विभिन्न उच्च अधिकारी, मंडल के यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा रेलकर्मी उपस्थित रहे।

### कंदवा पुलिस ने वांछित को पकड़ा

कंदवा। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह मुड्डा गांव निवासी चंदन को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उक्त वांछित का काफी दिनों से तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष कंदवा शैलेन्द्र प्रताप सिंह के गठित टीम की सहयोग से मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त चंदन पुत्र गुलाब निवासी मुड्डा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसके ऊपर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था। वांछित के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्लू जारी हुआ था।जो काफी दिनो से फरार चल रहे थे।जिसको कन्दवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पांडेय हेडकांस्टेबल कृपाशंकर आदि मौजूद रहे।

### सीट आरक्षित होने पर दूसरों का समीकरण बिगड़ा

**डीडीयू नगर।** अधिसूचना के अनुसार नगर पालिका परिषद डीडीयू नगर अध्यक्ष की सीट अनुसूचित जाति महिला आरक्षित घोषित की गई। इस घोषणा के बाद से कई संभावित प्रत्याशियों के समीकरण बिगड़ गये। ऐसे में कहीं मायूसी छा गई तो कहीं उम्मीदों को पंख लग गये है। दिसंबर माह में कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव आयोग की ओर से जारी अधिसूचना में नगर पालिका परिषद नगर अध्यक्ष की सीट पिछड़ी जाति महिला के लिए आरक्षित हुई थी। बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी की गई। जिसमें नगर पालिका डीडीय नगर की सीट को अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित हो गई। गौरतलब है कि ट्रिपल टेस्ट के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओबीसी महिला आरक्षित होने पर कई नेताओं ने अपनी-अपनी पत्नियों व घर की महिलाओं को चुनावी मैदान में उतार दिया था। नेता महिलाओं के सहारे चुनावी समर को आगे बढ़ाना चाहते थे। लेकिन वर्तमान आरक्षण ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। वहीं दूसरी ना उम्मीद हो चुके कई लोगों की उम्मीदों को नये पंख लग गये है।

### भटकती किशोरी मिली

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर एक चौदह वर्षीय किशोरी भटक रही थी। किशोरी को भटकता देखकर रेलवे चाइल्ड लाइन संस्था उसे अपने साथ आफिस ले आई। किशोरी से पूछताछ के बाद उसे बाल कल्याण समिति यहां पेश कर दिया समिति के निर्देश पर नाबालिक बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। संस्था के कोऑर्डिनेटर सुंदर सिंह ने बताया कि इसकी सूचना बालिका के परिजनों को दे दी गई है। उनके आने पर बच्ची को उन्हें सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन दो को

**चंदौली।** भाजपा अनुसूचित अनुसूचित जनजाति मोर्चा का सम्मेलन 2 अप्रैल को महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। यह जानकारी जिलाध्यक्ष शंभूनाथ गोंड ने देते हुए बताया कि इसमें राजनीतिक सामाजिक सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# चंदौली तहसील व ब्लॉक का डीएम ने लिया जायजा


चंदौली ब्लाक परिसर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शुक्रवार को खण्ड विकास कार्यालय सदर एवं तहसील सदर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की रखरखाव, परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था देखी। जिलाधिकारी ने कनिष्ठ सहायक से मनरेगा योजना अंतर्गत कराएं गए कार्यों की प्रगति व आईजीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त शिकायत संदर्भ रजिस्टर का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस में सी श्रेणी के संदर्भ में पूरी गंभीरता एवं स्थलीय जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि समय से कार्यालय में उपस्थित होकर जनता की शिकायतों का समुचित निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। कार्यालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। फाइलों को सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव किया जाए। सभी पटल कर्मचारियों का समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने पीएचसी अस्पताल सदर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली उपचार को लेकर चिकित्सा प्रभारी से तमाम जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी ने सदर तहसील के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी व तहसीलदार न्यायालय में पड़े पांच वर्ष से अधिक समय के पत्रावलियों पर नियमानुसार कार्यवाही कर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। तहसील के विभिन्न पटलों पर पत्रावलियों का ठीक प्रकार से रखरखाव हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था की जाए कि तहसील आने वालों को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख सदर संजय सिंह उपस्थित रहे।

## सहकारी संघ के निर्विरोध सभापति बने वंशलोचन व उपसभापति विशाल

**शहाबगंज।** सहकारी संघ शहाबगंज का निर्वाचन शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव अधिकारी अनिल कुमार सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जहां शहाबगंज,खरौझा व इलिया संघ के नौ सदस्यों ने भाग लिया।इस दौरान सर्वसम्मति से वंशलोचन ने सभापति के लिए व उपसभापति के लिए विशाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जहां किसी अन्य प्रत्याशियों के नामांकन नहीं करने से दोनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी के साथ सर्वसम्मति से क्रय विक्रय चकिया के लिए उर्मिला, जयनारायण, वंशलोचन व उमाशंकर को भेजा गया। वहीं जिला सहकारी बैंक के लिए वीरेंद्र,रामसरुप, विनोद व उमाशंकर का चयन किया गया।डीसीडीएफ प्रतिनिधि के लिए साधना व शशी कुमार तथा इफको प्रतिनिधि में अरुण कुमार,जिला उपभोक्ता संघ में जयनारायण, सदस्य औराई मिल के लिए विरेन्द्र प्रसाद, डीसीएफ के लिए अरुण कुमार व विशाल का चयन सर्वसम्मति से किया गया।इस दौरान नवागत सभापति वंशलोचन मौर्य ने कहा कि किसानों के साथ मिलकर किसानों के हक की लड़ाई लड़ी जायेगी।

# पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए पांच पुलिस अफसर



**चंदौली।** पुलिस विभाग की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग में कार्यरत पुलिस अधिकारी व कर्मचारी अधिवर्षता आयु पूर्ण सेवानिवृत्त हुए। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना के साथ उपहार प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक श्रीराम दूबे, मोहम्मद सलीम, सच्चिदानंद पाण्डेय, भृगुनाथ सिंह व शशिकांत पाठक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए, जिनके सम्मान में पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एएसपी सुखराम भारती ने कहा कि पुलिस विभाग सेवानिवृत्त हुए अफसरों के समर्पण व कार्य को हमेशा याद रखेगा। यदि भविष्य में इन्हें किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो पुलिस विभाग इनकी मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

# बच्चों के पोषण के लिए सरकार संकल्पित : दर्शना सिंह

**आयोजन**

### मुख्यालय पर पोषण पखवाड़े के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चंदौली।** राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को राधा कृष्ण पैलेस के सभागार में आयोजित किया गया। पोषण पखवाड़े के कार्यक्रम में स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा मोटे अनाज के प्रति जागरूक करें हेतु गोष्ठी का आयोजन की गई। इसका शुभारंभ राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह व विधायक रमेश जायसवाल व सुशील सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान सांसद दर्शना सिंह ने स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता में चयनित 20 स्वस्थ बच्चों के मां को प्रमाण पत्र दिया।वहीं बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए खिलौने दिए। साथ ही 10 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा छह महीने की आयु पूर्ण कर चुके 10 बच्चों का अन्नप्राशन किया। सांसद ने कहा कि बच्चों के पोषण लिए हमारी सरकार का कृत संकल्प है। हर गांव हर मुहल्ले में हर बच्चा पोषित हो और स्वस्थ्य हो इसके लिए उपस्थित सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से पोषण शपथ भी दिलवाया। विधायक सयैदराजा सुशील सिंह ने कहा कि सरकार की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को हर पल हर परिवार तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। विधायक रमेश जयसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को दृष्टिगत रखते हुए हम सभी को मोटे अनाज मिलेट्स के उपयोग करने पर बल प्रदान किया । वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी जया त्रिपाठी द्वारा बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं का विस्तार से चर्चा की।इस दौरान सीडीपीओ नंदनी शुक्ला, समीर सिंह,आशीष वर्मा, अवधेश पंडित,मीना गुप्ता, वीरूमणि,मधुरिमा, सरोज रानी,सुनीता सिंह, वीना पांडेय,दिलीप वर्मा, सौरभ सिंह, राजेंद्र प्रसाद, प्रमोद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।संचालन आर पी मौर्य ने किया ।

## ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक की मौत एक घायल

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के पचपेड़वा गांव के समीप नेशनल हाईवे पर ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में आसपास के सहयोग से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के आगे की कार्रवाई में जुट गई। बताते हैं कि बिहार प्रांत के कैमूर जिला अंतर्गत दुर्गावती थाना के कनकपुरा गांव निवासी विश्वजीत सिंह 45 वर्ष सैयदराजा थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी सुंदरम सिंह 30 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही पचफेड़वा के समीप पहुंचे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। इसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पुलिस की मदद से आसपास के लोगों ने 108 की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर बिहार निवासी विश्वजीत को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया और इसकी सूचना पुलिस को दे दी। जानकारी के बाद मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।

# दिव्यांगजनों की खुशहाली के लिए कार्य कर रही सरकार: दर्शना

**समारोह**

### 80 दिव्यांगों को स्वचालित ट्राइसाइकिल की गई वितरित


ट्राईसाइकिल वितरण समारोह में मंचासीन सांसद व विधायक।

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में शुक्रवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 80 दिव्यांगों को स्वचालित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। इसका शुभारंभ राज्य सभा सदस्य दर्शना सिंह ने दिव्यांगों में ट्राइसाइकिल का वितरण किया। इस दौरान सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार दिव्यांगों की खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

दिव्यांगों को पेंशन देने के साथ उन्हें जरूरत के अनुसार उपकरण का वितरण कराया जा रहा है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल वितरण कर उनकी परेशानी के बाबत भी जानकारी ली। पूछा कि किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। दिव्यांग किसी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें जानकारी दे सकते हैं। उनकी समस्या का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि जनपद में दिव्यांगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो जिम्मेदार अफसर इसका ध्यान रखें। यदि कोई दिव्यांग अपनी परेशानी से अवगत कराता है तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में दिव्यांगों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि उन्हें सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी ने हमेशा उठाया जनता व किसानों का मुद्दा


डीडीयू नगर में पत्रकारों से रूबरू मकसूद खान।

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मकसूद खान ने शुक्रवार को पटेल नगर स्थित कांग्रेस नेता आनंद शुक्ला के आवास पर पत्रकार वार्ता दौरान मोदी सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल पर निशाना है, लेकिन मकसद अडानी को बचाना है। कहा कि जनता की आवाज महात्मा गांधी, पं नेहरू, सुभाष बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद ने उठाई। अंग्रेज उन्हें इसकी सजा देते थे। आज वही काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। राहुल गांधी जब से राजनीति में हैं किसानों की आवाज उठाते हैं। मोदी किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लाया। राहुल गांधी ने संसद व सड़क पर किसानों के साथ खड़े हुए। अब मोदी इसकी सजा देंगे।आदिवासियों की जमीन, उनके जंगल और पानी के लिए राहुल खड़े हुए। भारत का नौजवान जो बेरोजगारी की मार झेल रहा है। ऐसा एक दिन नहीं जाता जब नौजवानों के रोजगार और भविष्य की बात राहुल गांधी नहीं उठाते। नोटबंदी के घोटाले ने गरीबों, छोटे व्यापारी को भयंकर नुकसान किया। मोदी की गलत जीएसटी ने लाखों दुकानदारों का, करोड़ों छोटे छोटे व्यापारियों का धंधा चौपट कर दिया। पत्रकार वार्ता के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता, पीसीसी सदस्य आनंद शुक्ला, सेवादल पूर्वी जोन के अध्यक्ष सतीश बिंद, ओबीसी के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाराम पटेल, अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद तौसिफ, अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे।

## शहाबगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में घुसा बारिश का पानी



**शहाबगंज।** शुक्रवार की शाम को तेज हवा के साथ हुई बरसात से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पानी घुस गया। वही मरीजों के साथ आये तामीर दार कुर्सियों के ऊपर बैठने को विवश हो गये। कुछ माह पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में सीवर व सीसी का कार्य कराया गया। लेकिन पानी निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण तेज बहाव के साथ पानी अस्पताल में घुस गया।वार्डो से होते हुए दवा स्टोर रूम में पहुंच गया।आनन फानन में जाम नाली में जमा कुड़े को हटाने का कार्य किया गया। लेकिन वह भी नाकाफी साबित हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ, जच्चा बच्चा के कार्यालय में पानी घुस गया। पानी घुसने से अस्पताल में अफरातफरी मच गया। वहीं सीवर निर्माण कार्य की भी पोल खुल गई।

# सहकारी संघ टाण्डाकला के निर्विरोध चुने गये सभापति


निर्वाचित प्रसन्न मुद्रा में पदाधिकारी।

**चहनियां।** चहनियां विकास खण्ड के टाण्डा कलां में सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति व उपसभापति पद का चुनाव गहमा-गहमी के बीच सम्पन्न हुआ ।निर्वाचन अधिकारी शशिमोहन एडीओ (आईएसबी) व कोआपरेटीव सचिव अशोक यादव के देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ।

चुनाव में संजीव सिंह को निर्विरोध सभापति व आनन्द सोनकर को उपसभापति सर्वसम्मति से चुना गया। चुने गये सभी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष प्रतिनिधियों ने कहा कि सहकारी संघ लिमिटेड के विकास में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। चुनाव में मौजूद ग्रामीणों ने निर्विरोध निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राजीव कुमार सिंह (मुन्ना), साधना सिंह, कामिनी सिंह, जयंत सोनकर, पिंटू जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नस्लवादी टिप्पणी करने के मामले में मुझे बरी कर दिया गया : माइकल वॉन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेट कप्तान माइकल वॉन ने शुक्रवार को कहा कि एक अनुशासनात्मक पैनल ने उन पर लगे नस्लवाद के आरोपों को खारिज कर दिया है। वॉन पर आरोप लगा था कि उन्होंने 2009 में यॉर्कशर टीम के एशियाई मूल के खिलाड़ियों के समूह के प्रति नस्लीय टिप्पणी की थी। इंग्लैंड क्रिकेट के सबसे सफल क्लब यॉर्कशर के पूर्व खिलाड़ी अजीम रफीक ने 2020 में सार्वजनिक रूप से कहा था कि 2008 से 2018 के बीच उन्हें दो बार नस्लीय उत्पीड़न और धमकी का सामना करना पड़ा था। रफीक ने कई आरोप लगाये थे जिसमें वॉन का नाम भी शामिल था। रफीक के मुताबिक इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने एक टी20 मैच के दौरान उनके और एशियाई मूल के अन्य खिलाड़ियों पर निशाना साधते हुए कहा था आप लोगों की संख्या काफी बढ़ गयी है, हमें इस पर कुछ करने की जरूरत है।



# आईपीएल का आगाज: अरिजीत के गाने पर झूमे धोनी-हार्दिक, तमन्ना और रश्मिका की ग्लैमरस परफॉर्मेंस

### नाटू-नाटू पर थिरकीं मंदाना, तमन्ना ने गुजरात टाइटंस के लिए किया परफार्म, अरिजीत के गानों ने बांधा समां, झूम उठे खिलाड़ी और दर्शक

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के उद्घाटन समारोह में सबसे पहले गायक अरिजीत सिंह ने परफॉर्म किया। उन्होंने राजी फिल्म के गाने 'ऐ वतन मेरे वतन' गाने से समा बांध दिया। इसके बाद उन्होंने 1983 फिल्म के गाने 'लहरा दो' और ब्रम्हास्त्र के गाने 'केसरिया तेरा इश्क है पिया' से सभी फैंस का दिल जीत लिया। उन्होंने चन्ना मेरे, कबीरा, अपना बना ले पिया, तुझे कितना चाहने लगे हम, झूमे जो पठान, शिवा, हां मैं गलत, प्यार होता कई बार है, तेरे प्यार में, घुंघरू टूट गए, राबता, इलाही, हवाएं, देवा-देवा, इंडिया जीतेगा गाना भी गाया। इस दौरान हार्दिक पांड्या भी अरिजीत के गाने पर डांस करते दिखे।

तमन्ना भाटिया ने तेलगू फिल्म एनिमी



के गाने टम टम पर परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने डिजायर, ऊ अंटावां गाने पर भी परफॉर्म किया। तमन्ना भाटिया ने गुजरात टाइटंस की टीम के लिए परफॉर्म किया। रश्मिका मंदाना ने दक्षिण भारतीय फिल्म के गाने पर चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए परफॉर्म किया। इसके बाद उन्होंने श्रीवल्ली, नाटू नाटू गाने पर भी अपनी परफॉर्मेंस दी। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और गुजरात टाइटंस के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी मंच पर आए। दोनों ने टॉस से पहले आईपीएल 2023 की ट्रॉफी के साथ पोज किया। ओपनिंग सेरेमनी शुरू होने से पहले ही स्टेडियम के बाहर दर्शक अपनी टीमों को सपोर्ट करने के लिए पोस्टर्स लेकर पहुंचे थे ।

***सेरेमनी में शामिल नहीं हुए सभी कप्तान :*** टूनामेंट के होम और अवे फॉर्मेट में होने के कारण सभी 10 टीमों के कप्तान ओपनिंग सेरेमनी में शामिल नहीं हुए। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और चेन्नई सुपर किंग्स के महेंद्र सिंह धोनी ही सेरेमनी में मौजूद रहे। ओपनिंग सेरेमनी के बाद इन्हीं दोनों टीमों के बीच शाम 7:30 बजे से टूनामेंट का पहला मैच भी खेला जाएगा। मैच से एक दिन पहले 9 टीमों के कप्तानों ने ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा बीमारी के कारण नहीं आ सके। मैच से एक दिन पहले 9 टीमों के कप्तानों ने ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा बीमारी के कारण नहीं आ सके।



## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया, 2-0 से जीती वनडे सीरीज



**वेलिंगटन।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद विल यंग की 86 रन की नाबाद पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में श्रीलंका को 103 गेंद शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यंग ने 113 गेंद में 11 चौके जड़ित नाबाद पारी के दौरान हेनरी निकोल्स (नाबाद 44) के साथ पांचवें विकेट के लिए 100 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को श्रृंखला में 2-0 की जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ने श्रृंखला के पहले मैच को 198 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। शुक्रवार को श्रीलंका की पारी को 41.3 ओवर में 157 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड ने 32.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने भी दूसरे ओवर में छह रन पर दो विकेट गंवा दिये थे। लहिरू कुमारा (39 रन पर दो विकेट) ने चैड बॉवेस (एक रन) और टॉम ब्लंडेल (चार रन) के विकेट चटकाकर श्रीलंका अच्छी शुरूआत दिलायी। सातवें ओवर में कासुन रजिता (44 रन पर एक विकेट) ने जब डेरिल मिचेल (छह रन) को चलता किया तब टीम का स्कोर 21 रन था। श्रीलंका के कप्तान दासून शनाका (25 रन पर एक विकेट) ने 15वें ओवर में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम (आठ रन) को बोल्ड कर टीम की उम्मीदें कायम रखी। इसके बाद हालांकि यंग को निकोल्स के रूप में अच्छा साथी मिला और दोनों ने संभलकर खेलने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। निकोल्स ने चमिका करूणारत्ने की गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। श्रृंखला के पहले एकदिवसीय में महज 76 रन पर आउट होने वाली श्रीलंका की टीम ने एक बार फिर खराब शुरूआत की। टीम ने आठवें ओवर में 18 रन तक तीन विकेट गंवा दिये।

# आईपीएल 2023 का पहला विकेट लेकर शमी ने अपना शतक किया पूरा

### ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच में बना रिकार्ड

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2023 के ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में गुजरात टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने आई सीएसके टीम को पारी के तीसरे ओवर में ही बड़ा झटका लगा। बता दें कि गुजरात टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सीएसके के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे का विकेट लेकर एक खास उपलब्धि हासिल की। शमी ने ये विकेट लेकर अपने आईपीएल करियर के 100 विकेट पूरे कर लिए।



दरअसल, पहले मुकाबले में गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी टीम का खाता पारी के तीसरे ओवर में ही खोला। बता दें कि सीएसके टीम की पारी के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे शमी का शिकार बने। उन्होंने खतरनाक गेंद डाली, जो सीधा अंदर आई और स्टंप में जा लगी। इस बॉल को बल्लेबाज ने ड्राइव करने का प्रयास किया, लेकिन स्विंग गेंद के कारण गेंद सीधा स्टंप से टकराई और कॉन्वे क्लीन बोल्ड हुए। इस दौरान कॉन्वे मात्र 1 रन बनाकर ही पवेलियन लौटे। इस विकेट के साथ ही शमी ने अपने आईपीएल करियर के 100 विकेट पूरे किए। मोहम्मद शमी आईपीएल में 100 और उससे ज्यादा विकेट लेने वाले 19वें खिलाड़ी बने। वहीं, आईपीएल इतिहास में 100 विकेट लेने के मामले में शमी 15वें भारतीय खिलाड़ी बने।


## बॉलीवुड न्यूज

### सलमान खान ने तेलंगाना के फ्लावर फेस्टिवल को किया सेलिब्रेट



**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी अपमकिंग बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' का लेटेस्ट गाना 'बठुकम्मा' जारी किया है। बता दें, 'बठुकम्मा' एनुअल फ्लावर फेस्टिवल है जो तेलंगाना में महिलाओं द्वारा नौ दिनों तक सेलिब्रेट जाता है और सलमान की फिल्म का ये नया गाना इसी फेस्टिवल के नाम है। इस गाने में सलमान खान को पारंपरिक तेलुगू पोशाक में दिखाया गया हैं, जो क्षेत्रीय संस्कृति के प्रति उनके प्यार को दिखाता है। यह गाना सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है और इसमें ट्रेडिशनल और मॉर्डन म्यूजिक दोनों है, जिसमें पूजा हेगड़े को खूबसूरती के साथ डांस करते हुए दर्शाया गया हैं। इसका वाइब्रेंट और कलरफुल सेटअप, ट्रेडिशनल तेलुगू आउटफिट्स, और 200 बैकग्राउंड डांसर गाने में एक अनूठा स्पर्श जोड़ते हैं, जिससे ये एक विजुअल ट्रीट से कम नही है। इस गाने को बठुकम्मा फेस्टिवल के दौरान शूट किया गया था, जिसने इसे एकदम रियल फील दिया है और खूबसूरत तेलुगु संस्कृति के लिए यह एक परफेक्ट ट्रिब्यूट भी है जिसका दुनिया भर के दर्शक एंजॉय करेंगे। सलमान खान की फिल्में और उनके गाने हमेशा जनता के बीच हिट रहे हैं, जिसने न केवल उनके फैन्स का बल्कि पूरे परिवार का भी मनोरंजन करते है। 'बठुकम्मा' गाना भी इससे अलग नहीं है। ऐसे में 'बठुकम्मा' के लॉन्च के साथ, सलमान खान और 'किसी का भाई किसी की जान' की टीम ने तेलुगु संस्कृति के प्रति उत्साही लोगों को एक खूबसूरत तोहफा दिया है। फिल्म में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं। साथ ही सलमान खान की फिल्म के भी सारे एलिमेंट मौजूद है जैसे एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा और रोमांस। ये फिल्म ईद 2023 पर रिलीज होने वाली है और यह दुनिया भर में जी स्टूडियोज की रिलीज होगी।

### 'ध्रुव तारा-समय सदी से परे' को मिल रही तारीफ



**इंदौर।** सोनी सब के शो 'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' ने ध्रुव (ईशान धवन) और ताराप्रिया (रिया शर्मा) की अनोखी प्रेम कहानी से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। इस शो को हर जगह से बहुत तारीफ और प्यार मिल रहा है। अपनी समय अवधि में लौटने की यात्रा में तारा ने कई अड़चनों का सामना किया है, लेकिन उसके निश्चय को दर्शकों ने सराहा है। आने वाले एपिसोड्स में ध्रुव हिम्मत तोड़ने वाली एक और अड़चन के वक्त तारा की मदद करेगा। सुशीला (नीलिमा सिंह) फैसला करती है कि ध्रुव के कनाडा जाने से पहले उसकी शादी कर दी जाए और यह फैसला एक और बड़ी परेशानी खड़ी कर देता है। ध्रुव लगातार सुशीला से कहता है कि उसे शादी नहीं करनी है, लेकिन सुशीला उसकी बात को गलत समझ लेती है और उस पर उस लड़की से मिलने का दबाव डालती है, जिसे उसने चुना है। अपनी बात साबित करने की कोशिश में ध्रुव नवरंग वैन जैसी एक जगह पर पहुँच जाता है और बड़ा खुश होता है। वह तारा को यह बात बताना चाहता है, लेकिन उसे पता चलता है कि तारा उसका घर हमेशा के लिये छोड़ चुकी है। ध्रुव का किरदार निभा रहे ईशान धवन ने कहा, ध्रुव के तारा की असलियत के करीब पहुँचने के साथ कथानक ज्यादा दिलचस्प होता जा रहा है और उन दोनों के बीच एक लगाव दिखाई दे रहा है। तारा के एक और मुसीबत में पड़ने के बाद यह देखना रोमांचक होगा कि इस बार ध्रुव उसे कैसे बचाता है।

## संक्षेप

### उपनिदेशक फायर ने किया फायर स्टेशन का निरीक्षण



**डीडीयू नगर।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी और उपनिदेशक फायर सर्विस वाराणसी परिक्षेत्र विवेक शर्मा ने शुक्रवार को मुगलसराय और चंदौली फायर स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण करने के बाद नए नए अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जांच की। उपनिदेशक फायर सर्विस विवेक शर्मा शुक्रवार की दोपहर में मुख्य अग्निशमन कार्यालय पहुंचे। यहां फायर कर्मियों के परेड को देखा। इसके बाद फायर स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने जनरल स्टोर, एमटी स्टोर में उपकरणों के रखरखाव, अभिलेखों का रखरखाव, फायर स्टेशन के नियंत्रण कक्ष में संचार व्यवस्था की कार्यशीलता आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने फायर सेफ्टी के लिए आए आधुनिक उपकरणों जैसे वाटर मिस्ट बैकपैक, फायर एक्सटिंग्यूशर, हाइड्रोलिक सेल्फ कंटेंड कम्युनिकेशन टूल्स, आईसी इंजन ऑपरेटेड सर्कुलर सा, ब्रीदिंग ऑपरेट्स सैट, फोम जेनेरेटिंग मशीन संचालन की जांच की। उन्होंने फायरकर्मियों को उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण दिया और इसका अभ्यास कराया । अमोनिया, क्लोरीन गैस रिसाव में बचाव के तरीके और एलपीजी, सीएनजी तथा तरल पदार्थों से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने और बुझाने का उपाय बताए।इस दौरान फायर कर्मियों को जन जागरूकता अभियान के तहत फायर कर्मियों की टोली बनाकर विभिन्न संस्थानों बहुमंजिली भवनों मे पूर्व से स्थापित अग्निशमन व्यवस्था जहां भवन में पानी अनुपलब्धता की स्थिति होने पर लगे फायर इनलेट के माध्यम से अग्निशमन वाहनों द्वारा पानी पंपिंग कर आग बुझाने का अभ्यास एवं मॉक ड्रिल कराने का निर्देश फायर स्टेशन प्रभारी को दिया। इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी कुमार रमाशंकर तिवारी, प्रभारी फायर स्टेशन मुगलसराय मुन्नी सिंह, एनके सिंह आदि रहे।

### जनचौपाल में ग्रामीणों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**चहनियां।** चलो चन्दौली ग्राम चौपाल के तहत कैथी गांव के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पर जनचौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चहनिया खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने बच्चो का अन्न प्रासन्न व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई से लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये जन चौपाल में स्टालों का निरीक्षण कर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अब गांव गांव जन चौपाल लगाकर लोगों को लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह बिगत कई महीने से चल रहा है। सरकार की योजनाओं को जन चौपाल के माध्यम से लोग इसका लाभ ले यही कार्यक्रम का उद्देश्य है। एडीओ पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि चलो चंदौली प्रशासन गांव की ओर जन चौपाल अभियान के तहत चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से वंचित गांवो के ग्रामीणों व महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लोगों को लाभ जानने व लेने का मौका मिला है। जन चौपाल में आप सभी लोग इसका लाभ लें। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रितेश कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी जागृति यादव, आनंद यादव, ज्ञानेंद्र बिंद, ग्राम प्रधान स्मिता देवी, प्रधान पति पारस कुमार, एपीयो राजन सिंह, धनंजय सिंह, पवन शर्मा, प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश पांडेय, रविशंकर प्रजापति, विजय कुमार, आशीष गुप्ता, कमलेश प्रजापति, पंचायत सहायक सरिता कुमारी, नेहा विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# फैशन इवेंट में पति विराट संग रोमांटिक हुई अनुष्का शर्मा, लूटी महफिल

**नई दिल्ली।** मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित डायर फैशन गाला में बॉलीवुड के कई सितारे ने हिस्सा लिया। वहीं भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा भी इस इंवेट में शामिल हुए। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा अक्सर एक साथ रोमांटिक अंदाज में सोशल मीडिया पर मोमेंट्स शेयर करते रहते हैं। कभी एक दूसरे का हाथ थामकर तो कभी एक दूसरे के साथ मस्ती करते हुए। हाल ही में दोनों मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित डायर फैशन गाला में नजर आए हैं।

फोटो में विराट कोहली और अनुष्का शर्मा काफी खूबसूरत लग रहे हैं। कपल ने फोटोशूट के लिए अलग-अलग तरह के पोज दिए।





सोशल मीडिया पर कपल की तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं, पोस्ट पर फैंस भी अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस दौरान अनुष्का येलो लॉन्ग ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने बालों को कर्ल कर खुला रखा हुआ है। एक्ट्रेस ने अपना लुक ग्लोसी मेकअप और हाथ में छोटा सा मैचिंग पर्स लेकर पूरा किया है। वहीं विराट कोहली इस दौरान सूट-बूट में नजर आए है। जो काफी ज्यादा हैंडसम लग रहे थे। इस बार विराट ने खुद को मूंछो के साथ नया लुक दिया है। इन फोटोज पर रिस्पॉन्स करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'क्या बात है भैया.. काफी कूल लग रहे हो आईपीएल 2023 से पहले फोटोशूट् करवा रहे हैं।

## विज्ञान में रुचि रखने वाले मेधावी विद्यार्थियों को कराया गया भ्रमण

**चंदौली।** जनपद के विज्ञान में अभिरुचि रखने वाले मेधावी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक शोध प्रयोगालाओं व औद्योगिक संस्थानों के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम के तहत जनपद के 13 माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को जिला विद्यालय निरीक्षक जयप्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें कक्षा 9 व 11 के विद्यार्थी भ्रमण के लिए भेजे गए। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि राजकीय बालिका इंटर कालेज सैयदराजा, महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज, नेशनल इंटर कालेज सैयदराजा, नगर पालिका इंटर कालेज पं०दीनदयाल उपाध्याय नगर, लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज, रामकृष्ण महिला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पं0 दीनदयाल उपाध्याय, सकलडीहा इंटर कालेज सकलडीहा, किसान इंटर कॉलेज बरहनी, इण्टरमीडिएट कालेज, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचोखर, सनबीम स्कूल, दुलहीपुर, पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, हरि विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साहूपुरी, च आलोक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर के कक्षा 9 व 11 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भ्रमण के लिए भेजा गया है। इसका नेतृत्व डॉ. कृष्णमुरारी सिंह, जिला समन्वयक विज्ञान क्लब प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल सोनवार के नेतृत्व में तथा प्रवक्ता डा.सपना सिंह संबंधित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं के संरक्षण में महेन्द्र टेक्निकल इंटर कालेज से काशी हिन्दु विश्व विद्यालय, वाराणसी के लिए रवांगी कराया गया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों को बीएचयू वाराणसी में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, भौतिक विज्ञान विभाग में मंगल ग्रहण से संबंधित विभिन्न आयाम एवं चल चित्र दिखाया, भारत कला भवन में विभिन्न गैलरियों का अवलोकन कराया गया। लघु फिल्म दिखाकर विभिन्न पेंटिंग कलाकृति एवं मूर्ति आदि के बारे में बताया गया। काशी हिन्दु विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अभय कुमार सिंह के द्वारा व्याख्यान दिया गया।

# उम्दा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिली शाबाशी





गुरुकुल स्कूल में रिजल्ट प्राप्त करते बच्चे।

**जनसंदेश न्यूज**

**समारोह**

### प्रबंधक बोले, स्कूल दे रहा न्यूनतम फीस व फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा

**चंदौली।** शिक्षण सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को गुरुकुल स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान शिक्षकों द्वारा अपने-अपने वर्ग व कक्षा में अव्वल आए छात्र-छात्राओं को रिजल्ट के साथ ही मेडल देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान प्रबंधक इसरार अहमद खान द्वारा कक्षा-8 में अव्वल आयी गुडिया यादव, द्वितीय शिवांश सिंह व तृतीय अनिरूद्ध शर्मा को मेडल प्रदान किया। इसी तरह कक्षा-7 में स्नेहा यादव प्रथम, आंचल कुमारी द्वितीय व राज नंदिनी तृतीय रहीं। कक्षा-6 में प्रिया यादव प्रथम, सौरभ सिंह द्वितीय व शालिनी कुमारी तृतीय रहीं। इसी तरह कक्षा-5 में शुभांगी प्रथम, मुहम्मद अदनान द्वितीय, अनुष्का गोंड तृतीय रही। कक्षा-4 में रेयान अंसारी प्रथम, कृति सिंह द्वितीय व उज्जवल तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा तीन में शुभम अव्वल, कक्षा-2 में श्रेया सिंह, कक्षा-1 में मानसी यादव, यूकेजी अमीन तौकीर, एलकेजी में सत्य नारायण प्रथम आए। प्रबंधक इसरार अहमद ने बताया कि विद्यालय बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करने का काम पूरी शिद्दत के साथ कर रहा है। बताया कि बच्चों को न्यूनतम फीस व फ्री ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था दी जा रही है, ताकि गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे धनाभाव के कारण बेहतर शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहने पाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कृष्णकांत, मधु श्रीवास्तव, शमशुद्दीन, सुभाष शर्मा, रोशन मौर्या, परवेज खान, खुशबू सिद्दीकी, शिवम गुप्ता, रीमा यादव आदि उपस्थित रहे।

# मृत्युभोज प्रथा बंद करने की जरूरत : विधायक

जनसंदेश न्यूज

**अपनी बात**

**इस कुप्रथा से गरीबों पर पड़ता हैं आर्थिक बोझ**

**हमजापुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव में मृत्यु भोज प्रथा का बहिष्कार करके श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए अतिथियों ने कहा कि गरीब असहाय लोग इस प्रथा को बंद होने से आर्थिक बोझ से बच सकेंगे।

मल्हनी के विधायक लकी यादव ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मृत्यु भोज कुप्रथा है इसका बंद होना ही जरूरी है। पूर्व राज्यमंत्री शैलेंद्र यादव ललई ने कहा कि इस प्रथा से जो लोग संपन्न है वह तो तेरही कर देते हैं लेकिन जिनके पास आर्थिक मजबूती नहीं है वह देखी देखा में इसका आर्थिक भार झेलते हैं। मृत्यु भोज तिलक वृक्षा आदि प्रथा को खत्म करना चाहिए। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर ने कहा कि यह सराहनीय कदम है अगर मृत्यु भोज प्रथा बंद हो जाएगी तो निश्चित ही लोगों को तेरहवी मे कर्ज लेकर धन नहीं खर्च करना पड़ेगा।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर ने मृत्यु भोज प्रथा बंद करने पर समाज में एक सुधार होगा। सपा नेता अमित यादव ने कहा मृत्यु भोज सामाजिक अभिशाप है इसका बहिष्कार करें समाज में बड़ा सुधार होगा और लोगों को आर्थिक बोझ से असहाय गरीब को राहत मिलेगी। प्रधान जंगबहादुर यादव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने प्रथा का बहिष्कार करने पर प्रधान जयहिंद यादव के निर्णय एव संकल्प की सराहना की। इस अवसर पर लालचंद यादव लाले, राजेंद्र यादव, पप्पू पाण्डेय, सुनील कुमार, सुभाष चंद्र यादव, दयाराम, सुदर्शन, अजय कृष्ण, धर्मेंद्र चौहान, दिलीप प्रजापति, लालजी यादव, आनंद कुमार मौजूद रहे।

## पत्रकार पर गोली चलाने में दो गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना लाइनबाजार पुलिस ने पत्रकार पर हमला करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर मय दो खोखा कारतुस व एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार पत्रकार देवेन्द्र खरे पर हमला करने वाले पर धारा 307, 506, 120बी भादवि से सम्बन्धित दो अभियुक्तों सत्यम सिंह पुत्र संतोष कुमार सिंह निवासी रामपुरनदी थाना मड़ियाहूँ तथा प्रद्युम्न यादव उर्फ सोनू उर्फ सिनू पुत्र बाँकेलाल यादव निवासी जयरामपुर थाना मड़ियाहूँ शुक्रवार को रैभानीपुर अंडर पास हाईवे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की तलाश ली गयी तो सत्यम उपरोक्त के पास से एक पिस्टल 32 बोर व दो खोखा कारतुस तथा प्रद्युम्न के पास से एक तमंचा बरामद हुआ।

# कुलपति ने किया छात्रावास में एम्बुलेंस का लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज


छात्रावास में एम्बुलेंस का लोकार्पण करती कुलपति प्रो. मौर्य

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास परिसर में शुक्रवार को निजी एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विधि विधान से पूजन करके विद्यार्थियों के लिए एम्बुलेंस को लोकार्पित किया। इस कार्य के लिए विद्यार्थियों ने कुलपति के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इसकी खरीद की गई है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के लिए हर सुविधा अपडेट करने की कोशिश कर रहा है। एम्बुलेंस आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। विश्वविद्यालय में कुल चार पुरुष और तीन महिला छात्रावास हैं। रात्रि में उपचार के लिए अन्यत्र जाने की समस्या के समाधान करने के लिए यह व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, चीफ वार्डेन प्रो. रजनीश भास्कर. सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. पूजा सक्सेना, डा. झांसी मिश्रा, डा. जया शुक्ला, डा. प्रवीण सिंह, डा. धर्मेंद्र सिंह, डा. संजीव गंगवार, डा. गिरधर मिश्र, डा. पुनीत धवन, डा. सुनील कुमार, डा. सत्यम उपाध्याय, लाल बहादुर आदि मुख्य रूप से थे।

# अराजक तत्वों ने बंजारा बाबा की मूर्ति पिंड उखाड़ कर फेंका



**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के मोहल्ला सदरगंज स्थित बंजारा बाबा मंदिर परिसर में गुरुवार की रात अराजक तत्वों द्वारा बंजारा बाबा की मूर्ति पिंड को उखाड़ कर फेंक देने की जानकारी सुबह जब भक्तों को हुई तो मौके पर काफी भीड़ लग गई। सूचना पाते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार बीती रात बंजारा बाबा परिसर में लगे विशाल पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर बंजारा बाबा पिंड को अराजक तत्वों द्वारा उखाड़ कर फेंक दिया गया। जब सुबह भक्त दर्शन के लिए पहुंचे तो पिंड हटा देख वे आक्रोशित हो गए। सूचना पाते ही सीओ अशोक कुमार सिंह व कोतवाल ओम नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उपस्थित लोगों को कोतवाल ने काफी प्रयास के बाद समझा-बुझाकर शांत कराया। उनकी बात को मानते हुए लोग शांत हो गए।

कोतवाल ने बताया कि दूसरी मूर्ति पिंड मंगाया गया है। उपस्थित लोगों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर पिंड को स्थापित कर दिया गया तब जाकर मामला शांत हुआ। मौके पर अतुल उपाध्याय, डा. परमजीत सिंह, विनोद सेठ, मल्लू निगम आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रत्येक दशा में 10 अप्रैल तक शुरू करायें कार्य : डीएम

जनसंदेश न्यूज

**आदेश**

**समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिया निर्देश**


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में स्थानीय पर्यटन विकास की संभावनाओं से संबंधित निमार्णाधीन एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जनपद के कल्याणपुर में डीह बाबा स्थल के सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास की समीक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश रा. निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड वाराणसी को निर्देशित किया कि कार्य 10 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में शुरू हो जाए।

उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के शास्त्री पुल के पास स्थित शिव जी के मंदिर एवं हनुमान जी के मंदिर के पर्यटन का विकास कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए गए। शाहीपुल के पास स्थित हनुमान मंदिर, राम जानकी मंदिर, काली जी मंदिर, दुर्गा जी मंदिर एवं शिव मंदिर के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि स्वीकृति कार्य के हिसाब से कार्य का सत्यापन कराए जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि शासन के दिए गए समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण कराएं और जो भी कार्य कराया जाए वह गुणवत्तापूर्ण रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य कार्यदाई संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जन जागरूकता रैली आज

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक एवं दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाना है। अभियान का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह (प्रिंशु) द्वारा 1 अप्रैल को जिला टी.बी. चिकित्सालय परिषर से प्रातः 10.30 बजे जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा।

## संक्षेप

### सिल्वर मेडल विजेता अंजली को किया गया सम्मानित

**चंदवक।** अन्तरविश्वविद्यालयीय महिला किक बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीतने वाली आचार्य बलदेव पीजी कॉलेज कोपा व रसड़ा गांव निवासी अंजली यादव को सपा द्वारा विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख सुवास यादव व अन्य अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा क्षेत्रीय कल्याण व विकास समिति डोभी द्वारा भी स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम, रामेश्वर सिंह, अजीत सिंह, ठाकुर प्रसाद पाण्डेय, अजय सिंह, मनीष सिंह, सुजीत सिंह, गुड्डू यादव, शैलेन्द्र यादव, सोनू पाण्डेय, मंगला पाल, रमाशंकर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


अंजली यादव का माल्यार्पण कर स्वागत करते सपाजन

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुड़रिया गेट के पास गुरुवार की बीती रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र यादव उर्फ वीरु (35) पुत्र समरबहादुर यादव निवासी नौड़िहा थाना मुंगराबादशाहपुर गुरुवार की बीती रात मछलीशहर से अपने घर बाइक से जा रहा था कि रात्रि करीब 2:30 बजे थाना क्षेत्र के कुड़रिया गेट के पास पहुंचा था कि पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए घसीट दिया। रात में जाग रहे कुछ लोगों ने एम्बुलेन्स की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया पहुंचवाया जहां चिकित्साधिकारी ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की माता बबना देवी की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### मांगों को लेकर रसोइयों का तहसील में प्रदर्शन

**जिलाधिकारी को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार को सौंपा**

**मछलीशहर।** तहसील के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों ने शुक्रवार को तहसील में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के बाद पांच सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार सूरज कुमार को सौंपा है। भारतीय मध्यान्ह भोजन रसोइए की प्रांतीय एसोसियेशन के बैनर तले एकत्रित क्षेत्र की रसोइयों ने हाथों में माग पत्र लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। उनकी पांच सूत्रीय मांगों में स्कूल में अध्ययनरत उनके बच्चे की शिक्षा पूरी होने पर उन्हें काम से हटाया न जाय बल्कि नवीनीकरण किया जाय। उन्हें शिक्षामित्र और अनुदेशक की भांति प्रतिमाह की दस तारीख को खाते में मानदेय दिया जाय। उनके मानदेय में समय समय पर बढ़ोतरी की जाय। उन्हे आवश्यकता होने पर अवकाश दिया जाय। छुट्टी लेने पर वेतन नहीं काटा जाए। कार्यक्रम में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष शिवशंकर उपाध्याय, जिलाध्यक्ष मंजू देवी, ब्लाक अध्यक्ष बिंदु देवी के अलावा सरिता, सरजू, दुर्गावती, माधुरी, सोनी, गीता, इंद्रावती समेत पचास से अधिक रसोइयों ने प्रतिभाग किया।


### काश्तकार ने लेखपाल को पीट सरकारी दस्तावेज किया नष्ट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**शाहगंज।** तहसील मुख्यालय पर राजस्व निरीक्षक कार्यालय में शुक्रवार दोपहर गहमागहमी मच गयी। आरोप है कि काश्तकार ने बरासत दर्ज करने को लेकर लेखपाल को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित लेखपाल रविन्द्र कुमार की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। सरपतहां थाना क्षेत्र के भिवरहा गांव निवासी अजय पुत्र अमरजीत ने वरासत दर्ज करने का आवेदन किया था। इसी के बावत पूछताछ हेतु कार्यालय आये थे। इसी दौरान लेखपाल रविन्द्र कुमार से विवाद हो गया। तहरीर में कहा गया है कि गाली गलौज के बाद मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। वहीं खसरा खतौनी भी फाड़ दिया गया। छुड़ाने आये लेखपाल अनिल यादव भी घायल हो गए। फिलहाल दोनों का इलाज राजकीय चिकित्सालय में कराया गया। वहीं आधा दर्जन लेखपाल कोतवाली पहुंच तहरीर सौंपा है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला घायल, जिला चिकित्सालय रेफर

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव की एक महिला नगर के मेनरोड पर ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी 35 वर्षीय संगीता पत्नी संजय कुमार शुक्रवार को अपने परिवार के साथ शाहगंज बाजार करने आई थी। बाजार से सामान खरीद कर वापस पैदल ही जा रही थी कि जौनपुर मुख्य मार्ग पर नगर में ही ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त महिला की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।


### ईओ ने बैठक कर किया जागरूक, दिया निर्देश



**जफराबाद।** नगर पंचायत कार्यालय कचगांव में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संदर्भ में शुक्रवार को ईओ कचगांव अनिल कुमार सिंह द्वारा कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में संचारी रोग के बचाव व लक्षण के बारे में जागरूक किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। नगर पंचायत कार्यालय कचगांव में ईओ अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग के नियंत्रण के लिए बैठक की गई। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को संचारी रोग से बचाव व उसके लक्षण के बारे में जागरूक किया गया। ईओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इन रोगों से बचने के लिए अपने आस पास पानी न जमा होने दें, मच्छर दानी का प्रयोग करें फुल शर्ट पहने, पानी की टंकी को हमेशा ढक कर रखें, तथा कूलर के पानी को समय-समय पर बदलते रहे। इस दौरान आसिफ खान, दीवाकर उपाध्याय, कामेश्वर सिंह, नितेश सिंह, हरिकेश सिंह, उपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# दूसरे जुमे पर नमाजियों की उमड़ी भीड़

जनसंदेश न्यूज


शाही अटाला मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु

**जौनपुर।** शुक्रवार को मुस्लिम समाज में विशेष महत्ता है। जुमे की नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में नमाजी शाही अटाला मस्जिद, जामा मस्जिद (बड़ी मस्जिद) समेत अलग-अलग मस्जिदों में जमा हुए जहां उन्होंने रमजान के दूसरे जुमे की नमाज अदा की।

नगर की प्रमुख शाही अटाला मस्जिद में मौलाना अब्दुर रहीम ने नमाजे जुमा अदा कराई तथा मौलाना आफाक ने रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत और बरकतों का महीना होता है इसमें मुस्लिम लोग विशेष तरह की नमाज तरावीह अलग से अदा करते हैं। यह नमाज केवल रमजान माह में ही पढ़ाई जाती है। वहीं दूसरी ओर शाही जामा मस्जिद (बड़ी मस्जिद) मे मौलाना अबू हुरैरा ने नमाज अदा कराई और मुल्क में अमन व चैन के साथ भाईचारगी बनी रहे इसके लिए विशेष रूप से दुआ मांगी। मदरसा हनफिया नवाब युसूफ रोड मदीना मस्जिद में इमाम मौलाना कयामुद्दीन ने नमाज अदा कराई। नमाजियों को खिताब करते हुए मौलाना कयामुद्दीन ने कहा कि रमजान इबादत के साथ-साथ गुनाहों से बचने का और तौबा करने का महीना भी है। खानकाह मस्जिद मे मौलाना हाफिज मेराज ने कहा कि रमजान में इबादत के साथ-साथ गरीबों, बेसहारा लोगों के अलावा विधवाओं के लिए मदद करने का भी महीना है। इसके अलावा रमजान के दूसरे जुमा की नमाज शाही किला मस्जिद, झंझरी मस्जिद, लाल दरवाजा मस्जिद, लाल मस्जिद, मोहम्मद हसन मस्जिद, इलाही मस्जिद उर्दू बाजार, आया मस्जिद, आलम मस्जिद, गौशाला मस्जिद, जकरिया मस्जिद, चहारसू मस्जिद, शाही पुल शेर मस्जिद, इंद्रा मार्केट मस्जिद, कचहरी मस्जिद, रेलवे स्टेशन मीरपुर मस्जिद, मियांपुर मस्जिद के अलावा आसपास की मस्जिदों में भी अदा की गई और देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। नगर पालिका की तरफ से दूसरे जुमा को देखते हुए विशेष सफाई की व्यवस्था की गई तथा चूने का छिड़काव कराया गया। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह ने कहाकि रमजान के महीने में प्रशासन द्वारा दी जा रही मूलभूत सुविधाएं नमाजियों के लिए आसानियां हो रही है और कई जगह पर हिंदू भाइयों ने मुसलमानों को रमजान की बधाई दी और मुसलमानों ने नवरात्र की हिंदू भाइयों को बधाई दी जो राष्ट्रीय एकता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

## जमीन विवाद में हुई मारपीट, सात घायल

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के उसरौली गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से कुल सात लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के घायलों को उपचार हेतु सीएचसी पर भेजवा कर मामले में विधिक कार्रवाई की।

बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह उक्त गांव में जमीनी विवाद को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमें हुई मारपीट में जहां एक पक्ष के तराना 16, फरहाना 25, रूकसाना 45 व मतीन वहीं दूसरे पक्ष के शैफुल्ला 16, शहनाज 52 व नबाब हुसैन 52 घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सीएचसी उपचार हेतु भेजवा कर अन्य कार्रवाई शुरू कर दी। उधर सीएचसी पर चिकित्सकों ने फरहाना, मतीन व शहनाज को जिले पर रेफर कर दिया। इधर पुलिस दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## शिक्षक के योगदान को मापने का कोई पैमाना नहीं : फादर पी विक्टर

**शिक्षिका तबस्सुम हसन की विदाई पर भावुक हुआ विद्यालय परिवार**



विदाई समारोह में शिक्षिका को सम्मानित करते फादर

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में 25 वर्षों से कार्यरत शिक्षिका तबस्सुम हसन को विद्यालय परिवार ने विदाई दी। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी शिक्षिका के सम्मान में नृत्यगीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

अपने विदाई समारोह में अध्यापिका तबस्सुम हसन भावुक हो गईं और सेंटजॉन्स परिवार में रहते हुए उन्होंने कैसा अनुभव किया इसको सबके सामने साझा किया और कहा कि सेंटजॉन्स स्कूल ने मेरे मानस पटल पर अमिट छाप छोड़ी है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने तबस्सुम को उनकी सेवा के लिए आभार प्रकट किया एवं आगे का जीवन सुखमय हो इसके लिए शुभकामना दी।

फादर ने कहा कि शिक्षक-शिक्षिका देश के भविष्य का निर्माण करते हैं। उनके योगदान को मापने का कोई पैमाना नहीं है। शिक्षक कभी अवकाश नहीं प्राप्त करता वह जब तक दुनिया में रहता है राह दिखाता रहता है। विद्यालय परिवार ने उपहार देकर अपनी अध्यापिका को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में एंटी लार्वा के छिड़काव का बीडीओ ने दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज


ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते वक्ता

**गौराबादशाहपुर।** सभी ग्राम प्रधान और सचिव अपने-अपने ग्राम पंचायत में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव और साफ सफाई करवाएं, ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था गड़बड़ पाए जाने पर सफाई कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें शुक्रवार को विकासखंड धमार्पुर के ग्राम पंचायत कादीपुर में आयोजित ग्राम चौपाल मे खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर ने कही।

एडीओ पंचायत लाल जी राम ने कहा कि एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक गावों में संचारी रोग अभियान और सत्रह अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा उसमें सभी ग्रामवासी और फील्ड कर्मचारी सहयोग करें। एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण, मिशन अंत्योदय सर्वे, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, एकल पाइप पेयजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना, पंचायत कार्यालय से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी। ग्राम पंचायत कादीपुर में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किसान गुलाब चंद्र मौर्य ने उपस्थित ग्रामीणों को कम खाद का प्रयोग से ज्यादा उत्पादन करने के तरीके बताए। सचिव श्रुति गुप्ता ने लोगों को कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम चौपाल में आए शिकायतों का निस्तारण भी किया गया। इस अवसर ब्लॉक प्रमुख धमार्पुर विमलेश यादव, ज्वाइंट बीडीओ सुबास चंद, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान शीला देवी, मनोरमा सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सवाल अडानी से होता है परेशान सरकार होती है

जनसंदेश न्यूज


प्रेस को सम्बोधित करती सरिता पटेल

**बोली सरिता पटेल**

**प्रदेश कांग्रेस की महासचिव ने प्रेसवार्ता में कहा**

**जौनपुर।** 5 बिंदुओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस की महासचिव सरिता पटेल ने शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता नगर के एक होटल में की। प्रेस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने सवाल किया कि क्या लोकतंत्र में एक उद्योगपति से सवाल पूछना भारत पर हमला है? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो सवाल पूछे थे वही सवाल मैं सरकार से पूछना चाहती हूं कि अडानी की कंपनियों में जिन शैल कंपनियों द्वारा 20,000 करोड़ का निवेश किया गया वह कंपनियां किसकी है। जब कंपनियों के शेयर लगातार 60 पर्सेंट गिर चुके थे तब हमारे एसबीआई एलआईसी का पैसा अडानी की कंपनियों में लगाया जा रहा था यह बड़े सवाल हैं जिनका जवाब भाजपा सरकार को देना होगा। हमारा देश प्रजातंत्र देश है हमने आजादी के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है और कुर्बानियां दी है अगर लोकतंत्र पर खतरा होगा तो हम खामोश बैठने वाले नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि जब हम सवाल अडानी से करते हैं भाजपा की परेशान क्यों हो जाती है। भाजपा का अदानी से क्या रिश्ता है। वार्ता में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ. राकेश उपाध्याय, प्रदेश महासचिव किसान कांग्रेस राकेश सिंह डब्बू, जिला महासचिव अजय सोनकर, जिला अध्यक्ष शशांक राय अंकित, नगर अध्यक्ष यूथ कांग्रेस संदीप सोनकर, अमन सिन्हा, आदिल, अली अंसारी सब्बल, इकबाल आदि मौजूद रहे।

# जीवन पर्यन्त बच्चों के प्रति समर्पित रहता है शिक्षक : बीएसए


सेवानिवृत्त शिक्षिका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते बीएसए

समारोह

**सेवानिवृत्त शिक्षिका के विदाई समारोह में बोले बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल**

जनसंदेश न्यूज

**सिकरारा।** शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उक्त बातें शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय डीह जहानियाँ में शिक्षिका लीलावती सिंह के सेवानिवृत्त सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन पर्यन्त शिक्षा और बच्चों के प्रति समर्पित रहता है और इसी वजह से समाज में एक विशिष्ट दर्जा प्राप्त करता है। उन्होंने विद्यालय की शिक्षिका लीलावती की तारीफ करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में इस विद्यालय पर में पांचवी बार आ रहा हूँ और मैंने इनको हमेशा अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक देखा है। हम इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। बीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि लीलावती आज भले ही अवकाश ग्रहण कर रही है सभी शिक्षकों को इनकी कर्तव्यनिष्ठा का अनुकरण करने की आवश्यकता है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने कहा कि इनका कार्य हम सभी के लिए अनुकरणीय रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि लीलावती के आदर्श शिक्षिका के रूप में कार्य करते हुए मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। इसके अलावा कार्यक्रम को ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह शिक्षक संकुल अनंत प्रसाद व देशबंधु यादव ने संबोधित किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक अमरावती देवी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और आभार ज्ञापन विद्यालय के शिक्षक दीपक यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर शैलेश चतुर्वेदी, अनुपम श्रीवास्तव, सुरेश यादव, शैलेन्द्र यादव, सुषमा सिंह, देविका रानी, वंदना सिंह, गायत्री मौर्या, संगीता मौर्या, मोना देवी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : बीईओ


विदाई समारोह में उपस्थित बीईओ और अन्य शिक्षकगण

**गौराबादशाहपुर।** धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के तीन परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें अंगवस्त्रम देकर विदा किया गया।

शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पंचहटिया की प्रधानाध्यापिका अर्चना देवी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कबिरुद्दीनपुर के प्रधानाध्यापक मजाहिर आलम व कंपोजिट विद्यालय रामपुर चौकियां की प्रभारी प्रधानाध्यापिका खालिदा वलीम सेवानिवृत्त हुए। उक्त सेवानिवृत्त शिक्षकों के विद्यालयों पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर के उन्हें विदा किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कबीरुद्दीनपुर में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में पंहुचे बीईओ धर्मापुर अरविंद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता। शिक्षकों द्वारा बच्चों को दी गई शिक्षा और संस्कार हमेशा उपस्थित रहते हैं। बीईओ ने सेवानिवृत्त शिक्षक मजाहिर आलम को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान एआरपी महेंद्र यादव, उमेश मिश्रा, राजू सिंह, अखिलेश चंद यादव, प्रवीण सिंह, अचल हरिमूर्ति आदि मौजूद रहे।

## चैत्र राम नवमी पर किया प्रसाद वितरण

**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शाखा जौनपुर के तत्वावधान मे चैत्र शुक्ल नवमी के पावन पर्व पर कृषि भवन प्रांगण में स्थित माँ दुर्गा मंदिर परिसर में पूजन हवन पश्चात 9 कन्या रूपी मां दुर्गा के स्वरूप दर्शन कर परिषद परिवार की महिलाओं ने कन्याओं का पांव धुलकर और पांवों में महावर लगाया और कन्या पूजन कर भोजन कराया। कन्याओ का चरण वंदन कर दक्षिणा, उपहार देकर अगले नवरात्र में आने का वचन लिया।

कृषि भवन प्रांगण में स्थित गौशाला में सदस्यगण ने गौ माता को हरा चारा भी खिलाया। तत्पश्चात प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकली रामनवमी शोभायात्रा के समापन स्थल कचगांव पड़ाव पर सदस्यों, महिलाओं एवं बच्चों द्वारा राम भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अवधेश गिरी व निशा गिरी, विक्रम गुप्त व सविता गुप्ता, दिलीप जायसवाल व बबिता जायसवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन सचिव पंकज सिंह ने किया। निवर्तमान अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने शोभा यात्रा मे आये सभी आगंतुको का आभार व्यक्त किया।

## विद्यालय में किया गया विदाई समारोह का आयोजन



**सुइथाकला।** शुक्रवार को क्षेत्र के शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारीजहांगीर पट्टी में विद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने जहां अपने सीनियर को भावभीनी विदाई दी, वहीं एक लम्बे समय तक अपनी शिक्षा से सभी को शिक्षित करने वाले सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। इस दौरान समूचा विद्यालयी परिवार भाव विभोर हो उठा। शिक्षा क्षेत्र के उक्त विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 7 के बच्चों द्वारा अपने सीनियर रहे कक्षा 8 के बच्चों की विदाई के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ समारोह को गति देते हुए शानदार प्रस्तुति कर विदाई गीत द्वारा समूचे परिवार को भाव विभोर कर दिया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि वरूण त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि अमित तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश दूबे द्वारा प्रगति रिपोर्ट के साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। तत्पश्चात बतौर मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी द्वारा इसी सत्र में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक नारायण त्रिपाठी का माल्यार्पण कर कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विशिष्ट अतिथि ने विदाई शब्द की व्याख्या की। अन्त में कार्यक्रम प्रभारी दिनेश चन्द्र चतुर्वेदी द्वारा सहयोगियों के प्रति आभार जताया गया। अध्यक्षता पूर्व शिक्षक अमरनाथ त्रिपाठी व संचालन शिक्षक राजेश चौबे ने किया। इस दौरान हरी प्रकाश शुक्ला, नन्हे लाल पाण्डेय, रामसजीवन मौर्य, रसोईयों समेत बच्चे बच्चियां मौजूद रहीं।

## अखण्ड रामायण पाठ का समापन भंडारे का हुआ आयोजन

**खेतासराय।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी परिसर में स्थित हनुमान मन्दिर पर नवरात्रि के अंतिम दिन संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसके उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं ने जमकर प्रसाद छका।

ब्लॉक प्रमुख मंजू अजय सिंह यजमान बनकर विधि-विधान से ब्लॉक परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन कराया जिसके समापन के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में विकास खण्ड शाहगंज सोंधी क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांवों से लोग समय से पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारा में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रमुख करंजाकला मम्मन यादव, प्रमुख खुटहन बृजेश यादव, बीडीओ नंदलाल कुमार, जेई विमलेश कुमार, आनंद बरनवाल, शांति भूषण मिश्रा, विजय कश्यप, बाबा सिंह, दुर्गेश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# संस्कृत महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का हुआ समापन



**महराजगंज।** ब्लाक अंतर्गत श्री उमा महेश्वर संस्कृत महाविद्यालय कोल में चल रही सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. राज नारायण मिश्र के द्वारा की गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राधेश्याम दुबे ने सभी विद्यार्थियों को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों को जीवन भर याद रखने और दूसरों की सेवा करने और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का सभी छात्र छात्राओं से वचन लेते हुए समापन का वक्तव्य व्यक्त किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहाकि जिस तरह से एक दूसरे छात्र छात्राओं का सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाते हुए एकता का परिचय दिया उसी तरह समाज में लोगों की मदद करते हुए अपने राष्ट्र का नाम ऊंचा करना जिससे अपने देश और विद्यालय का नाम रोशन हो। इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### रामनवमी पर निकली झांकी देख गदगद हुए श्रद्धालु


रामनवमी पर निकली झांकी

**नौपेड़वा।** स्थानीय बाजार में गुरुवार को रामनवमी पर निकली झांकी देख श्रद्धालु गदगद हो गए। क्षेत्राधिकारी सदर एसपी उपाध्याय, एसओ त्रिवेणी सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में देररात्रि जुलूस बाजार भ्रमण पश्चात सम्पन्न हुआ। शाम को बाजार भ्रमण के लिए बड़ी संख्या में रामनवमी जुलूस के लिए निकले रथ के आगे सर्वप्रथम हनुमानजी उसके पीछे रथ पर सवार प्रभु राम, लक्ष्मण व सीता विराजमान रही। उसके पीछे के रथ पर भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती नंदी आदि की सवारी जय श्रीराम व हर हर महादेव के उदघोष के साथ केसरिया झंडा लहराते हुए चल रही थी। रास्ते में मां दुर्गा मंदिर के समीप सैकड़ों दीप प्रज्वलित किये गए थे। भक्तों द्वारा जगह-जगह लंगर की व्यवस्था की गई थी। जुलूस में पहुँचे ब्लॉक प्रमुख मनोज यादव, श्याम जी महाराज, प्रधान अशोक जायसवाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष आशीष जायसवाल, अंकित जायसवाल, डॉ. अजय निगम, आशीष गुप्ता सहित सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

### छह साल के नन्हें रोजादार सारिम ने रखा रोजा

**जौनपुर।** अल्लाह से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती है। रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। इसमें छोटे और मासूम बच्चे भी पीछे नहीं हैं। क्षेत्र में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे भी इस बरकत के महीने में इबादत कर रहे हैं। खासकर ऐसे बच्चे अधिक उत्साहित हैं जो अपने जीवन में पहली बार रोजा रख रहे हैं। दिन भर रोजे की हालत में रहने के बाद वे इफ़्तार कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला नसीब खां मंडी निवासी शाने मोहम्मद उर्फ शानू के 6 वर्षीय पुत्र कक्षा यूकेजी में पढ़ने वाले सारिम ने आज अपने माता, पिता, दादा, दादी के साथ रमजान का पहला रोजा रखा जिस पर सारिम के चाचा मोहम्मद उस्मान ने दुआ पढ़ाकर बच्चे को इफ़्तार कराया। इस अवसर पर आयोजित इफ़्तार पार्टी में शामिल लोगों ने बच्चे का हौसला बढ़ाया और उनके माता पिता को मुबारक बाद पेश की।

### तीन अप्रैल को लखनऊ कूच करेंगे मनरेगा कर्मी

**जफरबाद।** सिरकोनी ब्लाक खंड कार्यालय में शुक्रवार को मनरेगा कर्मचारियों की एक बैठक की गई जिसमें 3 अप्रैल को लखनऊ के इको गार्डन में वादा निभाओ रैली का आयोजन मनरेगा कर्मचारी संघ द्वारा किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार राज द्वारा बताया गया कि सरकार ने जो मनरेगा कर्मचारियों से जो वादा किया था उसको पूरा नहीं किया गया। हम लोगों के साथ हमारे भविष्य के साथ भी धोखा कर रही है सरकार। जितना भी वादा सरकार द्वारा किया गया सब हवा में है। मनरेगा कर्मचारियों से कहा कि सरकार बनने के बाद सभी मनरेगा कर्मचारियों को नियमित कर देगी लेकिन सरकार बनने के बाद भी मनरेगा कर्मचारियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। इस मौके पर संदीप सिंह उर्मिला यादव, राजधर, पंकज, योगेश चंद्र यादव, अजय कुमार आनंद, संगीता यादव, रवि आदि लोग मौजूद थे।

### गुह्यराज निषाद जयंती समारोह संपन्न

**सिकरारा।** स्थानीय क्षेत्र के खाना पट्टी के गायघाट स्थित गुह्यराज निषाद के स्थल पर जन्म जयंती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव राम राज निषाद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि निषादराज और भगवान राम एक दूसरे के घनिष्ठ मित्र थे जो एक रामराज्य की परिकल्पना स्थापित की करते हैं और हमारे पूर्वज हैं जिसका प्रमाण प्रयागराज के श्रीमाधोपुर में मिलता है। इस मौके पर मुख्य वक्ता राम चंद्र निषाद, जिलाध्यक्ष अमरनाथ निषाद, विष्णु प्रसाद निषाद, गीता निषाद, उषा निषाद, अजय निषाद, अरविंद निषाद, अमरजीत बिंद, दशरथ बिंद आदि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक रामचरित्र निषाद ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### ब्राह्मण धर्मशाला के लिए भूमिपूजन किया

**जलालपुर।** क्षेत्र के एतिहासिक शिव मंदिर त्रिलोचन महादेव के पास जेडीएस ग्रुप के चेयरमैन संजीव उपाध्याय द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। करीब 50 लाख की लागत से इस धर्मशाला का भव्य निर्माण होगा। धर्मशाला का निर्माण करने का संकल्प संजीव उपाध्याय ने अपने पिता ओमप्रकाश उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर लिया था। इस संकल्प को पूरा करने के पहले चरण के तहत शुक्रवार को पंडित गोपीनाथ उपाध्याय की अगुवाई में विद्वान पंडितों की टोली ने भूमिपूजन कराया। इस अवसर पर जगदीश उपाध्याय 'गुड्डू', उदयराज मिश्र, प्रदीप पाठक, कैलाश पाठक सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत


पुरस्कृत हुए मेधावी बच्चे

**गौराबादशाहपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को परीक्षा अंकपत्र वितरण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डा. लल्लन सिंह एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्त तथा विद्यालय के प्रबंधक उमेश सिंह ने विद्यालय के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया। अपने संबोधन में डा. लल्लन सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से शिक्षा के साथ विद्यालय के बच्चों के अंदर अनुशासन एवं संस्कार दिया जा रहा है। वह बहुत ही प्रशंसनीय है। इसके लिए विद्यालय परिवार धन्यवाद का पात्र है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश ने अतिथियों का परिचय कराते हुए परीक्षा फल की घोषणा किया। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख जगदीश एवं राजेश ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि आगामी सत्र का शिक्षण कार्य 5 अप्रैल से प्रारंभ होगा।

## संक्षेप

### विधायक के हाथों मिला अंक पत्र, खुशी से झूम उठे बच्चे


अंक पत्र और पुरस्कार के साथ बैठे बच्चे पीछे खड़े विधायक जाहिद बेग व अन्य

**भदोही।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय नई बाजार में शुक्रवार को अंक पत्र एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक जाहिद बेग द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू हुई। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं में प्रगति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। अंक पत्र पाकर सभी बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से विधायक जाहिद बेग ने पुरस्कृत किया। इस दौरान श्री बेग परीक्षा में सफल रहे सभी छात्र-छात्राओं को बधाई तथा नए सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह नए सत्र में खूब बन लगाकर पढ़ें और पूर्व की परीक्षा से भी बेहतर करने का प्रयास करें। ताकि वह भी अगले वर्ष पुरस्कृत किए जा सकें। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन विजय सोनकर व पूर्व सभासद विमल गुप्ता, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी व प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष धीरज सिंह ने भी बच्चों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के सहायक अध्यापक आभा जायसवाल, शशि यादव, संजय कुमार यादव, उर्मिला गुप्ता, अपराजिता गुप्ता, सविता देवी एवं अनुदेशक सुषमा सरोज के अतिरिक्त काफी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहें। अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका फरखंडा राशिद खान ने सभी के प्रति आभार जताया।

### अतुल कुमार सिंह चकवा सहकारी संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**गोपीगंज।** चकवा सहकारी संघ के चुनाव में शुक्रवार को अतुल सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। शुक्रवार को गोपीगंज नगर के क्रय विक्रय सहकारी समिति में सकुशल सभी पदों के लिए निर्वाचन कराया गया। जिसमें चकवा सहकारी संघ का अध्यक्ष अतुल सिंह और उपाध्यक्ष गौरव सिंह को चुना गया। निर्वाचित घोषित होने के बाद जोगिनका गांव निवासी अतुल सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दायित्व मुझे मिला है, इस पर निष्पक्ष रूप से कार्य करूंगा। बता दें कि शुक्रवार को दिन में 12 बजे तक नामांकन का समय दिया गया था, समय बीत जाने के बाद निर्धारित समय तक किसी प्रत्याशी के ना आने पर उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। अतुल कुमार सिंह के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं में खुशी व्याप्त रही। लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नंद सिंह, श्रवण कुमार सिंह, भुवाल सिंह, नीलू सिंह, सचिन सिंह, रोहित सिंह सहित भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे। चुनाव को संपन्न कराने में निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार मौर्य, सचिव बाल मुकुंद सिंह रहे।

### कोषागार का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**भदोही।** वित्तीय सत्र-2022-23 समाप्ति के अन्तिम दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कोषागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में विभिन्न रजिस्टर, बक्सा, लॉकर, आय-व्यय सम्बन्धित दस्तावेज सहित अन्य आवश्यक डाक्यूमेन्टों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मुख्य कोषाधिकारी धमेन्द्रपति त्रिपाठी से वित्तीय वर्ष से सम्बन्धित जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी विभागों व अन्य मदों में आहरण वितरण सम्बन्धी वित्तीय कार्य कुशलता के साथ पूर्ण हुए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र, सहित कोषागार कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# आरक्षण सूची जारी होते ही चढ़ा सियासी पारा

चुनाव

**सपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनीता विकास यादव ने पेश की दावेदारी**

**बीजेपी से निवर्तमान चेयरमैन के पुत्रवधु का नाम आया सामने**

शाहनवाज खान


पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनीता यादव


आरती जायसवाल

**भदोही।** नगर निकाय चुनाव के लिए गुरुवार की शाम प्रदेश शासन द्वारा जारी की गई आरक्षण सूची आने के बाद भदोही में सियासी सरगर्मी बढ़ गई हैं।गली, मोहल्ले व चौराहों पर चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। नगर पालिका परिषद भदोही का अध्यक्ष पद पिछड़ी जाति की महिला के लिए आरक्षित हुआ हैं। पिछले वर्ष के चुनाव में भाजपा के अशोक जायसवाल ने सपा के हसनैन अंसारी को हराकर इस सीट पर काबिज हुए थे। आरक्षण की घोषणा से कई चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं कईयों के उम्मीदों पर आरक्षण ने पानी भी फेर दिया।

सोशल मीडिया पर आरक्षण के हिसाब से संभावित प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। भावी प्रत्याशी व उनके समर्थकों ने सियासी गोटी सेट करने का प्रयास करना शुरू कर दिया है, हालांकि राजनीतिक पार्टी द्वारा अभी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है फिर भी भावी प्रत्याशी अपना प्रचार प्रसार करना शुरू कर दिए हैं। समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी पूर्व ब्लाक प्रमुख, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुनीता विकास यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव मैदान में उतरने का संकेत दिया है। नगर पालिका परिषद भदोही के चुनाव में सपा प्रत्याशी के रूप में सुनीता का नाम आने के बाद चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। राजनीतिक जानकारों की माने तो समाजवादी पार्टी में सुनीता यादव से मजबूत कोई उम्मीदवार नही हो सकता, सुनीता ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं। सुनीता के पास लोगों को एक साथ लेकर चलने, चुनाव जीतने का अनुभव व बेहतरीन तजुर्बा हैं, उनके पति बाल विद्या विकास यादव भदोही के ब्लाक प्रमुख और सपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं व कुशल अधिवक्ता भी हैं। समाजवादी पार्टी यदि सुनीता यादव को उम्मीदवार बनाती हैं तो नगर के बढ़े हुए वार्डों के आबादी से जातीय समीकरण एम वाई फैक्टर के मुताबिक मुस्लिम समाज के बराबर अन्य आबादी होने की वजह से सबसे मजबूत दावेदार होंगी।

निवर्तमान चेयरमैन अशोक जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रहे हैं उनके समर्थकों की माने तो वह भारतीय जनता पार्टी की पहली पसंद बने हुए हैं, हालांकि पिछड़े वर्ग की महिला के लिए सीट आरक्षित होने की वजह से वह चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, किंतु उनकी पुत्र वधू आरती जायसवाल की दावेदारी तय मानी जा रही है। भाजपा कार्यकताओं का मानना है कि अशोक कुमार जायसवाल ने काफी विकास का काम किया है। संगठन के लिए भी काम कर रहे हैं और ये भाजपा के सभी बड़े नेताओं के चहेते माने जाते हैं।

# रुपयों की ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश

सफलता

**थाना औराई, चौरी व साइबर सेल की टीम ने तीन को दबोचा**

**प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी ने किया मामलें का खुलासा**

जनसंदेश न्यूज


ठगी करने वाले पकड़े गए गिरोह के सदस्यों को मीडिया के सामने पेश करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** थाना चौरी, औराई व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कूट रचित दस्तावेज तैयार कर पैसों की ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के पास से 38000 रुपये नकद तथा फिंगरप्रिंट क्लोन बनाने वाला उपकरण बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने के साथ उनका अन्य अपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। जनपद के औराई व चौरी थाना में लगातार ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। ठगी के शिकार हुए सूरन गांव निवासी गोविंद लाल मौर्य ने थाने में नब्बे हजार की ठगी करने का मामला दर्ज कराया था। थाना पुलिस व साइबर सेल की टीम ने आज कूट रचित दस्तावेज तैयार कर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके पास से अड़तीस हजार रुपये नकद, प्रिंटर, स्केनर, डिवाइस समेत अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार निवासी सवरपुर ने बताया कि वह ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता है और ग्राहक सेवा केंद्र पर पैसा निकालने व केवाईसी आधार अपडेट कराने के लिए आने वाले ग्राहकों का गलत तरीके से फिंगरप्रिंट व आधार विवरण लेकर जौनपुर निवासी गिरोह के दो अन्य सदस्यों अखिलेश मौर्य और हिरदेश कुमार कसेरा को भेजता है। अखिलेश की जौनपुर में मोहर बनाने की दुकान है, जहां से इनके द्वारा फिंगरप्रिंट का क्लोन किया जाता है और फिंगरप्रिंट क्लोन का उपयोग कर पवन अपने ग्राहक सेवा केंद्र से पैसे निकाल कर आपस में बांट लेता था।

# शीतला माता मंदिर भंडारे में हजारों ने किया प्रसाद ग्रहण

जनसंदेश न्यूज


शीतला माता मंदिर भंडारे में प्रसाद वितरित करते निवर्तमान पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल व अन्य

**भदोही।** चैत्र नवरात्र समापन के बाद नगर के कटरा बाजार स्थित ऐतिहासिक शीतला माता मंदिर पर शुक्रवार को प्रत्येक वर्ष की भांति विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर से ही भंडारे में भक्त प्रसाद ग्रहण करना आरंभ कर दिए जो देर रात तक जारी रहा। देर रात तक हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

श्री मां शीतला सेवा एवं सुरक्षा समिति के व्यवस्थापक नवर्तमान पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल के द्वारा मां शीतला का श्रृंगार एवं 11 कन्याओं की पूजा अर्चना के बाद भोजन कराकर भंडारे का आरंभ किया गया। दोपहर में चार बजे के बाद से भंडारे में भारी तादात में श्रद्धालु पहुंचना आरंभ हुए। जिसका क्रम देर रात तक चलता रहा। बतातें चलें की मंदिर के महात्म के चलते जनपद के साथ ही पड़ोसी जनपद के लोग भी भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित करते हैं। इस दौरान भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। समिति द्वारा इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा था। इस मौके पर विनीत बरनवाल, अजय सिंह, कमलेश उमर वैश्य, प्रदीप गुप्ता, विकास बरनवाल, आशीष जायसवाल, प्रदीप माली, दिलीप जायसवाल, करुणाशंकर दुबे, अमित जायसवाल, प्रभु सेठ, बुद्धू गुप्ता, जितेंद कुमार सफाई नायक, भरत जायसवाल, विपुल बरनवाल के साथ ही सभी देवी भक्त मौजूद रहे।

# संकट कटै-मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा






राधेश्याम कमल

वाराणसी। अष्ट सिद्धि नौ निधि के दाता। अस बर दीन जानकी माता। माता अंजनी के पुत्र भगवान हनुमान का जन्म महोत्सव वर्ष में दो बार मनाने की पौराणिक मान्यता है। प्रथम चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि तथा द्वितीय कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन मनाया जाता है। हनुमत जन्मोत्सव पर श्रीहनुमान की भक्ति भाव, श्रद्धा व आस्था के साथ पूजा-अर्चना करने का विधान है। इस बार हनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व छह अप्रैल गुरुवार को हर्षोल्लास के मनाया जायेगा। इस दिन पूर्ण श्रद्धा, आस्था व विश्वास के साथ व्रत-उपवास रख कर हनुमानजी की पूजा-आराधना करने से जीवन में वैभव, सुख, समृद्धि, खुशहाली का सुयोग बनता है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के अनुसार इस बार चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि बुधवार 5 अप्रैल को प्रातः 9.20 मिनट पर लगेगी। जो कि गुरुवार 6 अप्रैल को प्रातः 10.05 मिनट तक रहेगी। पूर्णिमा तिथि के दिन हस्त नक्षत्र का सुयोग बनेगा। व्रत की पूर्णिमा का अनुष्ठान बुधवार 5 अप्रैल को एवं स्नान-दान की पूर्णिमा गुरुवार 6 अप्रैल को होगा। चित्रा नक्षत्र युक्त चैत्र पूर्णिमा की विशेष महिमा है।

**हनुमत आराधना से होती है सभी मनोकामना पूरी**

**आराधना करने से जीवन में वैभव, सुख, समृद्धि खुशहाली का सुयोग**

**पवनपुत्र हनुमान का जन्मोत्सव छह अप्रैल को मनेगा**

## हनुमानजी के प्रमुख मंदिर

काशी में वैसे तो हर गली और मुहल्ले में हनुमानजी का मंदिर स्थापित है। यहां पर गोस्वामी तुलसीदास ने शहर के लगभग एक दर्जन स्थानों पर हनुमानजी की मूर्ति स्थापित की है। इनमें हनुमानफाटक, प्रहलादघाट, नीचीबाग आदि हैं। यहां पर प्रमुख हनुमान मंदिरों में संकटमोचन मंदिर, बनकटी हनुमान (दुर्गाकुंड) दक्षिणमुखी हनुमान (सामनेघाट) दु:ख हरण हनुमान मंदिर सोनारपुरा, त्रिपुरा भैरवी, मैदागिन पातालेश्वर महुमान, पिपलानी कटरा, मीरघाट, अवधगर्वी, लक्सा पंचमुखी हनुमान, पांडेयपुर आदि कई मंदिर हैं।

## इस बार हनुमान के रथ पर होगी 75 फुट की ध्वजा

**बीएचयू गेट से संकटमोचन मंदिर तक लगेगा रेला, हजारों लोग ध्वज लेकर चलेंगे**

**भिखारीपुर तिराहे से 2005 से निकल रही है शोभायात्रा**

**वाराणसी।** भिखारीपुर तिराहे से हर साल हनुमान जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा में इस बार विशाल रथ पर हनुमानजी के साथ 75 फुट का ध्वजा रहेगा। इस शोभायात्रा में वैसे तो हजारों की भीड़ जुटती है और इसमें हर किसी के हाथों में हनुमानजी का ध्वजा रहता है। इस शोभायात्रा के संयोजक रामबलि मौर्य बताते हैं कि इसकी शुरुआत 2005 में सिर्फ तीन लोगों से की गई थी। इसमें रामबलि मौर्य, उनके भाई अजय मौर्य व सुरेश थे। उस समय चार हजार की भीड़ हुई थी। यह शोभायात्रा भिखारीपुर तिराहे से प्रारंभ होकर बीएचयू गेट होती हुई संकटमोचन मंदिर पहुंचती है। इसमें विशाल रथ पर हनुमानजी की प्रतिमा रहती है। इसके आगे व पीछे हजारों की संख्या में पुरुष-महिलाएं व बच्चे हनुमान ध्वजा लेकर चलते हैं। वर्तमान में इसमें चार सौ सदस्य हैं। शोभायात्रा में लगभग डेढ़ दर्जन ग्रामीण इलाकों से शोभायात्रा आकर शामिल होती है। इसके अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली व बिहार से भारी संख्या में भक्त इसमें शामिल होने के लिए आते हैं। वे बताते हैं कि वर्ष 2016 में इस शोभायात्रा में लगभग 70 हजार की भीड़ जुटी थी। कोरोना काल में दो साल तक प्रतीकात्मक पूजा की गई थी। इस बार हनुमान के 75 फुट के विशाल रथ पर 75 फुट का ध्वजा रहेगा। इसके साथ ही कई तरह की झांकियां भी रहेगी। विशाल रथ पर श्रद्धालुजन भजन कीर्तन करते हुए चलते हैं। संकटमोचन मंदिर में इस दिन 2100 किलो बेसन का लड्डू अर्पित किया जाता है। इसके साथ ही हजारों लाल ध्वज भी चढ़ाये जाते हैं।

## भगवान शिव के ग्यारहवें अंश के रूद्रावतार माने गये हैं हनुमान

श्री हनुमानजी के विराट स्वरूप में इन्द्रदेव, सूर्यदेव, यमदेव, ब्रह्मदेव, विश्वकर्मा भगवान एवं ब्रह्मा की शक्ति समाहित है। शिवमहापुराण के अनुसार पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि व यजमान ये आठ रूप शिवजी के प्रत्यक्ष रूप बताये गये हैं। हनुमानजी ब्रह्म स्वरूप भगवान शिव के ग्यारहवें अंश के रूद्रावतार माने गये हैं। हनुमानजी को अमरतत्व का वरदान प्राप्त है। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक एकाक्षर कोष के मतानुसार हनुमान शब्द का अर्थ है- ह-शब्द का अर्थ है शिव, आनंद, आकाश एवं जल। नु शब्द का अर्थ है-पूजन और प्रशंसा। मा शब्द का अर्थ है श्रीलक्ष्मी और श्रीविष्णु। न शब्द का अर्थ है बल और वीरता। भक्त शिरोमणि श्री हनुमान की अखण्ड जितेंद्रियता, अतुलित बलधामता, ज्ञानियों में अग्रणी आदि अलौकिक गुणों से सम्पन्न होने के कारण वह देवकोटि में माने गये हैं। हनुमानजी को अपना रूप से बड़ा रूप तथा छोटे से छोटा रूप करने की महासिद्धि प्राप्त है। ऐसा माना जाता है कि श्रीहनुमान आकाश यान से भी तेज गति से उड़ने की क्षमता रखते हैं।

## विशेष अनुकंपा प्राप्ति के लिए ॐ श्री हनुमते नमः का जप करें

भगवान श्री हनुमान की विशेष अनुकंपा की प्राप्ति के लिए ॐ श्री हनुमते नमः मंत्र का जप तथा रात्रि जागरण करना चाहिए। उनकी महिमा में विभिन्न स्तुतियां, श्री हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, श्री हनुमत सहस्त्रनाम, श्रीहनुमत वडवानल स्त्रोत तथा श्रीरामचारित मानस पाठ करना शुभफलकारी माना गया है। साथ ही हनुमानजी से संबंधितमंत्रों का जप करना लाभकारी रहता है। इस दिन व्रत रख कर भगवान श्रीहनुमान की विशेष कृपा प्राप्त की जा सकती है। प्रातःकाल ब्रह्म मुहुर्त में अपने दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करके व्रत का संकल्प लेना चाहिए। हनुमानजी के विग्रह को चमेली के तेल या शुद्ध देशी घी व सिंदूर से शृंगारित करके विभिन्नपुष्पों व तुलसी दल की माला से सुशोभित करना चाहिए। हनुमानजी को चोला चढ़ा कर उनको नैवेद्य में बेसन व बूंदी का लड्डू, पेड़ाव मिष्ठान्न तथा भींगा हुआ चना, गुड़ व नारियल व ऋतुफल आदि अर्पित कर धूप-दीप आदि से आरती करनी चाहिए।

## शनि ग्रह अनुकूल न हों तो करें पूजा

जिनकी जन्म कुंडली में शनि ग्रह की दशा, महादशा अथवा अन्तर्दशा का प्रभाव हो तथा शनिग्रह की अढ़ैया या साढ़े साती का प्रभाव हो उन्हें हनुमानजी की विशेष पूजा अर्चना करनी चाहिए।आज के दिन व्रत रखने से भगवान हनुमान की विशेष कृपा मिलती है। साथ ही सर्व संकटों का निवारण होता है। जैसा कि हनुमान चालीसा में वर्णित है- संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा। ऐसी मान्यता है कि हनुमानजी अपने भक्तों को शुभ मंगल कल्याण का आशीर्वाद देते हैं। जिससे उनके जीवन में सुख-समृद्धि का सुयोग बना रहता है।

# अमेरिका के दिल का दाग है वियतनाम में हार



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका निर्विवाद के दुनिया की सबसे प्रमुख आर्थिक ताकत बन गया था और अपनी सेना को भी उतना ही ताकतवर मानने लगा था। फिर भी करीब आठ साल की लड़ाई में अकूत धन और सैनिक संसाधन झोंकने के बावजूद अमेरिका को उत्तरी वियतनाम की सेना और उनके गुरिल्ला सहयोगियों, वियतकांग, से मुंह की खानी पड़ी। अमेरिकी सैनिकों के 29 मार्च 1973 को हुई वापसी की 50वीं वर्षगांठ पर जानने की कोशिश करते हैं कि क्यों ऐसा हुआ। इस दौर में शीत युद्ध चरम पर था और साम्यवादी और पूंजीवादी विश्व शक्तियाँ एक-दूसरे के खिलाफ आमने-सामने थीं। द्वितीय विश्व युद्ध की वजह से फ्रांस

**29 मार्च की यादें**

**आखिर क्यों पराजित हुआ दुनिया का सबसे ताकतवर देश**

**आठ साल तक अनवरत जंग के बाद घुटने टेके थे अमेरिका ने**

लगभग दिवालिया हो गया था और इंडोचाइना क्षेत्र में अपने उपनिवेश को बचा नहीं सका और एक शांति सम्मेलन में वियतनाम का विभाजन हो गया- उत्तर में एक साम्यवादी और दक्षिण में अमेरिकी समर्थित सरकार।

लेकिन फ्रांसीसियों की हार से वियतनाम में संघर्ष समाप्त नहीं हुआ। पूरा वियतनाम और आस पड़ोस के देश ही साम्यवादी न हो जाएं इस डर ने संघर्ष को जारी रखा और इसी डर से अमेरिका एक ऐसे युद्ध में खिंचा चला गया जो एक दशक तक चला और लाखों लोगों की जान गई। सवाल ये उठता है कि दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति ने कैसे विद्रोहियों और जल्द बने गरीब दक्षिणपूर्व एशियाई देश के सामने घुटने टेक दिए?

जानकारों का मानना है कि दुनिया के दूसरे छोर पर युद्ध लड़ना निश्चित तौर पर एक बहुत बड़ी कार्य योजना थी। युद्ध के चरम पर अमेरिका के वियतनाम में 5 लाख से ज्यादा सैनिक थे।

इस युद्ध का खर्च हैरतअंगेज था। 2008 में अमेरिकी कांग्रेस की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि युद्ध पर कुल 686 अरब डॉलर खर्च हुआ था, जो आज के वक़्त 950 अरब डॉलर से ज्यादा है। लेकिन इससे पहले अमेरिका ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान इससे चार गुना से ज्यादा खर्च किया और जीता। उसने ठीक पहले कोरिया जैसे दूरस्थ देश में लड़ाई की थी, इसलिए उसके आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं थी।

कहा जाता है कि युद्ध के शुरूआती सालों में आशावादिता की सामान्य भावना थी। कई चीजों में ये भी एक अजीब चीज थी जो पूरे वियतनाम युद्ध के दौरान बनी रही। अमेरिका कई समस्याओं से पूरी तरह वाकिफ था। इस बारे में काफी आशंका थी कि क्या अमेरिकी सेना इस माहौल में काम कर सकती है और फिर भी 1968 तक अमेरिकी सरकार को भरोसा था कि अंत में जीत उसी की होगी। लेकिन जल्द ही उसे पता चल गया कि उसका पैर फंस चुका है। जनवरी 1968 में कम्युनिस्ट टेट के आक्रमण ने काफी क्षति पहुंचाई और अंततः युद्ध के खर्च के लिए कांग्रेस के समर्थन की कमी ने 1973 में अमेरिकी सैनिकों को वापस लेने के लिए विवश कर दिया। सवाल यह उठता है कि क्या अमेरिकी लड़ाकू सैनिकों को वियतनाम में होना चाहिए था। वियतनाम के घने जंगल अमेरिकी सेना के लिए एक मुश्किल थे।

### अमेरिका घर में ही युद्ध हार गया

इस संघर्ष को अक्सर पहला टेलीविजन युद्ध कहा जाता है और इस युद्ध के दौरान मीडिया कवरेज अभूतपूर्व थी। यूएस नेशनल आर्काइव्स का अनुमान है कि 1966 तक 93% अमेरिकी परिवारों के पास टीवी सेट थे और वे जो फुटेज देख रहे थे वो कम सेंसर किए गए होते थे और पिछले संघर्षों की तुलना में ज्यादा तत्काल था। यही कारण है कि पतझड़ के दौरान साइगॉन पर हमले में अमेरिकी दूतावास परिसर के आसपास लड़ाई के फुटेज इतने शक्तिशाली थे। दर्शकों ने बहुत निकट और रियल टाइम में देखा कि वियतकांग लड़ाकों ने संघर्ष को दक्षिणी सरकार के सीधे घर में और साथ ही अमेरिकी जनता के बेडरूम में ला दिया। लेकिन 1968 के बाद टीवी कवरेज आम तौर पर तक युद्ध के लिए प्रतिकूल हो गया। अखबारों में और टीवी पर निर्दोष नागरिकों के मारे जाने, घायल होने और टॉर्चर की तस्वीरें दिखाई जाती थीं। लोग जंग के खिलाफ होने लगे थे। चार मई 1970 को एक विरोध प्रदर्शन में ओहायो में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे केंट स्टेट यूनिवर्सिटी के चार छात्रों को नेशनल गार्ड्समैन ने गोली मार दी थी। केंट सरकारी नरसंहार ने और अधिक लोगों को युद्ध के खिलाफ खड़ा कर दिया।

नवयुकों की अलोकप्रिय भर्ती ने भी जनता के मनोबल पर बहुत असर किया, साथ ही वियतनाम से अमेरिकी सैनिकों के ताबूतों की तस्वीरों ने भी यही काम किया। इस युद्ध में 58,000 अमेरिकी मारे गए या लापता हो गये। ये एक बेहद क्रूर संघर्ष था जिसमें अमेरिका ने कई भयानक हथियारों का इस्तेमाल किया था। इनमें नापाम और एजेंट ऑरेंज का प्रयोग शामिल है। नापलम एक ज्वलनशील पेट्रोकैमिकल पदार्थ होता है जो 2700 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर जलता है और किसी भी चीज के संपर्क में आने पर उससे चिपक जाता है। वहीं, एजेंट ऑरेंज एक ऐसा रसायन था जिसका इस्तेमाल जंगलों को नष्ट करने में किया गया। लेकिन इसने वियतनामी खेतों में खड़ी फसल भी नष्ट कर दी जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ा। अमेरिकी रक्षा विभाग के साथ-साथ अमेरिकी सेना से जुड़े थिंक टैंक रैंड कॉरपोरेशन ने इन अध्ययनों के जरिए ये समझना चाहा कि उत्तरी वियतनामी लोगों और वियत कॉन्ग के लोगों ने संघर्ष क्यों किया। वे सभी इस नतीजे पर पहुंचे कि इन लोगों (उत्तरी वियतनामी) को लगा कि वह जो काम कर रहे हैं, वह देशभक्ति है। सरल शब्दों में कहें तो देश का एक सरकार के अंतर्गत एकीकरण किया जाना।

अमेरिका के पांच लाख सैनिकों की मौजूदगी इस बात को रेखांकित करती थी कि दक्षिण वियतनामी सरकार हर तरह से विदेशियों पर निर्भर है। दक्षिण वियतनाम कभी भी ऐसा राजनीतिक सपना नहीं था जिसकी खातिर लड़ने के लिए ज्यादा लोगों को तैयार किया जा सके। ये बात एक प्रश्न खड़ा करती है कि क्या अमेरिकी सैनिकों को एक ऐसी सरकार खड़ी करने के लिए भेजा जाना चाहिए था जिसमें भ्रष्टाचार चरम पर था।

## अमेरिकी सेना ऐसी लड़ाई के लिए ट्रेंड नहीं थी

हॉलीवुड फिल्में अक्सर युवा अमेरिकी सैनिकों को जंगल के वातावरण में संघर्ष करते हुए दिखाती हैं, जबकि वियतकांग के विद्रोही औचक हमले के लिए घनी झाड़ियों में चतुराई से रास्ता ढूंढ लेते हैं। किसी भी विशाल सेना को ऐसे वातावरण में लड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिसमें अमेरिकी सैनिकों को लड़ने के लिए कहा जा रहा था। ये ऐसी जगह थी, जैसे दक्षिण पूर्व एशिया में कहीं भी आपको सबसे घने जंगल मिलते हैं।एक मिथक ये है कि जिन हालात के लिए उत्तर वियतनामी सेना और वियतकांग के लड़ाके आदी थे वैसे माहौल से अमेरिकी सेना निपट नहीं सकती थी, ये वास्तव में यह सच नहीं है। यह ज्यादा महत्वपूर्ण बात थी है कि विद्रोही अपनी लड़ाई का समय और जगह चुन सकते थे और वे लाओस और कंबोडिया में सीमा पार पीछे हटने में सक्षम थे। जहां पीछा करने वाली अमेरिकी सेना को जाने की इजाजत नहीं थी। अमेरिकियों का ध्यान वियतकांग गुरिल्लाओं से लड़ने पर अधिक था, जिसके कारण हार हुई।

# पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप क्या होंगे अरेस्ट



**तय होगा आरोप**

**पोर्न स्टार मामले में बढ़ा संकट, मंगलवार को औपचारिक तौर पर आरोप होंगे तय**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर साल 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले एक पोर्न स्टार को भुगतान किए जाने के मामले में औपचारिक रूप से आरोप तय किए जाएंगे। हालांकि इस मामले से जुड़ी सभी जानकारियां अब तक सामने नहीं आई हैं। अमेरिकी के उपनगर मैनहटन की ग्रैंड ज्यूरी पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को 1.30 लाख डॉलर दिए जाने के मामले की जांच के बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ आरोप तय किए जाने पर सहमत हो गई है। ग्रैंड ज्यूरी वो है, जो अमेरिकी नागरिकों के उस समूह से है जिसके सदस्य किसी व्यक्ति के खिलाफ लगाए गए आरोपों के आधार की जांच करते हैं। इस जांच में ये तय किया जाता है कि संबंधित शख़्स के खिलाफ औपचारिक रूप से कानूनी तौर आरोप लगाए जाने लायक सबूत उपलब्ध हैं या नहीं। जांच के बाद ज्यूरी मतदान करती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के मामले में ग्रैंड ज्यूरी इस बात पर राजी हुई है कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को औपचारिक रूप दिया जाना चाहिए।

### अदालत में पेश हो सकते हैं ट्रंप

अमेरिका के इतिहास में डोनाल्ड ट्रंप ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिनके खिलाफ औपचारिक रूप से मुकदमा चलाए जाने की नौबत आई है। अब तक किसी मौजूदा राष्ट्रपति के खिलाफ भी इस तरह का मामला सामने नहीं आया है। इस मामले की जांच से जुड़े मैनहटन ज़िले के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन ब्रैग के दफ़्तर ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए बताया है कि उन्होंने ट्रंप के अटॉर्नी से उनके पेश होने को लेकर बात की है। ट्रंप की वकील सूजन नेशैल्स ने समाचार एजेंसी को भेजे ईमेल में इस बात की पुष्टि की है कि उनके क्लाइंट डोनल्ड ट्रंप मंगलवार को अदालत पहुंच सकते हैं। अदालत में दस-पंद्रह मिनट लंबी सुनवाई में उन्हें उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों की जानकारी दी जाएगी। पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगे सीक्रेट सर्विस के सुरक्षाकर्मी इस दौरान उनकी हिफाजत करेंगे। न्यूयॉर्क प्रांत की मैनहटन पुलिस को मंगलवार को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर ट्रंप समर्थकों की ओर से विरोध प्रदर्शन किए जाने की आशंका है। ट्रंप के अदालत पहुंचने के बाद औपचारिक प्रक्रिया के तहत उनके फिंगर प्रिंट लिए जा सकते हैं। इसके साथ ही उनके चेहरे की तस्वीर ली जाएगी जिसे मग शॉट कहा जाता है। अमेरिकी इतिहास में ये पहली बार होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाला शख़्स इस प्रक्रिया से होकर गुजरेगा। ये सब होने के साथ ही इस मामले की सुनवाई करने वाले जज आदि का नाम सामने आएगा। इसके साथ ही ये भी पता चलेगा कि इस मामले के चलते ट्रंप पर किसी तरह के यात्रा प्रतिबंध लगाए जाएंगे या नहीं। इस मामले में अगर ट्रंप दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें अधिकतम चार सालों की सजा मिल सकती है। हालांकि, कई कानून विशेषज्ञों का मानना है कि इस मामले में उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

## आखिर क्या है मामला?

इस मामले की शुरूआत जुलाई, 2006 में हुई थी तब तक ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की दिशा में गंभीर प्रयास शुरू नहीं किए थे। पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स (असली नाम स्टेफनी क्लिफर्ड) के दावे के मुताबिक, ट्रंप से उनकी मुलाकात कैलिफोर्निया और नेवादा के बीच स्थित तोहे झील में होने वाले चैरिटी गोल्फ टूनार्मेंट के दौरान हुई। साल 2011 में 'इन टच वीकली' को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि ट्रंप ने उन्हें डिनर के लिए आमंत्रित किया और वह उनके होटल रूम में मिलने गईं। ये इंटरव्यू साल 2011 में दिया गया था, लेकिन इसे 2018 में जारी किया गया। इस इंटरव्यू में डेनियल्स ने कहा, वे सोफे पर पसरे हुए थे। टेलीविजन देख रहे थे या कुछ कर रहे थे। उन्होंने पायजामा पहन रखा था। डेनियल्स ने दावा किया कि उस रात होटल में दोनों के बीच यौन संबंध बने। हालांकि, ट्रंप के वकील ने कहा है कि उनके क्लाइंट ने इससे पूरी तरह इनकार किया है।

## ट्रंप ने डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी को कहा, बेशर्म

ये खबर आने के बाद डोनल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया नेटवर्क ट्रुथ सोशल पर मैनहटन के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के खिलाफ बयान जारी किया है। उन्होंने प्रॉसीक्यूटर को 'बेशर्म' बताते हुए उन पर अमेरिकी राष्ट्रपति 'जो बाइडन के काले कारनामों' को अंजाम देने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने अपने खिलाफ न्यूयॉर्क में जारी सभी जांच को उनके विपक्षियों की ओर से पॉलिटिकल विचहंट यानी राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाली कार्रवाई करार दिया है। उन्होंने कहा, डेमोक्रेटिक पार्टी पर 'ट्रंप को पकड़ने' की धुन चढ़ी हुई है जिसके लिए उन्होंने झूठ बोलने से लेकर धोखाधड़ी और चोरी करने जैसे काम किए हैं। लेकिन अब उन्होंने एक ऐसा काम कर दिया है जिसके बारे में सोचा भी नहीं जा सकता था। उन्होंने सरेआम चुनाव में हस्तक्षेप करते हुए एक पूरी तरह से बेगुनाह शख़्स पर आरोप लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य एल्विन ब्रैग इस समय न्यू यॉर्क के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी हैं। उन्होंने ट्रंप के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने से इनकार किया है।इस महीने की शुरूआत में उन्होंने ट्वीट करके बताया था, हम अपने न्यायिक क्षेत्र में तथ्यों, कानून और सबूतों के आधार पर मामलों का आकलन करते हैं। ट्रंप की वकील ने एक बयान में कहा है, उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है. हम पुरजोर तरीके से इस राजनीतिक कार्रवाई के खिलाफ अदालत में संघर्ष करेंगे।

## राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी पर संकट?

ये खबरें आने के बाद एक अहम सवाल उठाया जा रहा है कि क्या इस मामले से ट्रंप की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी पर असर पड़ेगा। ट्रंप फिलहाल उन नेताओं में सबसे आगे चल रहे हैं जिन्हें रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी मिलने की संभावना है। अमेरिकी कानून के मुताबिक, अगर ट्रंप को इस मामले में सजा या जुर्माना भी हो जाता है तब भी उनके राजनीतिक भविष्य पर इसका असर नहीं पड़ेगा। अमेरिकी कानून में ये प्रावधान है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बनने वाला शख़्स जेल में रहते हुए भी राष्ट्रपति पद की ज़िम्मेदारियों का निर्वहन कर सकता है।